पौष शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080
लखनऊ, शुक्रवार, 19 जनवरी 2024
वर्ष 33, अंक 349, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

दक्षिण-उत्तर के बीच पुल है भारत: ईरानी 16
टुर्नाई रैमडैम महोत्सव में दिखाई जाएगी स्टोलन 15

पाकिस्तान ने किया ईरान में आतंकी ठिकानों पर हमला

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने ईरान की ओर से उसके (पाकिस्तान) हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के 48 घंटे से भी कम समय में गुरुवार को उसके (ईरान) के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। पाकिस्तान की सेना की मीडिया मामलों की शाखा के बयान के अनुसार, जिन ठिकानों पर हमला किया गया, उनका इस्तेमाल बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) जैसे आतंकवादी संगठन करते थे।

जवाबी कार्रवाई

▸▸ हमले में 9 लोगों की मौत जिसमें 3 महिलाएं और 4 बच्चे

हमला 'मार्ग बार सरमाचर' नामक एक खुफिया-आधारित अभियान के तहत किया गया। इस बीच, ईरान की न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सरवन शहर के एक गांव को निशाना बनाकर किए गए हमले में नौ लोग मारे गए जिसमें तीन महिलाएं और चार बच्चे भी शामिल थे। ईरान के गृहमंत्री अहमद वाहिदी ने कहा कि हमले में मारे गए सभी लोग विदेशी नागरिक थे।

गन्ना मूल्य 20 रुपये प्रति कुंतल बढ़ा, सेमी कंडक्टर नीति को मंजूरी

कैबिनेट के फैसले : तीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना का रास्ता भी साफ, सेमी कंडक्टर नीति बनाने वाला देश का चौथा प्रदेश बना यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले गन्ने के लिए राज्य परामर्श मूल्य (एसएपी) 20 रुपये प्रति कुंतल बढ़ा दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को लोक भवन में मंत्रिपरिषद की बैठक के दौरान आठ अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें बहुप्रतीक्षित सेमी कंडक्टर नीति 2024 के साथ ही तीन नए निजी विश्वविद्यालयों के स्थापना का भी रास्ता साफ किया गया। गोरखपुर के मुंडेरा बाजार नगर पंचायत के नाम को बदलकर चौरी चौरा करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई गई है। कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी लोक भवन में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने मीडिया को दी।

चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 के लिए उप्र. के सभी चीनी मिलों (सहकारी क्षेत्र, निगम एवं निजी क्षेत्र) के द्वारा क्रय किए जाने वाले गन्ना का राज्य परामर्शित मूल्य (एसएपी) का निर्धारण किया गया है। गन्ने की अगेती किस्म की कीमत अब 370 रुपये प्रति क्विंटल होगी जबकि सामान्य किस्म का दाम 360 रुपये होगा। अब तक अगेती किस्म का खरीद मूल्य 350 रुपये प्रति क्विंटल और सामान्य किस्म का खरीद मूल्य 340 रुपये प्रति क्विंटल था। उन्होंने कहा कि पिछले छह साल सरकार ने गन्ना मूल्य में 55 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। 2017 में गन्ने की कीमत 315 रुपये प्रति क्विंटल थी।

उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले गन्ने के एसएपी में 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई थी, जिसके बाद संशोधित कीमत बढ़कर 350 रुपये प्रति क्विंटल हो गई।

आगरा, लखनऊ और नोएडा में खुलेंगे निजी विश्वविद्यालय

कैबिनेट ने उप्र. में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों को भी मंजूरी दी है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि निजी क्षेत्र के अंतर्गत जेएसएस विश्वविद्यालय की स्थापना नोएडा में, सरोज विश्वविद्यालय की स्थापना लखनऊ में और शारदा विश्वविद्यालय की स्थापना आगरा में करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। राज्य में पांच सरकारी और पांच निजी विश्वविद्यालय ए डबल प्लस की रैंकिंग के हैं। ए प्लस रैंकिंग के तीन विश्वविद्यालय हैं। वहीं बड़ी संख्या में ए रैंकिंग विश्वविद्यालय भी हैं। योगी सरकार से पहले प्रदेश में मात्र तीन बी प्लस रैंकिंग के ही विश्वविद्यालय मौजूद थे।

सेमी कंडक्टर नीति से होगा प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश

मंत्रिमंडल ने बहुप्रतीक्षित सेमी कंडक्टर नीति 2024 को मंजूरी दे दी। भारत में ये उद्योग अभी शैशव अवस्था में है। अब तक केवल गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु ने इसे लेकर नीति बनाई थी। उप्र. चौथा राज्य है, जहां सेमी कंडक्टर नीति 2024 बनाई है। नीति के पीछे शासन की मंशा बड़े पैमाने पर निवेश राज्य में लाना है। कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि सेमी कंडक्टर निर्माण इकाई लगाने वाले उद्योग समूहों को भारत सरकार की ओर से 80 हजार करोड़ रुपये का फंड दिए जाने की व्यवस्था है। राज्य सरकार इसमें 75 प्रतिशत की भागीदारी करेगी। इसमें लैंड सब्सिडी के रूप में 200 एकड़ तक 75 फीसदी की सब्सिडी मिलेगी। अब तक 13 कंपनियों ने सेमी कंडक्टर निर्माण इकाई लगाने के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है।

आज के अंक के साथ
निःशुल्क
पंचांग 2024
अपना पंचांग आज के अंक के साथ जरूर लें।

एक नजर

यासीन ने 4 वायुसैनिकों पर चलाई थी गोली

जम्मू। जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख यासीन मलिक ने अपना 'फेरन' उठाकर हथियार निकाला और भारतीय वायुसेना कर्मियों के एक समूह पर गोलियां चला दीं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने गुरुवार को सीबीआई की विशेष अदालत के समक्ष यह गवाही दी और बताया कि 25 जनवरी 1990 को श्रीनगर में क्या हुआ था। हमले में वायु सेना के चार कर्मियों की मौत हो गई थी। वायु सेना के पूर्व कर्मी राजवार उमेश्वर सिंह आतंकी हमले में बच गए थे। उन्होंने अदालत कक्ष में मलिक को मुख्य हमलावर बताया। मलिक दिल्ली की तिहाड़ जेल से वीडियो के जरिए अदालती कार्यवाही में शामिल हुआ, जहां वह 2019 से कैद है। श्रीनगर के बाहरी इलाके रावलपुरा में 25 जनवरी, 1990 को हमले में स्क्वाड्रन लीडर रवि खन्ना सहित चार लोगों की मौत हो गई जबकि 40 लोग घायल हो गए थे।

सिंहासन पर विराजमान हुए श्रीराम

विग्रह की आंखों पर बांधी गई पट्टी 22 जनवरी को खोली जाएगी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्रीराम गुरुवार को गर्भगृह में अपने सिंहासन पर विराजमान हो गए। इसी के साथ प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए 16 जनवरी से चल रहे सात दिवसीय अनुष्ठान में तीसरे दिन का अनुष्ठान पूरा हो गया। मुख्य यजमान के रूप में डॉ. अनिल मिश्रा अपनी पत्नी के साथ शामिल रहे। पांच वर्षीय खड़े बाल रूप में श्रीराम के विग्रह की आंखों पर पट्टी बांधी गई है जो 22 जनवरी को खोली जाएगी। खास बात यह है कि गर्भगृह में काम करने के लिए लगाए गए श्रमिकों के मोबाइल भी बाहर ही जमा करवाए जा रहे हैं। जिससे श्रीराम की प्रतिमा की कोई तस्वीर 22 जनवरी से पहले किसी तक न पहुंच सके।

इससे पहले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए चल रहे अनुष्ठान के तीसरे दिन गुरुवार को काशी के प्रसिद्ध विद्वान पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित व उनके सहयोगी आचार्य ने धार्मिक पूजन संपन्न कराया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार

राम मंदिर में अनुष्ठान कराते वैदिक आचार्य। ● अमृत विचार

▸▸ काशी के विद्वान पंडितों ने पूरा कराया तीसरे दिन का अनुष्ठान

अनुष्ठान में गुरुवार दोपहर 1:20 बजे यजमान द्वारा संकल्प लिया गया। उसके बाद गणेशाम्बिका पूजन, वरुण पूजन, चतुर्वेदोक्त पुण्याह वाचन, मातृका पूजन, वसोर्धारा पूजन (सप्त घृत मातृका पूजन), आयुष्य मंत्रजप, नान्दी श्राद्ध, आचार्या दिचऋत्विग्वरण, मधुपर्क पूजन, मण्डप प्रवेश, पृथ्वी-कूर्म- अनन्त- वराह-यज्ञ भूमि-पूजन, दिग्ररक्षण, पञ्चगव्य - प्रोक्षण, मण्डपाङ्ग वास्तु पूजन, वास्तु बलिदान, मण्डप सूत्रवेष्टन, दुग्ध-धारा, जल धाराकरण, षोडशस्तम्भ पूजनादि मण्डपपूजा (तोरण, द्वार, ध्वज, आयुध, पताका, दिक्पाल, द्वारपालादि पूजा), मूर्ति का जलाधिवास, गन्धादिवास, सायंकालिक पूजन और आरती के साथ अनुष्ठान संपन्न हुआ।

अयोध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

लखनऊ। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची है। ललित कला अकादमी की ओर से कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत अयोध्या धाम की प्रमुख दीवारों पर वॉल पेंटिंग कार्यशाला, सरयू नदी के तट पर भगवान राम पर आधारित रेत शिल्प के अलावा राम बाल लीला, कलाकृतियों की प्रदर्शनी, मेंहदी एवं फूलों की वाटिका और फोटोग्राफी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 18 जनवरी से ये शुरू हो चुके हैं।

फूलों से सजाया जा रहा मंदिर परिसर

अयोध्या। प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम मंदिर के उच्च शिखर को भी अस्थायी रूप से तैयार कर दिया गया है। जहां 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विजय पताका फहराएंगे। अयोध्या में बना रहे श्रीराम मंदिर का शिखर बनकर तैयार नहीं है। ऐसे में 22 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर एक अस्थाई शिखर को लकड़ी के स्ट्रक्चर पर कपड़े के माध्यम से ठीक उसी रंग का बनाया जा रहा है जिस रंग के श्रीराम के मंदिर के पत्थर है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने गुरुवार को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूरे राम मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है। जिसमे गेंदा, गुलाब और जरबेरा समेत अन्य फूलों को लगाया जा रहा है।

केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों में 22 को आधे दिन का अवकाश

नई दिल्ली, एजेंसी।

अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण 22 जनवरी को देश भर में केंद्र सरकार के सभी कार्यालय आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में गुरुवार को यह जानकारी दी गई। राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की नई मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह सोमवार को निर्धारित है। यह समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाना तय है। मंत्रालय ने केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को जारी आदेश में कहा कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न 22 जनवरी 2024 को देशभर में मनाया जाएगा। इस उत्सव में कर्मचारी भाग ले सकें, इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि पूरे भारत में केंद्र सरकार के सभी कार्यालय, केंद्रीय संस्थान और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठान 22 जनवरी 2024 को अपराह्न ढाई बजे तक आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि यह निर्णय लोगों के जबर्दस्त उत्साह को देखते हुए लिया गया है।

▸▸ प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कार्मिक मंत्रालय ने जारी किए आदेश

▸▸ जन भावनाओं को देखते हुए लिया गया यह निर्णय : जितेंद्र सिंह



रामलला पर डाक टिकट और पुस्तिका जारी करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री ने जारी किया राम मंदिर पर डाक टिकट

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अयोध्या में राम मंदिर पर स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर में भगवान राम पर जारी डाक टिकटों के संग्रह की एक पुस्तक जारी की और कहा कि ये टिकट सिर्फ कागज का टुकड़ा नहीं है बल्कि इतिहास की किताबों, कलाकृतियों के रूपों और ऐतिहासिक स्थलों का सबसे छोटा रूप भी हैं। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज पवित्र अयोध्या धाम की विरासत और भगवान श्री राम को समर्पित स्मारक डाक टिकट जारी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

अयोध्या के लिए आईएमडी ने शुरू किया वेबपेज

नई दिल्ली। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में चार दिन शेष रहने के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को मौसम संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए एक समर्पित वेबपेज की शुरुआत की। इस वेबपेज की शुरुआत अयोध्या और आसपास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए मौसम संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए की गई है। वेबपेज के जरिए दुनिया भर में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं, जैसे हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, चीनी, फ्रेंच और स्पेनिश में तापमान, वर्षा, आर्द्रता और हवा के पैटर्न सहित सभी मौसम मापदंडों की जानकारी दी जाएगी। अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ और नई दिल्ली सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के लिए मौसम की जानकारी वेबपेज पर उपलब्ध होगी। सात दिनों का पूर्वानुमान और सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय वाला मौसम बुलेटिन भी हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगा।

पिकनिक मनाने गए बच्चों की नाव झील में डूबी, 16 की मौत

वड़ोदरा, एजेंसी

गुजरात में वड़ोदरा शहर के बाहरी क्षेत्र में एक झील में गुरुवार को एक नौका के पलट जाने से उसमें सवार 16 लोगों की मौत हो गई। इनमें 12 बच्चे शामिल हैं। नौका में 23 विद्यार्थियों समेत 27 सवार थे, जो पिकनिक मनाने आए थे। अधिकारियों ने बताया कि अन्य विद्यार्थियों की तलाश के लिए खोज अभियान शुरू कर दिया गया है।

गुजरात के शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि मुझे अभी पता चला है कि स्कूली छात्रों को ले जा रही एक नाव के झील में पलट जाने से 12 बच्चों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अग्निशमन कर्मी अन्य एजेंसियों के साथ बचाव कार्य कर रहे हैं। वडोदरा के जिलाधिकारी एबी गोर ने कहा कि नौका में 27 लोग सवार थे। वडोदरा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी पार्थ ब्रह्मभट्ट ने कहा कि यहां पिकनिक मनाने आए स्कूली छात्रों को ले जारी नौका दोपहर में हरनी झील में पलट गई। दमकल कर्मियों ने अब तक सात विद्यार्थियों को बचाया है। वडोदरा के पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गहलोत ने कहा कि नाव पर 23 बच्चे और चार टीचर थे।

आईआईटी में शोध छात्रा ने फांसी लगाई

कानपुर। आईआईटी में शोध छात्रा ने अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 29 दिसंबर 2023 को छात्रा ने यहां केमिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी करने के लिए ज्वाइन किया था। पुलिस ने झारखंड के जिला दुमका निवासी परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इससे पहले 19 दिसंबर 2023 को आईआईटी में शोधकर्ता डॉ. पल्लवी चिल्का ने और 11 जनवरी 2024 को एमटेक छात्र विकास मीणा ने फांसी लगाकर जान दे दी थी।दुमका निवासी नरेंद्र जायसवाल की इकलौती बेटी प्रियंका जायसवाल (29) ने पीएचडी करने के लिए आईआईटी कानपुर में 29 दिसंबर को ज्वाइन किया था।

अयोध्या में एटीएस के हत्थे चढ़े तीन संदिग्ध, पूछताछ जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ किसी आतंकी संगठन से संबध होना प्रकाश में नहीं आया: प्रशांत कुमार

अमृत विचार: रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले एटीएस ने अयोध्या क्षेत्र से तीन संदिग्ध को पकड़ा है। एटीएस और इनटेलिजेंस की टीमें उनसे पूछताछ की रही है। हालांकि आधिकारिक रुप से उनकी पहचान की बाबत कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन सूत्रों की मानें तो पकड़े संदिग्धों का संबंध कनाड़ा में मारे गए सुक्खा दुनके और अर्श डाला गैंग से होना बताया जा रहा है।

डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने गुरुवार रात कहा है कि राज्य सरकार व पुलिस मुख्यालय के निर्देशों पर चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को अयोध्या जनपद से यूपी एटीएस द्वारा हिरासत में लिया गया हैं। इन संदिग्धों से पूछताछ चल रही है। अभी तक इनका किसी आतंकी संगठन से संबध होना प्रकाश में नहीं आया है। सूत्रों के मुताबिक राजस्थान के बताए जाने वाले तीनों संदिग्धो को भेलसर-सोहावल क्षेत्र से उठाया गया है। इन तीनों संदिग्ध को जिस स्थान से उठाया गया है उसकी अयोध्या शहर से दूरी तकरीबन 20 किलोमीटर है। एटीएस टीम देर रात उन्हें लखनऊ लाकर पूछताछ कर रही है।

सोलहवां वित्त आयोग

तीन पदों के सृजन को कैबिनेट ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16वें वित्त आयोग के लिए संयुक्त सचिव स्तर के तीन पदों यानी संयुक्त सचिव के दो पद और आर्थिक सलाहकार के एक पद के सृजन को गुरुवार को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस वित्त आयोग का गठन 31 दिसंबर, 2023 की अधिसूचना के माध्यम से संविधान के अनुच्छेद 280 के अनुपालन में किया गया था। आयोग को अपने कार्यों को पूरा करने में सहायता करने के लिए इन नए सृजित पदों की आवश्यकता है। आयोग में अन्य सभी पद प्रदत्त शक्तियों के अनुसार पहले ही सृजित किए जा चुके हैं।

कारसेवकों पर गोली चलवाना सही फैसला था : शिवपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बोले, अयोध्या में कोर्ट के आदेश पर यथास्थिति बनाए रखने को उठाया कदम

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कारसेवकों पर गोली चलवाने की घटना (1990) पर कहा कि उस समय अयोध्या में कोर्ट से स्टे के बावजूद भाजपा के कारसेवकों ने हिंसा की थी। जिसको लेकर तत्कालीन सरकार को संविधान की रक्षा की खातिर गोली चलवानी पड़ी थी। कहा कि, कारसेवकों ने आदेश का उल्लंघन किया था जबकि न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन किया था।

शिवपाल गुरुवार को इटावा में सपा कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। शिवपाल के मुताबिक, राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा भाजपा का आयोजन है। जबकि यह वाकई में संतों का होना चाहिए था। शंकराचार्य व सनातनियों का अपमान देश देख रहा है। इसका नतीजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

सुविधा अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की मदद के लिए बनी योजना, एडीए करेगा संचालन

ई-कार्ट से मुफ्त दर्शन करेंगे दिव्यांग-बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं

अयोध्या दर्शन

▸▸ कॉरपोरेट घरानों के सीएसआर फंड से पहले चरण में उतारी जाएंगी 650 ई-कार्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : नव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं को एक और सुविधा मिलने जा रही है। राज्य सरकार कॉरपोरेट घरानों के सीएसआर फंड से रामनगरी की सड़कों पर ई-कार्ट चलाएगी। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क श्रीरामलला समेत अन्य मंदिरों के दर्शन सुलभ होंगे। पहले चरण में 650 ई-कार्ट गाड़ियां उतरेंगी, इसका संचालन अयोध्या विकास प्राधिकरण की देख-रेख में होगा।

अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए मंगाए गए ई-कार्ट।

सरकार श्रीरामलला के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को राम मंदिर और हनुमान गढ़ी आदि मंदिरों तक पहुंचाने के लिए ई कार्ट चलाएगी। ये ई कार्ट या गोल्फ कार्ट बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क होंगी। इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने निजी औद्योगिक घरानों को प्रस्ताव भेजा है। निजी औद्योगिक घराने अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में इस सेवा के लिए डोनेशन मांगा गया है, ताकि बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को राहत प्रदान की जा सके।

ट्रायल के तौर पर 50 ई-कार्ट का संचालन

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नए मंदिर में श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या आएंगे। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं के पार्किंग स्थल से ई-कार्ट की मुफ्त सुविधा मिलेगी, जिसके माध्यम से हनुमान गढ़ी और श्रीरामलला के दर्शनों के साथ ही धाम में स्थित अन्य धार्मिक स्थलों तक जा सकेंगे। ट्रायल के तौर पर 50 ई-कार्ट चल रहे हैं, एक सौ और जल्द शुरू होंगे। ओएनजीसी, आईओसी, टाटा प्रोजेक्ट्स जैसी कंपनियों से सर्वाधिक डोनेशन मिला भी है। इन ई कार्ट्स का मालिक एडीए होगा।

2000 से ज्यादा लोगों को रोजाना मुफ्त भोजन

तीर्थ क्षेत्र पुरम में श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पांच भोजनालय प्रारंभ हो गए हैं, इसमें करीब 2000 लोगों का भोजन रोज बन रहा है। यहां का दस शैया वाला अस्पताल भी 20 चिकित्सकों के साथ चिकित्सा व्यवस्था संभाले हुए है। कई चिकित्सक रिजर्व में भी हैं।

उम्र 16 साल से कम तो कोचिंग में दाखिला नहीं

शिक्षा मंत्रालय ने जारी किए दिशा-निर्देश, उल्लंघन पर देना होगा एक लाख जुर्माना

नई दिल्ली,एजेंसी

शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित नए दिशानिर्देश के मुताबिक कोचिंग संस्थान 16 साल से कम उम्र के विद्यार्थियों को अपने यहां दाखिल नहीं कर सकेंगे। अच्छे नंबर या रैंक दिलाने की गारंटी जैसे भ्रामक वादे भी नहीं कर सकेंगे। कोचिंग संस्थानों को विनियमित करने के लिए दिशा-निर्देश एक कानूनी ढांचे की आवश्यकता को पूरा करने और बेतरतीब तरीके से निजी कोचिंग संस्थानों की बढ़ोतरी को रोकने के लिए हैं। मंत्रालय ने यह दिशा-निर्देश विद्यार्थियों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों, आग की घटनाओं, कोचिंग संस्थानों में सुविधाओं की कमी के साथ-साथ उनके द्वारा अपनाई जाने वाली शिक्षण पद्धतियों के बारे में सरकार को मिली शिकायतों के बाद तैयार किए हैं।

दिशानिर्देश में कहा गया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों का शुल्क पारदर्शी और तार्किक होना चाहिए और वसूले जाने वाले शुल्क की रसीद दी जानी चाहिए। इसमें साफ किया गया है कि अगर छात्र बीच में ही पाठ्यक्रम छोड़ता है तो उसकी बची हुई अवधि की फीस लौटाई जानी चाहिए। नीति को सशक्त बनाते हुए केंद्र ने सुझाव दिया है कि कोचिंग संस्थनों पर दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाना चाहिए या अत्यधिक शुल्क वसूलने पर उनका पंजीकरण रद कर दिया जाना चाहिए।

कोई भी कोचिंग संस्थान स्नातक से कम योग्यता वाले शिक्षकों को नियुक्त नहीं करेगा। विद्यार्थियों का कोचिंग संस्थान में नामांकन माध्यमिक विद्यालय परीक्षा के बाद ही होना चाहिए। कोचिंग संस्थानों की एक वेबसाइट होगी जिसमें पढ़ाने वाले शिक्षकों की योग्यता पूरा होने की अवधि, छात्रावास सुविधाएं और लिए जाने वाले शुल्क का अद्यतन विवरण होगा। कोचिंग संस्थानों की उचित निगरानी के लिए सरकार ने तीन महीने के भीतर नए और मौजूदा कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण करने का प्रस्ताव किया है। दिशानिर्देश के मुताबिक राज्य सरकार कोचिंग संस्थान की गतिविधियों की निगरानी के लिए जिम्मेदार होंगे।

ऑपरेशन त्रिनेत्र व कन्विक्शन से लगी अपराधियों पर लगाम

क्राइम रेट को गिराने के साथ ही सजा दिलवाने में भी पुलिस विभाग को मिली कामयाबी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मिशन शक्ति, प्रिडिक्टिव पुलिसिंग व वाट्सएप के कम्यूनिटी फीचर जैसी योजनाएं भी सफल

अमृत विचार : अपराध को लेकर प्रदेश सरकार के जीरो टॉलरेंस की नीति को ऑपरेशन त्रिनेत्र और ऑपरेशन कन्विक्शन ने मुकाम तक पहुंचाने में काफी मदद की। डीजीपी विजय कुमार के निर्देशन में शुरू हुए इन दोनों अभियान से अपराध व अपराधियों पर काफी हद तक लगाम लगी। क्राइम रेट को गिराने के साथ ही सजा दिलवाने में भी पुलिस महकमे ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसके अलावा जन सुरक्षा के साथ ही महिला सुरक्षा के लिए अभियान मिशन शक्ति और प्रिडिक्टिव पुलिसिंग व वाट्सएप के कम्यूनिटी फीचर जैसी योजनाएं भी सफल रहीं।

डीजीपी विजय कुमार

ऑपरेशन त्रिनेत्र को उप्र पुलिस का अभिनव प्रयोग माना गया। यह अपराधियों के लिए काल साबित हुआ है। इस अभियान में जनता के सहयोग से मुख्य चौराहों, तिराहों तथा सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए। इसके तहत 10 जुलाई से दिसम्बर 2023 तक पूरे प्रदेश में तीन लाख 79 हजार 915 स्थानों पर कुल नौ लाख 42 हजार 52 कैमरे लगाए जा चुके हैं। इनके सहयोग से 1,495 सनसनीखेज वारदातों से परदा उठाया जा चुका है। इसमें हत्या, लूट, डकैती, चोरी, अपहरण और दुष्कर्म-छेड़छाड़ जैसे संगीन जुर्म शामिल रहे हैं।

अपराधियों पर शिकंजा कसने की दिशा में डीजीपी विजय कुमार की ओर से शुरू हुआ दूसरा बेहद महत्वपूर्ण अभियान 'ऑपरेशन कन्विक्शन' भी कामयाब रहा। इसके तहत 75 जिलों में होने वाले रेप, हत्या, लूट, डकैती, धर्मांतरण और गोकशी जैसे 20 प्रमुख अपराधों को शामिल किया गया है। इस अपराध से जुड़े मामलों में तेजी से जांच खत्म करके 30 दिनों के अंदर सजा दिलाने की बात कही गई। एक जुलाई से दिसम्बर 2023 तक चले इस अभियान में 16,455 मामलों में प्रभावी पैरवी के चलते 21 हजार 452 अपराधियों को सजा दिलाई गई। इसमें मौत की सजा भी शामिल है। सजा का यह रेट 2020 की तुलना में नौ गुना अधिक है।

बीट भ्रमण में मिलीं एक लाख से अधिक शिकायतें

महिला सुरक्षा अभियान 'मिशन शक्ति' में 15 अक्टूबर से 10 दिसम्बर 23 तक ग्राम पंचायतों तथा वार्डों में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान दूसरे कार्यक्रम के तहत महिला कांस्टेबल के बीट भ्रमण के दौरान एक लाख सात हजार 790 शिकायतें मिलीं, जिसमें एक लाख दो हजार शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। जनसमस्या समाधान (पब्लिक ग्रिवेंस रिव्यू पोर्टल) से आमजन की समस्याओं के समयबद्ध, त्वरित निस्तारण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए पुलिस तकनीकी सेवाएं द्वारा विकसित किया गया। पुलिस मुख्यालय स्तर से जारी होने वाले निर्देशों, जिले की पुलिस के सराहनीय कार्यों तथा भ्रामक खबरों के खंडन को प्रदेश के प्रत्येक पुलिस कर्मियों तक पहुंचाने के लिए वाट्सएप का कम्युनिटी फीचर शुरू किया गया है।

लाभार्थियों से प्रधानमंत्री के लाइव संवाद में शामिल हुए भाजपा नेता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक केशव मौर्य और प्रदेश अध्यक्ष ने बताईं सरकार की योजनाएं

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद के 10वें लाइव प्रसारण कार्यक्रम को लखनऊ महानगर में आयोजित भव्य कार्यक्रमों के दौरान प्रदेश अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्रियों, वरिष्ठ पदाधिकारियों ने लाभार्थियों के साथ देखा।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि विकसित प्रधानमंत्री मोदी का सपना है। सरकार की लाभार्थी परक एक-एक योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को कैसे मिलेगा, उस प्रयास को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यात्रा में मोदी की गारंटी वाला रथ देश के सभी गांव और शहरों में पहुंच रहा है और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है। यह पहला अवसर है, जब कोई सरकार आपके द्वार आकर योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संपर्क कर रही है।

उधर, पश्चिम विधानसभा के लालजी टंडन वार्ड में पावर हाउस के पास कार्यक्रम में लाभार्थियों के योजनाओं का लाभ देते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी वाली गाड़ी पूरे देश में चल रही है, इस गारंटी वाली गाड़ी को आकर देखें और योजनाओं का लाभ लें।

कैंट विधानसभा कार्यक्रम में मंत्री बलदेव सिंह औलख, राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर, जेपीएस राठौर, एमएलसी मुकेश शर्मा, लखनऊ प्रभारी त्रयंबक त्रिपाठी, उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा, एमएलसी राम चंद्र प्रधान, पूर्व मंत्री एमएलसी डॉ महेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, अभियान संयोजक अभिषेक खरे, हेमंत दयाल आदि शामिल रहे।

एक नजर

सिविल एविएशन में उप्र को स्टेट चैंपियन का पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : सिविल एविएशन में बेहतर प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को विंग्स इंडिया अवार्ड्स 2024 के तहत स्टेट चैंपियन के पुरस्कार के लिए विजेता के रूप में चुना गया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हैदराबाद के एक होटल में प्रदेश के प्रतिनिधि को प्रदान किया। देश में नागरिक क्षेत्र में विमानन से संबंधित कंपनियों, संस्थानों, संगठनों द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान को मान्यता देने के उद्देश्य से विंग्स इंडिया अवार्ड्स दिए जाते है।

दंत संकाय नियुक्ति परीक्षा परिणाम घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के नवनिर्मित 13 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दंत शिक्षकों की नियुक्ति के लिए 31 दिसंबर 2023 को संपन्न हो चुकी परीक्षा के परिणाम घोषित हो गए हैं। परिणाम की सूची जारी करते हुए कुल पदों के पांच गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने गुरुवार को बताया कि दंत विभाग में सह आचार्य और सहायक आचार्य के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया जारी है। सहायक व सह आचार्य के 13-13 पदों पर नियुक्ति के लिए 65-56 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। इन्हें साक्षात्कार के लिए स्थान व तिथि कॉलेज के प्रधानाचार्यों द्वारा दी जायेगी।

विरासत स्थलों पर बढ़ेंगीं यात्री सुविधाएं

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में मौजूद सांस्कृतिक, पौराणिक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर यात्री सुविधाओं का विकास किया जाएगा। नगर विकास विभाग की 'वंदन योजना' के अंतर्गत विरासत से संबंधित महत्वपूर्ण स्थलों पर इन्फ्रास्ट्रक्चर और अन्य सुविधाओं के विकास की योजना है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये के बजट के साथ ऐसे स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने और सुधारने का लक्ष्य रखा गया है। योजना का उद्देश्य है कि इन महत्वपूर्ण स्थलों पर यात्रीगण और पर्यटकों को उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएं, जिससे इन स्थलों का आकर्षण बढ़े और सांस्कृतिक धरोहर की सुरक्षा हो।

आठ जिलों में नगर स्वास्थ्य अधिकारी बदले

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त निदेशक स्तर के आठ चिकित्सकों को अलग-अलग आठ जिलों में नगर स्वास्थ्य अधिकारी की जिम्मेदारी मिल गई है। विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी द्वारा गुरुवार को जारी आदेश में बरेली के डॉ.भानु प्रकाश को बस्ती का ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी बनाया गया है। वहीं आगरा में तैनात डॉ.प्रदीप कुमार को वाराणसी, वाराणसी के डॉ.नरेन्द्र प्रताप सिंह को आगरा, जौनपुर के डॉ.महेश कुमार को प्रयागराज, मुरादाबाद में डॉ.सुनील कुमार दोहरे को, रायबरेली के डॉ.अरूण कुमार को अयोध्या में, देवरिया के डॉ. विनय प्रकाश पाण्डेय को गोरखपुर और गाजियाबाद के डॉ.रमेश चंद्र गुप्ता को सहारनपुर का नगर स्वास्थ्य अधिकारी नियुक्त किया गया है।

एनीमिया से छुटकारा पाने को जागरूकता जरूरी

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश की दो तिहाई जनता एनीमिया से ग्रस्त है, एनीमिया एक बीमारी नहीं है, रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने से बीमारियों की गिरफ्त में आने की संभावनाएं होती हैं। दिनचर्या प्रभावित होती है। बच्चे का मानसिक व शारीरिक विकास अपेक्षित नहीं होता है। अगर समाज में एनीमिया के प्रति जागरूकता और पौष्टिक भोजन को बढ़ावा दिया जाये तो बड़ी समस्या से बचा जा सकता है। यह जानकारी गुरुवार को परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ.शैलेश कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को एनीमिया मंथन विषयक राज्य स्तरीय कार्यशाला में दी। परिवार कल्याण विभाग में संपन्न एनीमिया मुक्त भारत अंतर्गत कार्यशाला में संयुक्त निदेशक प्रशिक्षण डॉ.अमित सिंह ने बताया कि एनएफएचएस की रिपोर्ट के अनुसार एक से पांच साल तक के बच्चों में 66 फीसदी बच्चे एनिमिक मिले हैं। बचाव में सरकारी अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली आयरन व फोलिक एसिड आदि की दवाएं पर्याप्त नहीं है, इसके लिए समाज में माता-पिता को जागरूक करना होगा।

अर्हता पूरी नहीं, बना दिया सहायक प्रोफेसर

सीएसजेएमयू, कानपुर से जुड़े महाविद्यालय का मामला : शिकायतों के बाद एक को दिखाया गया बाहर का रास्ता

जीशान कदीर, लखनऊ

▸▸ जुगाड़ के बल पर शिक्षा संकाय में दो लोग अभी तक कर रहे नौकरी

अमृत विचार : प्रश्न यह कि बीएड की डिग्री प्राप्त किए बिना कोई विश्वविद्यालय या महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर बन सकता है? जवाब होगा, नहीं। लेकिन छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) कानपुर से संबद्ध महाविद्यालय में ऐसा हुआ है। बाकायदा नियम-कानून ताख पर रख बिना पात्रता के ही नियुक्ति करा दी गई। नियम और नियुक्ति का हवाला देते हुए दो सहायक प्रोफेसर पात्र बनकर आज भी सेवाएं दे रही हैं। शिकायतों का पुलिंदा देख एक को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

सीएसजेएमयू के एक महाविद्यालय में 2 अगस्त 2003 को डॉ. सीमा, डॉ. रक्षा और डॉ. अजय को शिक्षा संकाय में बतौर सहायक प्रोफेसर नियुक्त कर दिया गया। शिकायतकर्ता सलिल कुमार तिवारी द्वारा मांगी गई आरटीआई तथा मानव संपदा पोर्टल के रिकार्ड की मानें तो मूल नियुक्ति के समय तीनों लोगों ने निर्धारित शैक्षिक अर्हता को पूरा नहीं किया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि शासन में शिकायत के बाद डॉ. अजय को इन्हीं नियमों का हवाला देते हुए हटा दिया गया। लेकिन जुगाड़ के दम पर डॉ. सीमा और डॉ. रक्षा गुप्ता की सेवाएं अनवरत जारी हैं। शिकायतकर्ता के दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उच्च शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षा निदेशक प्रयागराज को निर्देश दिए गए। जिस पर जांच समिति गठित की गई। निदेशक प्रोफेसर ब्रम्हदेव का कहना है कि विभाग द्वारा 28 दिसंबर 2006 के निर्गत अधिनियम के अनुसार ही विनियमितीकरण किया है। अन्य बिन्दुओं को जानने के लिए जांच समिति कार्य कर रही है।

विशेष सचिव नियुक्ति को बता चुकी हैं अवैध

एक ही नियम का सहारा लेकर दो तरह के कार्य तत्कालीन सपा सरकार के दौरान हुए। इसमें तत्कालीन विशेष सचिव मधु जोशी द्वारा वर्ष 30 अगस्त 2016 में एक आदेश दे दिया गया था, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि डॉ. अजय की मौलिक नियुक्ति बीएड न होने के कारण अवैध है। प्रश्न यह कि यदि डॉ.अजय की नियुक्ति अवैध है तो डॉ. सीमा और डॉ. रक्षा की नियुक्ति वैध कैसे हो सकती है? तब जबकि तीनों की नियुक्ति प्रक्रिया, स्थल और प्रकृति एक ही हो।

नियुक्ति के बाद ली बीएड की डिग्री

डॉ. सीमा ने वर्ष 2006 में आरआरएस महाविद्यालय नौबस्ता कानपुर से बीएड परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं डॉ. रक्षा ने वर्ष 2007 में दयानंद वीमेन ट्रेनिंग सेण्टर (डीडब्लूटीसी) मैकराबर्टगंज कानपुर से बीएड की डिग्री ली। इन रिकार्डों को जांच समिति की ओर से आधार बनाया गया है।

सीएसजेएमयू प्रशासन ने उठाए सवाल

सीएसजेएमयू के रजिस्ट्रार डॉ. अनिल यादव का कहना है कि उस समय सांध्यकालीन बीएड की व्यवस्था विवि में नहीं रही थी। तो सवाल बड़ा है कि नियुक्ति स्थल से लगभग 50 किमी की दूरी पर कार्यरत महिला प्रवक्ताओं ने अपनी विषय परीक्षा संस्थागत रहते हुए किस प्रकार से पूर्ण कर ली?

शिक्षा निदेशक ने विवि प्रशासन से मांगा उपस्थिति रजिस्टर

कहते हैं कि झूठ के पांव नहीं होते हैं। जब राज खुलते हैं तो कई कड़ियां भी हाथ लगने लगती हैं। प्रदेश सरकार बदली तो संबंधित अधिकारियों के मिजाज भी बदल गए। बीते दिन उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर ब्रम्हदेव ने जांच समिति को बुलाकर एक बैठक की। निदेशक ने साक्ष्यों का आकलन करते हुए निर्देश दिए कि डॉ. सीमा और डॉ. रक्षा द्वारा कार्यरत महाविद्यालयों के उपस्थिति रजिस्टर, समय सारणी और वेतन भुगतान का एक सप्ताह के अंदर ब्यौरा उपलब्ध कराया जाए। पूरा सिजरा पहुंचने के बाद अब जिम्मेदारों की कार्रवाई का इंतजार है।

फर्जी नियुक्ति की जद में आ सकते हैं रसूखदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

खबर का असर

▸▸ प्रमुख सचिव शिक्षा ने लिया खबर का संज्ञान

अमृत विचार : 'डिग्री कॉलेज व परिषदीय स्कूल में रही तैनाती, दोनों जगहों से उठाया वेतन' शीर्षक से प्रकाशित खबर का शासन ने संज्ञान लिया है। ऐसे में प्रमुख सचिव शिक्षा की ओर से विशेष निर्देश मिलते ही उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े निदेशालय में तथ्यपरक जानकारियों को एकत्र करने का कार्य तेज हो गया है।

बता दें कि अमृत विचार अखबार में एक प्रवक्ता, दो संस्थान और दो वेतनमान के प्रकरण को लेकर 'डिग्री कॉलेज व परिषदीय स्कूल में रही तैनाती, दोनों जगहों से उठाया वेतन' शीर्षक से जुड़ी खबर का प्रकाशन किया गया था। प्रकाशित समाचार में उच्च शिक्षा और प्राइमरी विभाग द्वारा हुए घालमेल को साक्ष्यों सहित प्रस्तुत किया गया। आरटीआई और मानव संपदा पोर्टल से जुड़े तथ्य भी साझा हुए। तत्कालीन सपा सरकार में हुई नियुक्ति से जुड़े मामले को शासन ने गंभीरता से ले लिया है। गुरुवार को प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए प्रमुख सचिव शिक्षा एमपी अग्रवाल ने प्रकरण से जुड़े तथ्यों को लेकर अधीनस्थों को विशेष निर्देश दिए। सूत्रों की मानें तो प्रमुख सचिव के निर्देश मिलते ही तथ्यपरक जानकारियों को उच्च शिक्षा विभाग के निदेशालय में गुरुवार देर रात तक खंगाला जाता रहा। गहराते मामले में रसूखदारों पर बड़ी कार्रवाई किए जाने की चर्चा जोरों पर है।

खुलासा | एक प्रवक्ता, दो संस्थान और दो वेतनमान
डिग्री कॉलेज व परिषदीय स्कूल में रही तैनाती, दोनों जगहों से उठाया वेतन
इस तरह हुआ सरकारी खजाने का दुरुपयोग

अमृत विचार में 18 जनवरी को प्रकाशित खबर।

वकीलों के खिलाफ अब तक मिलीं 150 शिकायतें

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ स्पेशल सेल के गठन के बाद दर्ज हुईं इन शिकायतों पर कार्रवाई का स्टेटस तलब

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष राज्य सरकार की ओर से बताया गया है कि जमीनों पर कब्जा करने वाले कथित वकीलों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए गठित पुलिस की स्पेशल सेल को अब तक लगभग डेढ़ सौ शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। इस पर न्यायालय ने उक्त सभी शिकायतों के क्रम में दर्ज प्राथमिकियों के विवेचना का स्टेटस तलब किया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की खंडपीठ ने अनिल कुमार खन्ना समेत वकीलों से सम्बंधित मामलों पर विचाराधीन कुल 11 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने न्यायालय को बताया कि सभी मामले लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के हैं। इस पर न्यायालय ने आदेश दिया कि उक्त स्पेशल सेल की ओर से 15 दिनों में शपथ पत्र दाखिल कर, मिली सूचनाओं व इस क्रम में दर्ज एफआईआर तथा विवेचना के स्टेटस का विवरण प्रस्तुत किया जाए। वहीं न्यायालय को सीबीआई के अधिवक्ता की ओर से जानकारी दी गई कि वर्ष 2010 की एक याचिका में दिए गए आदेश के अनुपालन में अलग-अलग घटनाओं के कुल 11 मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें से अधिकांश की विवेचना पूर्ण हो चुकी है। इस पर न्यायालय ने सीबीआई को भी शपथ पत्र दाखिल कर पूर्ण विवरण देने का आदेश दिया है।

एमएलसी उप चुनाव : दारा सिंह चौहान ने किया नामांकन

मुख्यमंत्री योगी, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत दोनों उप मुख्यमंत्री रहे मौजूद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एमएलसी उप चुनाव के लिए 29 को होगा मतदान

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश विधान परिषद (एमएलसी) उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान ने गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। यह सीट राज्यसभा सांसद बनने के बाद डॉ. दिनेश शर्मा के इस्तीफा देने से रिक्त हुई थी। इस बीच, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ओमकार नाथ चौरसिया ने भी नामांकन पत्र भरा है, लेकिन कोई प्रस्तावक का उल्लेख नहीं है, ऐसे में खारिज होना तय माना जा रहा है।

नामांकन दाखिल के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मंत्री सुरेश खन्ना, राकेश सचान, जेपीएस राठौर आदि नेता मौजूद रहे। चुनाव अधिकारी बृज भूषण दूबे ने बताया कि इस सीट पर पहले मतदान 29 जनवरी को होना था। लेकिन 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण अब नाम वापसी 22 जनवरी के बजाय 23 जनवरी को होगी, जबकि 30 जनवरी को मतदान होगा। भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान के नामांकन में प्रस्तावक के रूप में शाहजहांपुर से एमएलसी व मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, फाफामऊ से गुरुप्रसाद मौर्य, सहारनपुर से राजीव गुम्बर, पयागपुर से सुभाष त्रिपाठी, देवबंद से ब्रिजेश, तिलोई से मंयकेश्वर शरण सिंह, भांट से राजेश चौधरी, कोल से अनिल पराशर, एटा से विपिन कुमार डेविड और कुर्सी से साकेंद्र प्रताप वर्मा शामिल रहे।

दलबदल में माहिर रहे दारा : राजनीतिक इतिहास बताता है कि दारा हमेशा सत्ता के साथ रहने में माहिर खिलाड़ी हैं। इसी धुन में वे 2022 में मंत्री पद त्याग कर सपा में गए, लेकिन घोसी विधायक बनने के बाद सपा सरकार नहीं बन सकी। नतीजतन मोहभंग हुआ और भाजपा में आकर घोसी उपचुनाव भी हार गए। फिर भी गृहमंत्री अमित शाह का करीबी होने का लाभ मिला और एमएलसी चुनाव जीतना तय है।

विधानभवन के कक्ष में नामांकन दाखिल करते एमएलसी प्रत्याशी दारा सिंह चौहान, साथ में मुख्यमंत्री योगी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अन्य। अमृत विचार

दारा सिंह ने शीर्ष नेताओं का जताया आभार

एमएलसी पद पर नामांकन करने के बाद पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि यह अवसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वजह से उन्हें मिला है। सबके प्रति आभार जताते हुए कहा कि पिछड़े समाज में मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर जबरदस्त उत्साह और जोश है। इस बार भाजपा देश में 400 सीटें जीतेगी, जिसमें उप्र से सभी 80 सीटें शामिल होगी।

संस्थानों को रखने होंगे फायर अधिकारी, नई नियमावली मंजूर

कैबिनेट के फैसले

▸▸ हर छह माह में प्रतिष्ठान की ओर से उपकरणों के सही हालत में होने का प्रमाण पत्र भी देना होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मंत्रिमंडल ने उप्र अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम-2022 की नियमावली को लागू करने की मंजूरी दी है। शासन के निर्देश पर गृह सचिव और डीआईजी अग्निशमन सेवा की कमेटी ने नियमावली तैयार की है। नई नियमावली के मुताबिक अग्निशमन सेवा विभाग को अब उप्र अग्निशमन एवं आपात सेवा के नाम से जाना जाएगा। इसमें बड़े संस्थानों में अग्निशमन अधिकारी की तैनाती का नियम बनाया गया है। वहीं, लापरवाही की वजह से आग लगने पर विभाग को इमारत सीज करने का अधिकार भी दिया गया है।

इससे पूर्व प्रदेश सरकार ने 13 दिसंबर 2022 को अग्निशमन सेवा का नया अधिनियम बनाया था। इसकी नियमावली तैयार करने के बाद गुरुवार को मंत्रिमंडल में पेश की गई। नियमावली के मुताबिक, प्रतिष्ठानों आदि में अग्निशमन उपकरणों की आपूर्ति करने वाली एजेंसियों को पहले महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवाएं से अनुमति प्राप्त करनी होगी।

वहीं हर छह माह में प्रतिष्ठान की ओर से उपकरणों के सही हालत में होने का प्रमाण पत्र देना होगा। नियमावली में असिस्टेंट डीआईजी का नया पद भी सृजित किया गया है। यह डीआईजी रैंक का अफसर होगा। वहीं आईजी रैंक के अफसर को निदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवाएं के पद पर तैनात किया जाना है।

वहीं, कैबिनेट बैठक में अयोध्या में तैनात सुरक्षा बलों के लिए आवासीय व अनावासीय भवनों के निर्माण संबंधी प्रस्ताव को पास करने के अलावा कृषि विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मचारी अधिकारी को सातवें वेतन आयोग की स्वीकृति भी मिली है।

विधानसभा में अतीक-अशरफ हत्याकांड की जांच रिपोर्ट की जाएगी पेश

अमृत विचार, लखनऊ : प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी चार शूटरों के एनकाउंटर और अस्पताल में माफिया अतीक व उसके भाई अशरफ की हत्या की न्यायिक जांच रिपोर्ट गुरुवार को कैबिनेट में प्रस्तुत की गई। कैबिनेट ने दोनों न्यायिक आयोग की जांच रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखने की मंजूरी प्रदान कर दी है। अभी दोनों रिपोर्ट में दिए तथ्यों और संस्तुतियों को सार्वजनिक नहीं किया गया है।

उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी शूटर अरबाज को 27 फरवरी और विजय चौधरी उर्फ उस्मान को प्रयागराज पुलिस ने 6 मार्च 2023 को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। उसके बाद 13 अप्रैल को एसटीएफ ने झांसी के बड़ागांव क्षेत्र में अतीक के बेटे असद और शूटर मोहम्मद गुलाम को भी मुठभेड़ में मार गिराया था। वहीं उमेश पाल हत्याकांड में रिमांड पर लाए गए अतीक और अशरफ की प्रयागराज के अस्पताल परिसर में 15 अप्रैल 23 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शासन ने एनकाउंटर और हत्या मामले की जांच को अलग-अलग न्यायिक आयोग बनाया था। दोनों आयोग ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है।

मेट्रो रेल और रैपिड रेल को बढ़ावा देने के लिए माफ होगा टैक्स

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने उप्र. में मेट्रो रेल और रैपिड रेल (आरआरटीएस) को बढ़ावा देने के लिए उनकी संपत्तियों पर हाउस टैक्स, वाटर टैक्स, विज्ञापन लाइसेंस शुल्क और पार्किंग शुल्क को माफ कर दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। फिलहाल लखनऊ, कानपुर और नोएडा में मेट्रो रेल चल रही है। आगरा में जल्द ही मेट्रो रेल का संचालन शुरू होना है। इसके अलावा भविष्य में अन्य शहरों में मेट्रो रेल परियोजना शुरू करने की योजना है। दिल्ली से मेरठ तक रैपिड रेल चल रही है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने तर्क दिया है कि मेट्रो रेल परियोजना के लिए तैयार की गई डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में प्रावधान है कि संबंधित राज्य सरकारें वाणिज्यिक विकास, पार्किंग व विज्ञापन लगाने के लिए जमीन उपलब्ध कराएंगी। डीपीआर में यह भी प्रावधान किया गया है कि राज्य सरकारें मेट्रो रेल परियोजनाओं को राज्यकरों, स्थानीय करों से छूट देंगी या ऐसे करों की प्रतिपूर्ति मेट्रो रेल परियोजनाओं से करेंगी।

निजी एमएसएमई इकाइयां व प्लेज पार्क परिवर्तन शुल्क से मुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य मंत्रिमंडल ने गोरखपुर की मुंडेरा बाजार नगर पंचायत का नाम बदलकर चौरी चौरा किये जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान प्रसिद्ध चौरी चौरा कांड के शताब्दी वर्ष को मनाने के बाद विरासत के प्रति सम्मान का भाव प्रकट करते हुए ये अहम निर्णय लिया गया है। इसके अलावा विकास प्राधिकरणों के अंतर्गत आने वाली कृषि भूमि के भू उपयोग औद्योगिकी में परिवर्तन कराने में निजी एमएसएमई इकाइयों एवं प्लेज पार्कों को परिवर्तन शुल्क से मुक्त रखे जाने के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति में परिवर्तन किये जाने को भी मंजूरी मिल गई है।

बुफे भोजन के चलन से बढ़ी कैंसर मरीजों की संख्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कैंसर संस्थान में ऑनकोलॉजी विभाग के दूसरे स्थापना दिवस पर दी गई जानकारी

अमृत विचार : समय के साथ लोगों की औसत आयु बढ़ी है, मगर लाइफ स्टाइल बहुत अच्छी नहीं हुई है। छोटी व बड़ी सभी पार्टियों में बुफे भोजन का चलन बढ़ गया है, इसकी वजह से पेट व गुदा कैंसर बढ़ रहा है। बढ़ती उम्र में प्रोस्टेट कैंसर की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इसलिए हमें हेल्दी लाइफ स्टाइल की जागरूकता बढ़ानी होगी। यह जानकारी गुरुवार को कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट (केएसएसएससीआई) में चंढ़ीगढ़ के प्रोफेसर राकेश कपूर ने दी।

चक गंजरिया फार्म स्थित कैंसर इंस्टीट्यूट में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के दूसरे स्थापना दिवस समारोह में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. राकेश कपूर बोल रहे थे। रेडिएशन ऑन्कोलॉजी में नई टेक्नोलॉजी की जानकारी देते हुए बताया कि कैरियर को लेकर युवाओं में देर से विवाह करने का चलन है, जिसकी वजह से ब्रेस्ट कैंसर को बढ़ावा मिला है। लंबी उम्र में कैंसर प्रेरक उत्पादों का सेवन भी अधिक अवधि तक होने लगा है। फास्ट फूड व तंबाकू सेवन आदि से मुंह व गले के कैंसर मरीजों की संख्या बढ़ी है, जागरूकता होने के बावजूद लोग सेवन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की तरक्की से कैंसर मरीजों को लाभ मिल रहा है।

समारोह की मुख्य अतिथि केजीएमयू कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीकों से कैंसर का इलाज गुणवत्तायुक्त हुआ है, कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में नई तकनीकों से मरीजों को इलाज मिल रहा है। यह संस्थान कैंसर मरीजों के लिए बड़ी उम्मीद बन चुका है। समारोह में संस्थान के निदेशक ने सभी संकाय, कर्मचारी, रेजीडेंट्स एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मिलेगा सहयोग

स्थापना दिवस व्याख्यान में प्रो .राकेश कपूर ने बताया कि चिकित्सा विज्ञान में एआई का दौर आ गया है, आंकड़ों के आधार पर संभावित मरीजों को पहचाना जा सकेगा, हालांकि कैंसर की पुष्टि करने के लिए बायोप्सी, ट्यूमर मार्कर आदि परंपरागत जांच जरूरी है।

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

शहर में आज

- गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में कार्यक्रम का आयोजन - 8.30 बजे।
- बलरामपुर अस्पताल में ऑल इण्डिया पयामे इंसानियत फोरम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन - 10.30 बजे।
- राजधानी स्थित गांधी भवन प्रेक्षागृह में वाईआर मांटेसरी स्कूल का वार्षिकोत्सव - 12:00 बजे।
- कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एंटी भू-माफिया कमेटी की बैठक - 12:00 बजे।

एक नजर

छात्र संगठनों ने दो विवि में जताया विरोध

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विवि में दो मामलों में छात्रों ने विरोध दर्ज कराया। लविवि का मामला डॉ. राममनोहर लोहिया की प्रतिमा को क्षति पहुंचाने का है। वहीं बीबीएयू में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर पर टिप्पणी किए जाने से जुड़ा हुआ था। ऐसे में एक छात्र संगठन द्वारा पुन: विरोध दर्ज कराया गया। दोनों ही मामलों में छात्रों ने प्रति कुलपति और रजिस्ट्रार से ठोस कार्रवाई किए जाने की मांग की।

श्री अग्रवाल सभा छावनी के अध्यक्ष बने विनोद

अमृत विचार, लखनऊ : श्री अग्रवाल सभा छावनी सदर बाजार की कार्यकारिणी समिति का गुरुवार को चुनाव कराया गया। इसमें अध्यक्ष पद पर विनोद सिंघल, उपाध्यक्ष राजेश चंद्र अग्रवाल व मंत्री मंदर अग्रवाल को चुना गया। जबकि अशोक कुमार अग्रवाल, भंडाराध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष चेतन, उप मंत्री आशीष कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल निर्विरोध चुने गए। प्रक्रिया चुनाव अधिकारी लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल की देखरेख में हुई। कार्यकारिणी समिति में अमित कुमार अग्रवाल, आलोक कुमार अग्रवाल, डॉ अशोक अग्रवाल, दिनेश कुमार अग्रवाल, कमल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, रामजी अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल, योगेश अग्रवाल चुने गए।

लखनऊ में बसेगा एक और नया शहर

मोहनलालगंज में आवास विकास शुरू करने जा रहा तीन नई योजनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ में एक और नया शहर बसने जा रहा है। आवास विकास परिषद इसे बसाएगा। मोहनलालगंज इलाके में यह नया शहर आकार लेगा। परिषद इसे लेकर लगभग 8,000 एकड़ में तैयारी शुरू कर चुका है। तीन नई योजनाओं के तहत पूरे क्षेत्र का विकास होगा। परिषद ने इसे 'भूमि विकास एवं गृह स्थान योजना मोहनलालगंज' का नाम दिया है।

मुख्य मार्गों तक कनेक्टिविटी बनी रहे, इसे देखते हुए योजना को सुल्तानपुर रोड, शहीद पथ, किसान पथ, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और मोहनलालगंज-गोसाईंगंज राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा जाएगा। परिषद द्वारा फोर लेन सड़क का निर्माण कराया जाएगा। यहां तीन लाख परिवारों और 15 लाख की आबादी को आशियाना मिलेगा। योजनाओं के संचालन पर लगभग 35,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। तीन वर्ष में आवास विकास यह परियोजना लांच करेगा। योजना में भूमि अधिग्रहण के लिए परिषद शीघ्र ही धारा-28 के तहत नोटिस जारी करेगा। परिषद के प्रशासनिक भवन में अध्यक्ष एवं अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित आवास विकास की 264वीं बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगी। बैठक में आवास आयुक्त रणबीर प्रसाद, अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला, वित्त नियंत्रक आदि उपस्थित रहे।

प्लॉट, फ्लैट, कॉमर्शियल भूखंड मिलेंगे : मोहनलालगंज में प्रस्तावित आवास विकास की इन योजनाओं में लगभग तीन लाख परिवारों को आशियाना मिलेगा। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं में आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत भूखंड और फ्लैट सहित मकान भी बनाए जाएंगे। लगभग 15 लाख की आबादी के रहने की सुविधा होगी।

आवास विकास बोर्ड की बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव, आवास आयुक्त, अपर आवास आयुक्त व सचिव। अमृत विचार

- सभी प्रमुख मार्गों से रहेगी कनेक्टिविटी
- तीन लाख परिवारों को मिलेगा आशियाना
- फोर लेन सड़क बनाएगा परिषद
- योजना पर 35,000 करोड़ रुपये होंगे खर्च
- तीन साल में योजना हो जाएगी लांच
- परिषद की 264वीं बोर्ड बैठक में हुआ फैसला

ये हैं प्रस्तावित योजनाएं

- **भूमि विकास एवं गृह स्थान योजना संख्या एक मोहनलालगंज**
  - क्षेत्रफल 250 एकड़
  - मोहनलालगंज-गोसाईंगंज मार्ग पर नई जेल के सामने
  - सिठौली कलां, सिठौली खुर्द
- **भूमि विकास एवं गृह स्थान योजना संख्या दो मोहनलालगंज**
  - क्षेत्रफल 962 हेक्टेयर
  - प्रस्तावित योजना मोहनलालगंज-गोसाईंगंज राष्ट्रीय राजमार्ग, किसान पथ एवं पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से तीन किलोमीटर दूर है।
  - मोहारी कला, भटवारा, रकीबाबाद, सोनाईकन्धेड़ा, सिकन्दरपुर अमोलिया, पहाड़नगर टिकरिया एवं बांढरमऊ कला की जमीन ली जाएगी।
- **भूमि विकास एवं गृह स्थान योजना संख्या तीन मोहनलालगंज**
  - क्षेत्रफल लगभग 481 हेक्टेयर
  - योजना मोहनलालगंज-गोसाईंगंज राष्ट्रीय राजमार्ग एवं पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से लगी है।
  - ग्राम देहरामऊ, पहासा, बेली, शिठौलीकला, शिवलर एवं हबुआपुर की जमीन ली जाएगी।
- **भूमि विकास गृह स्थान योजना संख्या चार मोहनलालगंज**
  - क्षेत्रफल करीब 1322 हेक्टेयर
  - योजना इकाना स्टेडियम व प्लासियो मॉल से 200 मीटर दूर सीजी सिटी और सुल्तानपुर रोड, शारदा नहर, किसान पथ से लगी है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से 1.50 किलोमीटर दूर है।
  - ग्राम बक्कास, मस्तेमऊ, मलूकपुर ढकवा, दुरालमऊ, चौरहिया, चौरासी, नूरपुर बेहटा, माढरमऊ खुर्द, माढरकला व चक कंजेहरा

खाली फ्लैट बेचने के लिए फिर खोला जाएगा पंजीकरण

प्रदेश भर में खाली फ्लैट बेचने के लिए आवास विकास दोबारा पंजीकरण खोलेगा। उप आवास आयुक्त पल्लवी मिश्रा ने बताया कि इस बार पंजीकरण खोलने के 15 दिनों के भीतर फ्लैट बुक करने पर लोगों को फायदा होगा। 15 दिनों के बाद खाली फ्लैट खरीदने पर मूल्य का .25 प्रतिशत अधिक देना होगा।

आवास विकास अगले माह लांच करेगा अयोध्या के भूखंड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आवास विकास अयोध्या अगले महीने सरयू किनारे 1685 एकड़ की भूमि विकास गृहस्थान एवं बाजार योजना की लांचिंग करेगा। फरवरी में योजना में ग्रुप हाउसिंग के लिए भूखंड निकाले जाएंगे। मार्च में आवासीय योजना के लिए पंजीकरण खोला जाएगा।

अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने गुरुवार को आवास विकास मुख्यालय में बोर्ड बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या में भूमि अधिग्रहण का काम लगभग पूरा हो चुका है। विकास कार्य शुरू कराए जा रहे हैं। परिषद ने योजना में पिछले महीने 13 मठ और आश्रम के लिए भूखंड आवंटित किए हैं। इसके अलावा छह होटलों के लिए भूखंड ई-नीलामी के माध्यम से आवंटित किए हैं।

अगले महीने से ग्रुप हाउसिंग भूखंडों के लिए पंजीकरण खोलने जा रहा है। इसके बाद मार्च से योजना में आवासीय भूखंडों एवं भवनों के लिए पंजीकरण खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि देश के कई राज्यों से योजना में जमीन की मांग की जा रही है। उत्तराखंड सरकार की तरफ से गेस्ट हाउस के लिए जमीन ली जा चुकी है। कई देशों और भारत के कई राज्यों के लिए जमीन आरक्षित की गई है इस दौरान उप आवास आयुक्त हिमांशु गुप्ता, पल्ली मिश्रा और मुख्य वास्तुविद नियोजक संजीव कश्यप उपस्थित रहे।

- मार्च में आवासीय योजना के लिए खोलेगा पंजीकरण
- मठों व संस्थाओं के 13 व होटल के छह भूखंड किए आवंटित
- राज्यों के लिए योजना में आरक्षित की जमीन

इन मठ व आश्रमों को जमीन आवंटित

सचिव नीरज शुक्ला के मुताबिक आवास विकास की अयोध्या योजना में मठ और आश्रमों की जमीन लेने के लिए आवेदन आ रहे हैं। परिषद अब तक कर्नाटक के जगद्गुरु वीर सिंह, शनीदेव ट्रस्ट के श्रीकृष्ण कृपा आश्रम, समस्थान गोकरन पर्तगाली, श्रंगेरी शिवगंगा शारदा मठ, बाजली सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन और जयेंद्र सरस्वती स्वामी गल को जमीन आवंटित कर चुका है।

धूप से चढ़ा पारा, गलन से नहीं मिल रही राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : दिन में निकली धूप ने लखनऊ और आसपास के इलाकों में कुछ राहत दी। न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से बढ़कर 9 डिग्री हो गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि पहाड़ों पर चल रही सर्द हवाओं के कारण फिलहाल कोई खास बदलाव आने की संभावना कम है। राजधानी में दिन में धूप निकलने के बाद भी गलन बरकरार है। लोगों का ठंड से बुरा हाल है।

गुरुवार सुबह धुंध और कोहरा देर तक छाया रहा। फिर दोपहर बाद धूप निकली, बढ़ते तापमान के बीच लोगों को राहत कुछ राहत मिली। दिन ढलने पर सर्द हवाएं फिर चलने लगीं। ऐसे में गलन बढ़ गई। मौसम विज्ञानी एके सिंह के अनुसार, आगामी दिनों में मौसम में बदलाव की संभावना कम है। लखनऊ के आसपास धूप तो निकली, लेकिन कोहरे की संभावना बढ़ गई। सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई और बाराबंकी जनपद में कोहरा एक बार फिर बढ़ सकता है।

राजधानी में ठंड का प्रकोप जारी है, लोग गलन से बचने के लिए तरह-तरह के तरीके अपना रहे हैं। इसी क्रम में हजरतगंज चौराहे पर ठंड के बीच व्हीलचेयर से जाती दिव्यांग महिला व अन्य।

- लखनऊ का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा
- कोहरे और सर्द हवाओं से राहत न मिलने के संकेत

राजधानी वासियों को अभी नहीं मिलेगी गलन से निजात

लखनऊ से सटे सीतापुर और हरदोई में आने वाला दिन शीत दिवस का रूप ले सकता है। ऐसे में गलन का असर लखनऊ में देखने को मिलेगा।

8वीं तक के स्कूलों में 20 तक अवकाश बढ़ा

अमृत विचार, लखनऊ : शीतलहर और तापमान को देखते हुए डीएम सूर्यपाल गंगवार ने प्री प्राइमरी से कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों में दो दिनों के लिए अवकाश बढ़ा दिया है। डीएम ने कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों में 20 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। डीएम ने कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक कक्षाएं संचालित करने के आदेश दिए हैं। डीएम ने आदेश दिया है कि विद्यार्थियों को ठंड के प्रकोप से बचाने की पूरी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की होगी। कक्षा में तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए हीटर आदि का प्रयोग करने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही, प्रैक्टिकल या परीक्षा के दौरान भी विद्यार्थियों को खुले में नहीं बैठाया जाएगा।

अलाया अपार्टमेंट हादसा : सपा विधायक शाहिद मंजूर को नहीं मिली राहत

विधि संवाददाता, लखनऊ : अलाया अपार्टमेंट हादसा मामले में सपा विधायक शाहिद मंजूर को कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने उनके अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र के साथ दाखिल किए गए अंतरिम जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। हालांकि अग्रिम जमानत पर 25 जनवरी को सुनवाई होगी। यह आदेश अपर सत्र न्यायाधीश मीना श्रीवास्तव ने शाहिद मंजूर के अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र पर पारित किया। सपा विधायक की ओर से दलील दी गई थी कि कि उक्त मामले से उनका कोई सम्बंध नहीं है व उन्हें मात्र राजनीतिक कारणों से मामले में घसीटा जा रहा है। हालांकि कोर्ट ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए फिलहाल कोई राहत देने से इंकार कर दिया साथ ही अभियोजन से रिपोर्ट भी तलब किया है। अलाया अपार्टमेंट घटना की एफआईआर 25 जनवरी 2023 को हजरतगंज कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने विधायक शाहिद मंजूर के पुत्र नवाजिश, भतीजे मोहम्मद तारिक व फाहद याजदानी के खिलाफ दर्ज कराई थी।

सऊदी से लखनऊ आने वाली उड़ान डायवर्ट

संवाददाता, सरोजनीनगर/लखनऊ

अमृत विचार : कोहरे की वजह से विमान सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं। सऊदी अरब से लखनऊ आने वाली उड़ान को खराब मौसम के कारण मुंबई डायवर्ट करना पड़ा। जबकि चार उड़ानें रद करनी पड़ीं।

मौसम के बिगड़े मिजाज और कोहरे की वजह से जद्दा से लखनऊ आने वाली सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या एसवी 89090 मुंबई डायवर्ट कर दी गई। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, मुंबई से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 5225, आगरा से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7932, लखनऊ से मुंबई जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 2238 और लखनऊ से आगरा जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7928 को रद कर दिया गया। मस्कट से लखनऊ आने वाली सलाम एयर एयरलाइंस की उड़ान संख्या ओवी 701 अपने निर्धारित समय दोपहर 3:15 के बजाय 4:04 पर पहुंची। गोरखपुर से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या 9आई 809 दोपहर 12:45 के बजाय 1:49 पर पहुंची। जयपुर से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7319 दोपहर 1:50 के बजाय 4:32 पर पहुंची। दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आई 5738 दोपहर 2:20 के बजाय 3:20 पर पहुंची। कोलकाता से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 811 अपने 4:20 के बजाय 5: 27 पर पहुंची।

दूसरी ओर लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या ईएक्स 2773 रात 2:05 के बजाय 3 बजे उड़ान भर सकी। लखनऊ से बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 325 सुबह 9:10 के बजाय 10:02 पर रवाना हुई।

लखनऊ से जद्दा जाने वाली सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या एसवी 891 अपने 12:00 बजे के बजाय 4:15 पर रवाना हुई। लखनऊ से गोरखपुर जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या 9आई 810 दोपहर 1:10 के बजाय 2:33 पर उड़ान भर सकी। लखनऊ से गोवा जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 399 दोपहर 3:30 के बजाय 5:45 पर रवाना हुई। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 2683 अपने निर्धारित समय शाम 5:05 के बजाय 6:05 पर गई।

- खराब मौसम के चलते मुंबई भेजा गया विमान, चार अन्य उड़ानें रद
- कोहरे के कारण 11 विमान विलंब से भर सके उड़ान

टीटीई ने युवक को जड़े थप्पड़, निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : बरौनी से लखनऊ आ रही बरौनी-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस में एक टीटीई को यात्री से अनुचित व्यवहार करना महंगा पड़ गया। ट्रेन नंबर 15203 बरौनी-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस गुरुवार को लखनऊ आ रही थी। यह ट्रेन जब गोंडा से लखनऊ के बीच चल रही थी, तब पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मुख्यालय के टीटीई प्रकाश टिकट की चेकिंग कर रहे थे। स्लीपर क्लास बोगी में एक युवक बिना टिकट मिला। बेटिकट युवक से जुर्माना वसूलने के स्थान पर टीटीई प्रकाश ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। आसपास बैठे यात्रियों ने जब हस्तक्षेप करने का प्रयास किया तो टीटीई ने उनसे भी अभद्रता की। एक यात्री जब वीडियो बनाने लगा तो टीटीई ने उससे भी अभद्रता की। जब इसकी जानकारी मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुज प्रताप सिंह को हुई तो उन्होंने आरोपी टीटीई से जवाब मांगा। मामला सीनियर डीसीएम आशुतोष गुप्ता तक पहुंचा तो उन्होंने टीटीई को तत्काल निलंबित करते हुए जांच के आदेश दिए।

रोजाना दो घंटे सुनी जाएगी उपभोक्ताओं की शिकायत

अमृत विचार, लखनऊ : ओटीएस योजना के खत्म होने के बाद उपभोक्ताओं की शिकायतों को अब उपकेंद्र पर ही सुना जाएगा। कार्यालयों के चक्कर लगाने से बचाने के लिए बिजली अधिकारियों ने रोजाना दो घंटे उपकेंद्रों पर ही बैठने का फैसला किया है। इस बीच, उपभोक्ताओं के बिलों के समायोजन के साथ ही नए कनेक्शनों को देने में हो रही देरी के मामलों को निपटाया जाएगा। लेसा अधिकारियों के अनुसार, एकमुश्त समाधान योजना के खत्म होने के बाद भी हजारों उपभोक्ताओं पर बकायेदारी है। जिनको वसूलने के लिए कर्मचारियों को उनके घरों में भेजा जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं के बिलों में गड़बड़ी है, मीटर खराबी के कारण बिल अधिक आ रहा है और नए कनेक्शनों को दिए जाने में हो देरी हो रही है इसके संबंधित समस्याओं को देखा जाएगा। मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने यह जानकारी दी है।

तैयारी | पॉवर कारपोरेशन ने जारी किए निर्देश, वरिष्ठ अधिकारियों सहित उपकेंद्र के अधिकारी करेंगे निरीक्षण

रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग होंगे बिजली उपकेंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के बिजली उपकेंद्रों को दुल्हन की तरह सजाए जाने का काम शुरू हो गया है। पॉवर कॉरपोरेशन ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उपकेंद्रों पर स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई कार्य को तेजी से किया जा रहा है।

लेसा अधिकारियों के अनुसार, प्राण प्रतिष्ठा समारोह को यादगार बनाने के सभी उपकेंद्रों के अधिकारी एकजुट हैं। राजधानी के हर एक उपकेंद्र परिसर को झॉलरों, बल्बों और फूलों से सुसज्जित किया जाएगा। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को यादगार बनाने के लिए बिजली विभाग भी उत्साहित हैं। बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जहां शहर में सुचारू बिजली व्यवस्था की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, अपने उपकेंद्रों को भी सजाने में जुट गए हैं। गुरुवार को राजधानी के सभी उपकेंद्रों सहित अधीक्षण कार्यालयों पर साफ-सफाई की गई है।

मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने बताया कि समारोह के दिन 24 घंटे लाइट देने के लिए हमारी तैयारी तकरीबन पूरी हो चुकी है। साथ ही सभी जोन कार्यालयों से लेकर बिजली घरों को सजाया जा रहा है। इस दिन सभी उपकेंद्र रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाते नजर आएंगे। इस दौरान विभाग के सभी आला अधिकारी कार्यों का जायजा लेंगे।

निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए शुरू हुआ अनुरक्षण कार्य

अमृत विचार, लखनऊ : सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए शहर के विभिन्न उपकेंद्रों पर अनुरक्षण कार्य किया जा रहा है। इसके लिए पॉवर कारपोरेशन ने उपकेंद्रों पर बिजली उपकरणों को भेजने के साथ ही उपकेंद्र अधिकारियों को खराब पडे ट्रांसफॉर्मरों को सही करा कर विकल्प में रखने का निर्देश जारी किया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, सभी उपकेंद्र स्टोरों पर पर्याप्त बिजली उपकरणों का स्टॉक है। लाइन फॉल्ट से लेकर ट्रांसफॉर्मरों में किसी तरह की गड़बड़ी आने की दशा में इसे तुरंत ठीक किया जा सकेगा। मुख्य अभियंता सिस रजत जुनेजा ने बताया कि सभी उपकेंद्र अधिकारियों को अपने इलाकों में लगे ट्रांसफॉर्मरों, पेटी बॉक्स इन्सुलेटर और एबीसी लाइनों को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही कर्मचारियों के कम से कम दो गैंगों को उपकेंद्र पर ही रहने को कहा गया है।

एक नजर

आज से होगी दो दिवसीय वर्कशाप

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वर्कशाप का आयोजन किया जा रहा है। विवि परिसर में एनसीसी कैडेट्स के लिए आयोजित कार्यशाला में व्यक्तित्व विकास पर बल दिया जाएगा। शुक्रवार से लेकर शनिवार तक चलने वाले कार्यक्रम में एसएसबी मेंटॉरशिप को भी सम्मिलित किया गया है।

23 को होगी बीए पंचम सेमेस्टर की परीक्षा

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए पंचम सेमेस्टर की परीक्षा का आयोजन 23 जनवरी को होगा। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एम प्रियदर्शिनी का कहना है कि इस परीक्षा में इंटर्नशिप और टर्म पेपर को सम्मिलित किया गया है।

अयोध्या परिवर्तन पर शुरू होगा पाठ्यक्रम

लविवि : एमबीए में नए पाठ्यक्रम की होगी शुरुआत , व्यापार प्रशासन विभाग ने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को आधार बनाकर लखनऊ विश्वविद्यालय एक नए अध्याय का आरंभ करने जा रहा है। यहां अयोध्या परिवर्तन के नाम पर एमबीए में एक पाठ्यक्रम की शुरुआता होगी। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य एक प्राचीन शहर का एक आधुनिक तीर्थस्थल में होने वाले परिवर्तन के अध्ययन पर होगा।

लविवि में इस पाठ्यक्रम की शुरूआत व्यापार प्रशासन विभाग करेगा। लखनऊ विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया है कि इस पाठ्यक्रम को तैयार करने में डिजायन और परिणामों को ध्यान में रखा गया है। विश्वविद्यालय (लुंबा) अपने एमबीए कार्यक्रम में अयोध्या के परिवर्तन पर एक पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अयोध्या के सभी क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित करके एक प्राचीन शहर से एक आधुनिक तीर्थस्थल में होने वाले परिवर्तन का अध्ययन करना है। कुलपति बताते हैं कि इस पहल को छात्रों के लिए अयोध्या में परिवर्तनों को देखने और अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से इसे आत्मसात करने का एक आदर्श अवसर प्राप्त होगा।

व्यापार प्रशासन विभाग

इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग के होंगे चार सेमेस्टर

एमबीए प्रोग्राम में इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग के तहत इस विषय को सम्मिलित किया गया है। इस पर चतुर्थ सेमेस्टर में चार क्रेडिट कोर्स प्रस्तुत किये जाएंगे। इससे छात्रों को विभिन्न कार्यात्मक स्तरों पर प्रबंधन के संदर्भ में अयोध्या के वास्तविक समय परिवर्तन का अध्ययन करने का मौका मिलेगा।

संवाद और प्रक्रिया का होगा विश्लेषण

बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की प्रमुख प्रोफेसर संगीता साहू का कहना है कि पाठ्यक्रम को तैयार करने, अयोध्या के निवासियों के साथ संवाद करने और प्रक्रिया का विश्लेषण करने का मौका मिलेगा। इसमें इंटर्नशिप, परियोजनाओं और क्षेत्र अध्ययन भी शामिल रहेगा। यह पाठ्यक्रम छात्रों को कौशल विकास में योगदान करने में मदद करेगा।

परीक्षा में नकल करती पकड़ी गई छात्रा

लखनऊ : लखनऊ विवि और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में आयोजित परीक्षाओं में एक छात्रा नकल सामग्री के साथ पकड़ी गई। छात्रा की कॉपी को नकल सामग्री के साथ संलग्न करते हुए सील कर दिया गया है। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं के दौरान कुल 543 छात्र अनुपस्थित भी रहे।

गुरुवार सुबह आयोजित पहली परीक्षा में एक छात्रा को अनुचित सामग्री के साथ सचल दस्ते द्वारा पकड़ा गया। छात्रा की ए कॉपी को प्रशासनिक कर्मियों द्वारा कब्जे में लेकर नकल सामग्री को भी सील किया गया। पहली पाली की परीक्षाओं में कुल 506 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में अनुपस्थित छात्रों की संख्या 37 रही। कुल 543 छात्र परीक्षा के दौरान अनुपस्थित पाए गए हैं।

लविवि परिसर में प्रदर्शन करते छात्र। अमृत विचार

लखनऊ विवि प्रशासन छात्रों का छीन रहा अधिकार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र संगठन एनएसयूआई ने धरना देते हुए प्रदर्शन किया। कहा कि विवि प्रशासन उनके अधिकार छीन रहा है। जब शिक्षकों की उपस्थिति पूरी नहीं है, तो छात्रों पर क्यूं सवाल खड़े किये जा रहे हैं। इन्हीं सब मांगों से जुड़े मामलों को आधार बनाते हुए प्रति कुलपति को ज्ञापन भी सौंपा गया। लखनऊ विवि में इन दिनों छात्रवृत्ति प्रकरण का मुद्दा जोरों पर है। एनएसयूआई के इकाई अध्यक्ष शुभम खरवार ने विवि परिसर में धरना दिया। छात्र संगठन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी इस दौरान मौजूद रहे। इकाई अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा जब शिक्षकों की उपस्थिति 75 फीसद नहीं है तो छात्रों की उपस्थिति को लेकर क्यूं सवाल खड़े किये जा रहे हैं। इकाई अध्यक्ष का कहना है कि निर्धन छात्रों को छात्रवृत्ति से भी वंचित किया जा रहा है। इन्हीं मुद्दों को आधार बनाते हुए प्रति कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर राणा सुधांशु शर्मा, अंकुश, अमित यादव, मोहम्मद अरसलान, आयुष, शिवम, हर्षित शुक्ल सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालयों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के विश्वविद्यालयों में स्वच्छता अभियान के आयोजन हुए। इस अवसर पर छात्रों को स्वच्छता की अलख जगाए रखने के लिए प्रेरित भी किया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में मुख्य एवं द्वितीय परिसर स्थित छात्रावासों में एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी अभिरक्षक, सहायक अभिरक्षक, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी सहभागिता की गई। मुख्य परिसर में प्रो. मनोज शर्मा, डॉ. भुवनेश्वरी, डॉ. अलका मिश्रा एवं अन्य अभिरक्षक, सहायक अभिरक्षक सहभागी बने। वहीं नवीन परिसर से डॉ. अर्चना सिंह समेत अन्य ने विशेष रूप से स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इसी कड़ी में बीबीएयू, एकेटीयू, भाषा सहित अन्य विवि में स्वच्छता अभियान की अलख जगाई गई।

स्वच्छता अभियान के तहत आचार्य नरेन्द्र देव छात्रावास में साफ-सफाई करते कर्मचारी। अमृत विचार

▸▸ लखनऊ विश्वविद्यालय सहित अन्य विवि में हुए आयोजन

विदेशी छात्र भी हुए सम्मलित

लविवि में हुई साफ-सफाई के दौरान विदेशी छात्र -छात्राएं भी सम्मिलित हुए। इन्होंने अपने कमरों को साफ किया। उधर अन्य छात्रों द्वारा लॉन्स, गार्डन्स, मेस, और बरामदों की साफ सफाई की गई। दिन में चले अभियान में आचार्य नरेंद्र देव एवं बीरबल साहनी छात्रावास में रह रहे विदेशी छात्रों ने बढ़- चढ़कर प्रतिभाग किया।

मुख्यालय में प्रत्येक कर्मी की लगेगी बायोमेट्रिक्स हजारी

लखनऊ : बिना बताए कार्यालय से गायब रहने वाले कर्मियों की अब खैर नहीं। समाज कल्याण मुख्यालय में बायोमेट्रिक्स की तैयारी है। इसका परीक्षण शुरू कर दिया गया है।

बता दें कि अधिकतर सरकारी कार्यालयों में बायोमेट्रिक्स से उपस्थिति लगाई जाती है। अभी कार्यालय आने पर और शाम को जाने पर बायोमेट्रिक्स कराई जा रही है। परीक्षण पूरा होने के बाद किसी भी समय कार्यालय छोड़ने पर बायोमेट्रिक्स करनी पड़ेगी। बिना बायोमेट्रिक्स के अगर कार्यालय से कोई गायब मिला तो उससे जवाब-तलब किया जाएगा। परीक्षण अगर सफल रहता है तो भविष्य में प्रदेश के 75 जिलों में संचालित हो रहे 94 आश्रम पद्धति विद्यालय में भी बायोमेट्रिक्स की व्यवस्था लागू की जाएगी।

कैंपस प्लेसमेंट में चार छात्रों का चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : निजी कंपनी ने लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रशासन विभाग में वर्चुअल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। काउंसलिंग के बाद विवि के चार छात्रों का चयन किया। औपचारिक सूचनाओं के बीच कई सारी जानकारियां भी साझा हुईं।

निजी कंपनी द्वारा कैंपस ड्राइव चयन को लेकर लविवि में पहले से ही सूचनाएं छात्रों को दे दी गई थी। ऐसे में कैंपस ड्राइव के दौरान काफी संख्या में छात्र इकट्ठा हो गए। एक-एक कर विशेषज्ञों द्वारा काउंसलिंग की गई। जिसमें चार छात्र गौरव पांडे, सचिन सिंह, पीयूष कुमार और प्रवीण सिंह का चयन किया गया। प्लेसमेण्ट ड्राइव के दौरान विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू, प्लेसमेंट एवं करियर डेवलपमेंट सेल के समन्वयक डॉ. अनु कोहली, डॉ. वेद श्रीवास्तव, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

सचिन सिंह | पीयूष कुमार | गौरव पाण्डेय | प्रवीण सिंह

थियेटर एंड फिल्म वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा सप्रू मार्ग स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यशाला के दौरान युवा व एसोसिएशन के पदाधिकारी।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र वैभव मिश्रा को उसके अनैतिक कार्य व आये दिन परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करने के कारण उसको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुये उससे समस्त सम्बन्ध समाप्त करता हूं। उसके द्वारा किये गये कोई भी अवैधानिक कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **विजय कुमार पुत्र रामेश्वर प्रसाद निवासी 73क आलमनगर थाना कोतवाली नगर, तहसील व जिला सीतापुर**

सूचना

सूचित हो कि **मुख्तार आलम पुत्र मकसूद आलम बाक़ीनगर जिदौर रहीमाबाद** का है। यह कि प्लाट संख्या 10ए का खसरा संख्या 74 का मिनजुमला रकबा 500 वर्ग फ़ीट यानी 168 स्थित ग्राम मलहपुर वार्ड हैदरगंज तहसील लखनऊ की रजिस्ट्री जो कि 31/03/2003 की है कहीं गुम हो गई है यदि किसी को मिलती है तो नीचे दिये नम्बर 9839220726 पर सम्पर्क कर वापस करने की कृपा करें। अन्यथा कोई भी इस रजिस्ट्री को पाने के बाद इसका दुरूपयोग करना चाहे तो उसे गैर कानूनी व फर्जी माना जाये।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल अतुल कुमार दुबे पुत्र श्री सुरेंद्र कुमार दुबे निवासी एफ – 5421, सेक्टर–11, राजाजीपुरम, आवास विकास कॉलोनी, लखनऊ उ.प्र. की सम्पत्ति मकान नंबर एफ–5399 स्थित ब्लॉक–एफ, राजाजीपुरम, लखनऊ से सम्बन्धित दस्ता. आवंटन पत्र, कब्ज़ा पत्र एवं मूल बैनामा (chain deed) जो क्रमांक संख्या 8737 दिनांक 22/12/2000 पर उपनिबंधक लखनऊ में पंजीकृत है। जो कि दिनांक 15.01.2024 को मेरे मुव्वकिल से गायब/गिर गये हैं। जिस किसी को उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित दस्ता. पर कोई आपत्ति/क्लेम है तो अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें। **बी0एन0 त्रिपाठी एड0, पता सी–15, नेहरू विहार, कल्यानपुर, लखनऊ। मो0 9336127853**

सार-संक्षेप

बच्चों के साथ भाषा विवि के प्रवक्ता। अमृत विचार

पाठशाला के बच्चों को बांटे गर्म कपड़े

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की ओर से निर्धन परिवारों के बच्चों को गर्म कपड़े बांटे गए। इस दौरान प्रवक्ताओं को बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। भाषा विवि के कुलपति प्रो. एनबी सिंह के निर्देशन में विश्वविद्यालय विवि परिवार द्वारा विभिन्न खाद्य सामग्री, ऊनी कपड़ों एवं कंबल का वितरण किया गया। वितरण के दौरान निर्धन परिवार के बच्चों को शिक्षा संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभय कृष्णा, डॉ. रामदास, कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. सुमन मिश्रा एवं अन्य शिक्षकगण तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

ड्राइंग प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा ने जीता प्रथम पुरस्कार

एरीना खान

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की छात्रा एरीना खान ने अन्तर-विद्यालयी ड्राइंग एण्ड पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित किया। यह प्रतियोगिता एसोसिएशन ऑफ स्कूल्स फॉर द इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट (एएसआईएससी) के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मण्डल ने छात्रा की सृजनात्मक व रचनात्मक प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

विलंब से चलेंगी आधा दर्जन ट्रेनें

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के ऐशबाग-मानकनगर खंड पर पैदल उपरिगामी पुल के ध्वस्त किए जाने के कारण गाड़ियां जहां लेट होंगी वहीं कई गाड़ियों को रि शेडयूल कर चलाया जाएगा। जिन ट्रेनों को विलम्ब से चलाया जाएगा, उनमें ट्रेन नंबर 22453 लखनऊ जं.-मेरठ सिटी एक्सप्रेस 18 एवं 20 जनवरी को लखनऊ जं. से 15 मिनट विलम्ब से चलायी जायेगी। ट्रेन नंर 12179 लखनऊ जं.-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस 19 जनवरी को लखनऊ जं. से 30 मिनट विलम्ब से चलायी जाएगी। ट्रेन नंबर 22453 लखनऊ जं.-मेरठ सिटी एक्सप्रेस 19 जनवरी को मेरठ सिटी से 1:30 घंटा, ट्रेन नंबर 11110 लखनऊ जं.-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी एक्सप्रेस 19 जनवरी को लखनऊ जं. से 2 घंटा, ट्रेन नंबर 12180 आगरा फोर्ट-लखनऊ जं. एक्सप्रेस 21 जनवरी को आगरा फोर्ट से 240 मिनट और ट्रेन नंबर 12179 लखनऊ जं.-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस 22 जनवरी को लखनऊ जं. से 65 मिनट रि-शिड्यूल कर चलायी जाएगी।

प्रसोनजीत के शास्त्रीय गायन ने किया मुग्ध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ में गुरुवार को सारदा देवी की 171वीं जयंती पर शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कनाडा के शास्त्रीय गायक पं. प्रसोनजीत देवधारिया ने राग हंसध्वनि में विलम्बित द्रुत ख्याल गाया और भजनों की एक श्रंखला पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। उनके साथ तबले पर लखनऊ घराने के पार्थ प्रतिम मुखर्जी और हारमोनियम पर डॉ. बीजू भगवती ने शानदार संगत की।

पं. प्रसोनजीत देवधारिया शास्त्रीय संगीत की दूसरी पीढ़ी के कलाकार हैं। उन्होंने अपने चाचा मिहिर कुमार देवधारिया से शास्त्रीय संगीत की प्रारम्भिक शिक्षा ली। बाद में उन्होंने लखनऊ के भातखंडे संगीत महाविद्यालय में पं. गणेश प्रसाद मिश्र, उस्ताद अमीर खान और डॉ. सुरेन्द्र शंकर अवस्थी से गुरु-शिष्य परम्परा के तहत सीखा। कम उम्र में ही देवधारिया बहुमुखी कलाकार के रूप में विख्यात हो गए। उन्होंने अपने गायन में विभिन्न घरानों, शैलियों, आगरा, पटियाला, अल्लादिया खान घराना को सीखा और उन्हें मिश्रित कर लिया। वह अमीर खान के इंदौर घराने की प्राचीन शुद्धता को अभी भी कायम किये हुए हैं।

विभिन्न सम्मानों से अलंकृत प्रसोनजीत ने विभिन्न रागों और तालों में अपनी 650 से अधिक ख्याल रचनाएं बनाई हैं। उन्होंने कुछ नये राग भी बनाये हैं और इन दिनों उन्हें पुस्तक के रूप में संकलित करने की प्रक्रिया में हैं। पिछले 24 साल से कनाडा में भारतीय शास्त्रीय संगीत की शिक्षा देने का काम कर रहे हैं।

भजन गाते कनाडा के शास्त्रीय गायक पं. प्रसोनजीत देवधारिया व अन्य।

▸▸ सारदा देवी की जयंती पर शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम आयोजित

युवा पीढ़ी को दिया गया फिल्म और वेब सीरीज में काम करने का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : थियेटर एंड फिल्म वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा सप्रू मार्ग स्थित कार्यालय में युवा पीढ़ी को फिल्म और वेब सीरीज में काम करने के लिए कार्यशाला के जरिये प्रशिक्षण दिया गया। ऑडीशन के माध्यम से चुने गए प्रतिभागियों से फिल्म निर्देशक आशीष कश्यप ने फिल्म और वेब सीरीज के निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। आशीष कश्यप ने प्रतिभागियों को बताया कि सिनेमा में अभिनय एक विशेष कला है। फिल्म में कलाकार अपनी भूमिका को साकार रूप में प्रस्तुत करता है। उन्होंने बताया कि सिनेमा में अभिनय सिर्फ शब्दों और भाषा के माध्यम से ही नहीं होता बल्कि इसमें अनुभूति और भावनाओं को भी व्यक्त करना होता है। नव अंशिका फाउंडेशन की अध्यक्ष नीशू त्यागी और एसोसिएशन के सचिव दबीर सिद्दीकी ने बताया कि आधुनिक सिनेमा का आधार शक्तिशाली विचार और कहानी है।

खरीफ फसलों का जिले नहीं कर पाए आकलन

लखनऊ : प्रदेश में खरीफ फसलों के उत्पादन और नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है। जबकि फसलें अक्टूबर व नवंबर में कट गईं थी। इससे फसल बीमा के साथ अन्य प्रक्रिया लंबित है।

इसका सर्वे फसल कटने के दौरान 15 से 20 दिन में कर फीडिंग की जाती है। इससे जिलों व प्रदेश में उपज का आकलन निकलता है। इसी आधार पर नुकसान तय किया जाता है और फसल बीमा के तहत उपज कम निकलने पर किसानों को क्षतिपूर्ति दी जाती है। लेकिन, काफी समय बीतने के बाद जिलों से क्रॉप कटिंग की रिपोर्ट कृषि निदेशालय नहीं भेजी गई है। जबकि रबी का आधा सीजन बीत चुका है। उपनिदेशक उमाशंकर सिंह ने बताया कि इसकी प्रक्रिया चल रही है। रिपोर्ट मांगी गई हैं।

आकर्षण का केंद्र बना शो योर टैलेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सृजन फाउंडेशन द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश महोत्सव में सुमित अरोड़ा प्रोडक्शन द्वारा आयोजित शो योर टेलेन्ट का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत गोरखपुर से आये योद्धा डांस क्लब ने भारत के सभी मुख्य त्योहारों पर अधारित समूह नृत्य की प्रस्तुति से हुई। अनन्या वर्मा ने सजना है मुझे सजना के लिए गाने पर मनभावन नृत्य किया। इस कार्यक्रम देश भर से आए 40 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में नृत्य, गायन, माडलिंग की प्रस्तुतियां दीं। इस कार्यक्रम में चयनित बच्चों को सुमित अरोड़ा प्रोडक्शन अपने अगले कार्यक्रम फेस ऑफ भारत में मौका देगा, ताकि इन बच्चों की प्रतिभा को आगे आने का मौका मिल सके।

महोत्सव में सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अमित सक्सेना, आईपीएस आलोक श्रीवास्तव, डॉ. अर्चना सक्सेना, राजेश राज गुप्ता, पंकज तिवारी, रोमा श्रीवास्तव, शैलेन्द्र मोहन, अजय यादव, स्वाति जैन, पारुल श्रीवास्तव, मुकेश मिश्रा व महोत्सव से जुड़े पदाधिकारियों ने हनुमान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

सुमित अरोड़ा प्रोडक्शन द्वारा आयोजित शो में विजयी प्रतिभागियों के साथ अतिथि।

▸▸ महोत्सव में देश भर से आए 40 प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ** द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है। **क्र. सं.**-1, **ई निविदा संख्याः** NER-LJN-2024-07, **कार्य का नामः** लखनऊ मंडल सब डिवीजन समइ/स्पेशल/गोण्डा- वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/तृतीय/लखनऊ जं0 के अधीन सी.से. इंजी/पीवे/गोण्डा के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी.वे. गतिविधियों का रखरखाव (02 साल के लिए)। **अनुमानित लागत** (₹): ₹ 5,25,63,808.34, **अग्रिम धन** (₹): ₹ 4,12,800.00, **समापन अवधिः** 24 माह, **क्र.सं.**-2, **ई निविदा संख्याः** NER-LJN-2024-08, **कार्य का नामः** लखनऊ मंडल सब डिवीजन समइ/लाइन/लजं0- वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/तृतीय/लखनऊ जं0 के अधीन सी.से. इंजी/पीवे/ऐशबाग, बादशाहनगर एवं जरवल रोड के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी.वे. गतिविधियों का रखरखाव (02 साल के लिए), **अनुमानित लागत** (₹): ₹ 5,09,98,254.74, **अग्रिम धन** (₹): ₹ 4,05,000.00, **समापन अवधिः** 24 माह। **नोटः** (1) उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2024-07-08 तक के लिए ई-निविदा दिनांक **07.02.2024** को **15:00 बजे** तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय **15.00 बजे** के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। (2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें। **मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग मुजाधि/डब्ल्यू-511 लखनऊ**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग, लखनऊ

पत्रांकः 1988/ई0ई0(एच0क्यु0)/2023-24
दिनांकः 18/01/2024

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 30/01/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 30/01/2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 30/01/2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या–69, जे0सी0 बोस वार्ड मे फायर स्टेशन मन्दिर के निकट, हज़रतगंज मे नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00
2. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या–56, विद्यावती वार्ड द्वितीय मे रामेश्वर महादेव मंदिर, चरणभट्टा, रायबरेली रोड में नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00
3. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा फाजिल नगर (कशमीरी मोहल्ला वार्ड) मे मो0 आमिर के घर के पास नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00

अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

कुप्रबंधन हज-2024 के लिए उत्तर प्रदेश से सिर्फ 20,500 लोगों ने ही किया आवेदन

2023 की तरह 2024 का हज भी होगा दुश्वारियों भरा : अनीस मंसूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने कहा कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार और हज कमेटी ऑफ इंडिया के कुप्रबंधन की वजह से वर्ष 2023 की तरह से 2024 में होने वाला हज भी दुश्वारियों से भरा होगा।

बेलदारी लेन स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए अनीस मंसूरी ने कहा कि हज-2024 के लिए उत्तर प्रदेश से सिर्फ 20,500 लोगों ने ही हज के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों से भी काफी कम संख्या में इस साल हज के लिए आवेदन मिले हैं।

उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र से 27500, केरल से 25200, गुजरात से 20700, तेलंगाना से 11500, राजस्थान से 4117 और दिल्ली से 2500 लोगों ने हज के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि हज के लिए इतने कम आवेदनों की असल वजह यह है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और हज कमेटी ऑफ इंडिया ने सुनियोजित तरीके से हज कमेटी ऑफ इंडिया के पोर्टल को खत्म करके एनआईसी का पोर्टल इस्तमाल किया। इस पोर्टल का सर्वे आये दिन डाउन रहा। यहां तक कि हज आवेदन की आखिरी तारीख 15 जनवरी को यह पोर्टल पूरी तरह से ठप रहा।

अनीस मंसूरी ने बताया कि समाजवादी पार्टी की सरकार में हज आवेदन के लिए 300 रुपये लिए जाते थे। तब उत्तर प्रदेश से 65 हजार से 70 हजार के बीच लोग आवेदन करते थे। इनमें से 36 हजार से ज्यादा लोग हज के लिए जाते थे। मौजूदा सरकार ने हज आवेदन को निशुल्क कर दिया है लेकिन इसके बावजूद इस साल सिर्फ 20,500 लोगों ने ही आवेदन किया। पिछले साल उत्तर प्रदेश से हज का कोटा 31,180 था लेकिन सिर्फ 26,786 लोगों ने ही आवेदन किया। उसमें भी सिर्फ 24,872 लोग ही हज करने गए। इस बार आवेदन करने वाले सभी 20,500 लोग अगर हज करने चले जाएं तो भी इस बार 10680 सीटें खाली जाएंगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि हज में तमाम दुश्वारियां इसलिए पैदा की जा रही हैं ताकि सरकारी कोटे से बची सीटों को निजी टूर ऑपरेटरों को बेचा जा सके। उन्होंने कहा कि हज पर जाने वाले 85 फीसदी पसमांदा मुसलमान हैं जो सालों से अपने खून पसीने की कमाई जोड़कर इकट्ठा करते हैं, लेकिन हज के लिए आवेदन भरने से लेकर मक्का और मदीना में रहने और हज कर वापस आने तक तमाम दुश्वारियों का सामना करते हैं।

प्रेस वार्ता करते अनीस मंसूरी व अन्य।

31 तक बढ़ायी जाए आवेदन की तारीख

अनीस मंसूरी ने केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी से मांग की है कि हज आवेदन की तारीख 31 जनवरी तक बढायें। एनआईसी के पोर्टल में होने वाली खराबी की जांच कराकर दोषियों को दंडित करें। इस मौके पर मौलाना इलियास मंसूरी, हाजी नसीम, खुर्शीद आलम सलमानी, एजाज अहमद और असलम नदवी आदि मौजूद रहे।

कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन की जीत में सम्यक का कमाल

लखनऊ : मैन ऑफ द मैच सम्यक त्रिवेदी (77) के नाबाद अर्धशतक से कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी को एकतरफा आठ विकेट से पराजित किया। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.3 ओवर में 117 रन पर ऑल आउट हो गई। अभय कुमार भारद्वाज ने सबसे ज्यादा 26 रन बनाए। जवाब में कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने लक्ष्य का पीछा कार्य हुए 16.3 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाकर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज सम्यक त्रिवेदी ने 60 गेंदों पर 10 चौके व चार छक्के से नाबाद 77 रन की पारी खेलकर टीम को जीत की मंजिल तक पहुंचाया।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

एक नजर

सार्वजनिक स्थलों की सफाई में कमी न रहे: नगर विकास मंत्री

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई व्यवस्था में कोई कमी न रहे। नगर विकास मंत्री गुरुवार को नगरीय निकाय निदेशालय में स्वच्छ तीरथ अभियान की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को अपने धार्मिक, ऐतिहासिक, पर्यटक व सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई व कचरामुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

फैजुल्लागंज में बिजली नहीं आने से उपभोक्ता परेशान

अमृत विचार, लखनऊ : आरडीएसएस योजना के तहत ट्रांसगोमती क्षेत्र के बीकेटी, जानकीपुरम और इंदिरा नगर में जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। इसके चलते गुरुवार को इन क्षेत्रों के कई इलाकों में घंटों बिजली बाधित रही। वहीं फैजुल्लागंज क्षेत्र में फीडरों के मेंटीनेंस कार्य के चलते घंटों बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। ट्रांसगोमती में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जर्जर तारों और खंभों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते बीकेटी के चंद्रिका देवी मंदिर, जानकीपुरम के सेक्टर एच, ओ और इंजीनियरिंग कॉलेज और इंदिरानगर के सेक्टर 14, हरिहर नगर समेत आसपास के इलाकों में घंटों बिजली गुल रही।

बालिका और शिशु गृह के लिए खरीदे जाएंगे लैपटॉप

अमृत विचार, लखनऊ : महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित बालिका गृह और शिशु गृह में कंप्यूटर प्रशिक्षण देने और शैक्षिक स्तर बढ़ाने के लिए लैपटॉप खरीदे जाएंगे। लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 21वीं बोर्ड बैठक में खरीद के लिए 93 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। बोर्ड में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि केडी सिंह बाबू स्टेडियम में लगभग छह करोड़ रुपये से सिविल कार्य, सीसीटीवी कैमरे, खेल उपकरण और अन्य सामग्री के लिए सहमति प्रदान की गई।

उम्र पूरी कर चुकीं सीएनजी बसें हटेंगी : मंडलायुक्त

सिटी ट्रांसपोर्ट की बोर्ड बैठक में जैकब ने कहा- मूल विभाग भेजे जाएंगे चालक और परिचालक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मंडलायुक्त रोशन जैकब ने कबाड़ हो चुकीं सिटी बसों को हटाने की मंजूरी दे दी है। गुरुवार को लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट की बोर्ड बैठक में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने उम्र पूरी कर चुकीं सीएनजी बसों को हटाए जाने का निर्देश दिया।

मंडलायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित हुई निदेशक मंडल की 45वीं बैठक गुरुवार को लखनऊ स्मार्ट सिटी कक्ष में हुई। बैठक में मंडलायुक्त ने कहा है कि सीएनजी सिटी बसें हटने पर वर्तमान में कार्यरत चालक और परिचालक अतिरिक्त हो जाएंगे। इन चालकों-परिचालकों को पीआरडी, रोडवेज जैसे मूल विभाग में वापस भेजा जाए। बैठक में वन यूपी, वन कार्ड को बढ़ावा देने के लिए यात्रियों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं छात्रों को सस्ती व सुविधाजनक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराए जाने की दृष्टि से 60 ट्रिप की यात्रा करने के लिए 30 ट्रिप के किराये के आधार पर एमएसटी दी जाए।

अधिकारियों के साथ बैठक में मौजूद मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

बोर्ड बैठक में नगर आयुक्त, नगरीय परिवहन निदेशालय के निदेशक, आरटीओ, प्रबंध निदेशक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि संविदा चालकों -परिचालकों को उत्तम और उत्कृष्ट योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए पांच वर्ष की बाध्यता को खत्म कर तीन वर्ष की स्वच्छ सेवा पूरी करने पर योजना का लाभ दिया जाएगा।

12 संस्थानों में पिछड़ा वर्ग की भी होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ समेत पांच जिलों के शिक्षण संस्थान में फर्जीवाड़े की आशंका
- इससे पहले समाज कल्याण विभाग ने दिए हैं जांच के निर्देश

अमृत विचार : लखनऊ, हरदोई, फर्रुखाबाद, मिर्जापुर व फतेहपुर के 12 शिक्षण संस्थानों में गंभीर अनियमितता की जांच पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग भी कराएगा। निदेशक ने संबंधित जिलाधिकारी को जांच के लिए पत्र लिखा है। इससे पहले इन्हीं संस्थानों में समाज कल्याण विभाग द्वारा जांच की प्रक्रिया चल रही है।

पिछले वर्ष दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, दिल्ली के अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, ओडिसा, तमिलनाडु व जम्मू कश्मीर के शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया था। 28 शिक्षण संस्थानों में गंभीर अनियमितता मिली थीं। इसमें लखनऊ के पांच, फर्रुखाबाद का एक, हरदोई के चार, मिर्जापुर का एक व फतेहपुर का एक संस्थान शामिल है। इन संस्थानों की व पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की जांच के निर्देश दिए थे। इस क्रम में समाज कल्याण विभाग ने 2022-23 की पूर्वदशम एवं दशमोत्तर की छात्रवृत्ति रोकते हुए पिछले सप्ताह संबंधित जिलाधिकारी को जांच कराने के लिए लिखा था। अब पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने भी जांच के लिए जिलाधिकारी को लिखा है।

आउटसोर्सिंग के माध्यम से परिचालकों की भर्ती जल्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिवहन निगम ने छह क्षेत्रों के लिए निकाली भर्ती

अमृत विचार: उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम आउटसोर्सिंग के माध्यम से 1649 परिचालकों की भर्ती करेगा। इस संबंध में परिवहन निगम ने गुरुवार को सूचना जारी की। सेवायोजन पार्टल के माध्यम से यह भर्ती की जाएगी।

इच्छुक व्यक्ति सेवायोजन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। परिवहन निगम के पीआरओ अजीत सिंह ने बताया कि प्रदेश के छह क्षेत्रों में परिचालकों की भर्ती की जानी है। इसके लिए अर्हता इंटरमीडिएट और सीसीसी प्रमाण ट्रिपल सी होना अनिवार्य है। भर्ती के नाम पर यदि कोई वसूली के लिए दबाव बनाता है तो उसकी शिकायत 18001802877 पर की जा सकती है। उन्होंने बताया कि लखनऊ क्षेत्र में 288 पदों के अलावा अलीगढ़ में 239, गाजियाबाद में 147, मुरादाबाद में 557, बरेली में 256 और नोएडा में 162 परिचालकों की भर्ती की जाएगी। भर्ती में एनसीसी बी, भारत स्काउट एवं गाइड, राज्य व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त अभ्यर्थियों को इंटरमीडिएट के अंक में पांच प्रतिशत का वेटेज दिया जाएगा। 18 से 40 वर्ष की आयु के लोग आवेदन कर सकते हैं। अति पिछड़ा, एससी और एसटी को नियमानुसार छूट मिलेगी। सेवायोजन की वेबसाइट पर सूचना दी जाएगी।

10 बीघे की प्लॉटिंग के निर्माण ध्वस्त

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को काकोरी में 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध तरीके से विकसित की जा रही प्लाटिंग के निर्माण बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिए। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन तीन देवांश त्रिवेदी ने बताया कि करन यादव, मनोज चंदवानी, मदन गोपाल तिवारी व अन्य द्वारा मौदा, मोहान रोड पर लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध विहित न्यायालय से ध्वस्तीकरण का आदेश पास था। सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता भानु प्रकाश वर्मा, भरत पाण्डेय व प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गईं सड़कें, नाली, बाउन्ड्रीवॉल और बिजली के खम्भे ध्वस्त कर दिए।

21 हजार छात्रों को छात्रवृत्ति मिलने की जगी आस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रवृत्ति पाने के लिए आवेदन करने का अंतिम अवसर
- विभागीय साइट हैक होने के कारण छात्रवृत्ति से हो गए थे वंचित

अमृत विचार: पिछले एक वर्ष से छात्रवृत्ति के लिए विभाग के चक्कर काट रहे छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। छात्रवृत्ति से वंचित रह गए 21 हजार छात्रों के लिए आवेदन करने का अंतिम अवसर है। छात्रों में छात्रवृत्ति को लेकर आस जगी है। मार्च तक उनको भुगतान होने की संभावना है।

बता दें कि गत वर्ष समाज कल्याण विभाग की साइट हैक होने के कारण 57 हजार 600 छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति खटाई में पड़ गई थी। छात्रों को विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे थे। दूसरी ओर विभाग ने डाटा रिकवरी का काम शुरू किया और काफी हद तक इसमें सफलता भी मिली। साथ ही मामले की जांच भी की गई। आवेदनकर्ताओं के आधार का सत्यापन कराकर 36000 हजार छात्र-छात्राओं का भुगतान कर दिया गया। शेष बचे 21 हजार 600 छात्रों को दोबारा आवेदन करने को कहा गया और पोर्टल खोल दिया गया है। शनिवार तक छात्र आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रपत्रों की जांच कराई जाएगी। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि वंचित रह गए छात्रों के आधार समेत अन्य प्रपत्रों का मिलान कराया जाएगा। इसके बाद भुगतान किया जाएगा।

दीवार पर कमल का फूल बनाते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी। अमृत विचार

650 ने भरे फार्म, मिलेगा स्पान्सरशिप योजना का लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: माता-पिता को खो चुके बच्चों के लिए शुरू की गई स्पान्सरशिप योजना में अब तेजी से आवेदन आने शुरू हो गए हैं। अभी तक 650 बच्चों से फार्म भराए जा चुके हैं।

स्पान्सरशिप योजना के तहत प्रति माह चार हजार रुपये की आर्थिक सहायता 18 वर्ष तक के पात्र बच्चों को दी जाती है। योजना का लाभ ऐसे बच्चों को मिलता है जिनके पिता की मृत्यु हो गई हो या मां तलाकशुदा अथवा परिवार से परित्यक्त हो। ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता में कोई एक गंभीर रोग से ग्रस्त हो। ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता दोनों नहीं है और वैध संरक्षक की भी मृत्यु हो चुकी है। योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम आय 72 हजार रुपये और शहरी क्षेत्र में 96 हजार रुपये वार्षिक से अधिक नहीं होनी चाहिए। हालांकि ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता और वैध संरक्षक नहीं है उनके आय सीमा से छूट दी गई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि अभी तक 650 पात्र बच्चों से फार्म भरवाए जा चुके हैं और 520 सत्यापन के लिए भेजे गए हैं। इनका सत्यापन होने के बाद चार हजार रुपये की धनराशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पार्षदों के माध्यम से भी ऐसे बच्चों के फार्म भरवाए जा रहे हैं। अगले माह विभिन्न वार्डों में शिविर लगवाकर लोगों को योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी।

भाजपाइयों ने की वॉल पेंटिंग, बनाया कमल का फूल

अमृत विचार, लखनऊ: लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने वॉल पेंटिंग अभियान चलाया है। गुरुवार को मध्य विधानसभा मंडल में अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज की दीवार पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कमल का फूल बनाया और एक बार फिर मोदी सरकार लिखा। इस दौरान प्रदेश महामंत्री संजय राय, महानगर महामंत्री रामवतार कन्नौजिया, नगर मंत्री योगेन्द्र पटेल, मंडल अध्यक्ष आनंद पांडे आदि मौजूद रहे।

निजी सचिव और डॉक्टर समेत पांच लोगों से ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ितों ने संबंधित थानों में दर्ज कराई धोखाधड़ी की रिपोर्ट

अमृत विचार : साइबर अपराधियों और जालसाजों ने उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव के निजी सचिव समेत पांच लोगों से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये पार कर दिए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पहचान का प्रयास कर रही है।

सआदतगंज के मोमिन नगर निवासी बिलाल अहमद ने बताया कि वह सचिवालय में उच्च शिक्षा विभाग में विशेष सचिव के निजी सचिव हैं। साइबर अपराधी ने झांसे में लेकर उनके बैंक खाते से 24 हजार रुपये पार कर दिये। उधर, महानगर थाना अंतर्गत सेक्टर सी में रहने वाली डॉ. अर्चना शुक्ला ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि जावेद नामक युवक के माध्यम से उन्होंने नरही डिप्टी रघुवर दयाल लेन की निर्माणाधीन बिल्डिंग से एक फ्लैट बुक कराया था। बुकिंग के लिए जावेद को दो लाख रुपये दिए थे। बाद में उन्हें पता चला कि बिल्डिंग का नक्शा एलडीए से पास नहीं है। उन्होंने जावेद से रुपये वापस मांगे तो जान माल की धमकी दी। गाजीपुर के अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि जालसाज ने उनके दामाद की आवाज में छोटी बेटी से बात की। उससे इमरजेंसी में आर्थिक सहायता मांगी। झांसे में आकर बेटी ने जालसाज के खाते में 89 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। उधर, गोमतीनगर विस्तार अंतर्गत सेक्टर 5 निवासी लॉ छात्र अक्षत साहू से कंपनी का कस्टमर केयर कर्मी बन जालसाज ने झांसा दिया। बैंक डिटेल हासिल कर उसके दोनों खातों से 1.6 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। इधर, चिनहट के कमता में रहने वाले मनीष कुमार ने बताया कि उनके पास बैंककर्मी के नाम से कॉल आयी थी। उससे जालसाज ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 81 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जनता अदालत | नालियां और सड़क कच्ची, बारिश में होता है जलभराव

विश्वनाथपुरम कॉलोनी से विकास कोसों दूर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : विश्वनाथपुरम से विकास कोसों दूर है। यहां सड़कें और नालियां कच्ची हैं। बारिश में सड़कें पानी में डूब जाती हैं। यहां स्ट्रीट लाइट जलती ही नहीं। एलडीए में गुरुवार को जनता अदालत में ऐसी ही समस्याएं हासेमऊ के निवासियों ने उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के सामने रखीं।

विश्वनाथपुरम कल्याण समिति के अध्यक्ष शिव मंगल तिवारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने उपाध्यक्ष से जलनिकासी की व्यवस्था करने, सड़कें और नालियां पक्की करने और स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की। इस पर उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिशासी अभियंता को स्थल का निरीक्षण करके प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने बताया कि जनता अदालत में नामांतरण, फ्री-होल्ड, रजिस्ट्री व अवैध निर्माण सम्बंधित कुल 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से सात प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कर दिया। इस मौके पर उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, सचिव पवन कुमार गंगवार, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

एलडीए सभागार में जनता अदालत में सुनवाई करते उपाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी।

ब्रह्मकुंज कॉम्प्लेक्स में अवैध तरीके से वसूल रहे शुल्क : स्मिता अग्रवाल ने प्रार्थना पत्र दिया कि उनकी ब्रह्मकुंज कॉम्प्लेक्स में दुकान है। एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शुल्क आदि वसूला जा रहा है। उपाध्यक्ष ने कार्यवाही करने के निर्देश दिए। घसियारी मंडी निवासी मो. रईस ने बताया कि उन्हें टिकैतराय योजना में दुकान संख्या 17/1 आवंटित है, जिसकी रजिस्ट्री कराना चाहते हैं। उन्होंने रजिस्ट्री करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर उपाध्यक्ष ने अधिशासी अभियंता मनोज सागर को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये।

- समिति के सदस्यों ने जनता अदालत में एलडीए उपाध्यक्ष को दिया प्रार्थना पत्र

आवंटित भूखंड पर कब्जा करने की शिकायत

जनता अदालत में हरदोई रोड, अंधे की चौकी निवासी कृपाशंकर ने प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि आजाद नगर योजना के सेक्टर बी में उन्हें आवंटित भूखण्ड संख्या 302 पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में प्रकरण की जांच करके कब्जा खाली कराने के निर्देश दिए। रामकृष्ण पुरम कालोनी निवासी महावीर प्रसाद शर्मा ने आईआईएम चौराहे के पास कुछ लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके निर्माण करवाने की शिकायत की। इस पर उपाध्यक्ष ने जोनल अधिकारी को एक सप्ताह के अंदर स्थल का निरीक्षण करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

मण्डल सस्त्रा केन्द्र, लखनऊ
(पीएनबी आईटी), प्रथम तल, राम मनोहर लोहिया अस्पताल के सामने, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 फोन 7044760025 ईमेल:cs8272@pnb.co.in

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

ई-नीलामी प्रक्रिया से "वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत जो प्रतिभूति (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के साथ पठित है, अचल/चल संपत्तियों की बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना।

जनसाधारण और विशेष रूप से उधारकर्ताओं, जमानतकर्ताओं, बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल/चल संपत्ति(यों) जिन्हें बैंक के पक्ष में गिरवी/बंधक रखा गया था एवं जिनका रचनात्मक कब्जा (सांकेतिक/भौतिक) पंजाब नैशनल बैंक (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है की ई-नीलामी **"जहाँ है जैसा है", "जहां है जो है" और "जो भी हो"** के अनुसार निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) और जमानतकर्ताओं से प्रतिभूत राशि की वसूली के लिए की जाएगी। बिक्री की तारीख, आरक्षित मूल्य, EMD राशि एवं अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण (कोई अधिभार ज्ञात नही) निम्नानुसार है। ऋणियों/ जमानतकर्ताओं /बंधककर्ताओं का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबन्धों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

बिक्री हेतु बंधक सम्पत्ति का विवरण

क्र सं	शाखा का नाम / खाते का विवरण / उधारकर्ता/जमानतकर्ता/ खाता का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/यां) (परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित)	अ)डिमांड नोटिस की तिथि 13(2)सरफेसी नियम 2002 ब)बकाया राशि दि. 31.12.2023को स) कब्जा की तिथि, 13(4) सरफेसी नियम 2002 द)कब्जा का प्रकार-रचनात्मक/सांकेतिक/भौतिक कब्जा	अ)आरक्षित मूल्य ब)धरोहर धनराशि (धरोहर राशि जमा करने की अन्तिम तिथि) स) वृद्धिशील बिड धनराशि	ई-नीलामी की तिथि व समय	प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात अधिभार का विवरण
धरोहर धनराशि जमा करने हेतु खाते का विवरण : खाता नं. 6193002500000024 आईएफएस कोड (IFS code)-PUNB0619300)						
नोडल अधिकारी - श्री राजेश यादव मुख्य प्रबन्धक, मण्डल सस्त्रा केन्द्र लखनऊ, मो. 7044760025						
1	शाखा : अमीनाबाद, लखनऊ(026620) उधारकर्ता-मेसर्स इंगलिश रोज़ वेंडिग इवेंटस एण्ड कैटरिंग, (0266210037217) प्रोप अब्दुल हमीद पुत्र श्री अब्दुल हलीम 344/77ए, भवानीगंज, जहाजवाला मन्दिर, गांधी चौबूतरा, लखनऊ-226003 293/456 पुराना हैदरगंज, चौक, लखनऊ 226003	मकान नं. 344/77ए, भवानीगंज, जहाजवाला मन्दिर, गांधी चौबूतरा लखनऊ-226003 क्षे. 63.19 वर्गमी चौहददी-पूरब- रोड, पश्चिम- श्रीमती सरजू देवी का प्लाट, उत्तर-श्रीमती मुन्नी के पक्ष में मकान का शेष आधा भाग, दक्षिण-शम्भू का मकान, सम्पत्ति मालिक अब्दुल हमीद पुत्र श्री अब्दुल हलीम ।	अ) 11.11.2021 ब)रू. 22,91,497.50 + ब्याज एवं अन्य खर्चे, स) 16.02.2022 द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. 31.55 लाख ब)रू. 3.16 लाख 22.02.2024 स)रू. 0.10 लाख	23.02.2024 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक	कोई अधिभार ज्ञात नही
2	शाखा : जानकीपुरम, लखनऊ (423600) उधारकर्ता-M/s SS Andrian Pharmaceuticals Pvt. Ltd, (423600870000338), बी-756, सी ब्लाक, महानगर, लखनऊ 226006 निदेशकगण-1. श्री विपुल भाटिया, निवासी म. नं. एस-1, फ्लैट नं. 502, एल्डिको ईडन पार्क स्टेट कुर्सी रोड, लखनऊ- 226021, 2. श्री रमेश कुमार मिश्रा निवासी मकान नं. 555 च/ 73, राम नगर, आलमबाग, लखनऊ - 226005, जमानतकर्ता-श्रीमती प्रेम कुमारी मिश्रा, निवासी म. नं. 555च/73 राम नगर, आलमबाग, लखनऊ - 226005	सभी भाग एवं हिस्सों सहित आवासीय मकान नं. 555च/ 73 (पुराना नं.), 555 च/78 (नया नं.), लोने पुरवा, राम नगर, आलमबाग, लखनऊ -226005 क्षे. 92.84 वर्गमी. चौहददी (विक्रय अभिलेख के अनुसार)-उत्तर- राम नरायन का प्लाट, दक्षिण-श्याम नरायन शुक्ला का मकान। पूरब-10फीट चौड़ी रोड उसके बाद मैकू लाल का प्लाट, पश्चिम-गली 4फीट चौड़ी उसके बाद करदा श्रीवास्तव का प्लाट, सम्पत्ति मालिक श्री रमेश कुमार मिश्रा पुत्र स्व राम शिरोमणि मिश्रा।	अ) 19.04.2018 ब)रू. 79,85,593.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे स)16.08.2018 द)सांकेतिक कब्जा डिमांड 13(2) के अनुसार रू. 40,78,044.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे,	अ)रू. 26.46 लाख ब)रू. 2.65 लाख 22.02.2024 स)रू. 0.10 लाख	23.02.2024 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक	कोई अधिभार ज्ञात नही
3	शाखा : विपुल खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ। उधारकर्ता-मेसर्स जीकेआर इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट नं. ए-4, के.के. अपार्टमेन्ट, 7-डालीबाग, बटलर रोड, लखनऊ। निदेशकः श्री देवेन्द्र सिंह, श्री अभिमन्यु सिंह, दोनों निवासी 549, लक्ष्मन विहार कालोनी, पारा रोड, राजाजीपुरम, लखनऊ।	फ्लैट नं. ए-4, भूतल, के.के. अपार्टमेन्ट, स्थित प्लाट नं. 12, 7- डालीबाग, बटलर रोड, वार्ड राजा राम मोहन राय मार्ग, लखनऊ। क्षे. 88.28 वर्गमी., चौहददी-पूरब- कॉमन पैसेज, पश्चिम-फ्लैट नं. ए-3, उत्तर-फ्लैट नं. ए-2, दक्षिण-कॉमन पैसेज। सम्पत्ति मालिक -श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र स्व. अमर सिंह।	अ) 16.07.2018 ब)रू. 06,95,83,895.01 + ब्याज एवं अन्य खर्चे स) 30.10.2018 द)सांकेतिक कब्जा	अ)रू. 35.91 लाख ब)रू. 3.60 लाख 22.02.2024 स)रू. 0.10 लाख	23.02.2024 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक	कोई अधिभार ज्ञात नही
4	शाखा : विपुल खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ। उधारकर्ता-मेसर्स जीकेआर इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट नं. ए-4, के.के. अपार्टमेन्ट, 7-डालीबाग, बटलर रोड, लखनऊ। निदेशकः श्री देवेन्द्र सिंह, श्री अभिमन्यु सिंह, दोनों निवासी 549, लक्ष्मन विहार कालोनी, पारा रोड, राजाजीपुरम, लखनऊ।	सम्पत्ति 1. सभी भाग एवं हिस्सों सहित भूमि एवं भवन, प्लॉट संख्या ए-7, खसरा संख्या 7का भाग, ग्राम पारा, लखनऊ (अली नगर, सुनेहरा)। कुल क्षेत्रफलः 1000.00 वर्ग फुट। चौहददी (बिक्री पत्र के अनुसार): उत्तरः श्री देवेन्द्र सिंह की भूमि, दक्षिणः सड़क 25 पूर्वः देवेन्द्र सिंह गौतम की भूमि, पश्चिमः सावित्री देवी की भूमि संपत्ति मालिकः श्री. देवेन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय अमर सिंह।	अ) 16.07.2018 ब)रू. 06,95,83,895.01 + ब्याज एवं अन्य खर्चे स)16.11.2023 (सम्पत्ति 1 से 6 हेतु) द)सांकेतिक कब्जा	1.अ)रू. 11.62 लाख ब)रू. 1.20 लाख 22.02.2024 स)रू. 0.10 लाख	23.02.2024 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक	कोई अधिभार ज्ञात नही
	सम्पत्ति 2. सभी भाग एवं हिस्सों सहित सम्पत्ति स्थित खसरा नंबर 2198, 2789, 2790, 2860, 2865, 2868, 2879, 2880, 2887 का भाग, ग्राम पारा, लखनऊ। कुल क्षेत्रफलः 44563 वर्ग फुट, चौहददी (विक्रय अभिलेख के अनुसार)। (1) खसरा नंबर 2198: उत्तरः खेत गाजी, दक्षिणः आराजी दीगर, पूर्वः खेत अवधेश कुमार और अन्य, पश्चिमः खेत वासुदेव और अन्य। (2) खसरा नंबर 2789: उत्तरः तालाब, दक्षिणः खेत भीका लाल और अन्य, पूर्वः खेत हरिराम और अन्य, पश्चिमः खेत हरिराम और अन्य।. (3) खसरा नंबर 2790: उत्तरः तालाब, दक्षिणः खेत राम लखन और अन्य पूर्वः खेत हरिराम और अन्य पश्चिमः तालाब। (4) खसरा नंबर 2860: उत्तरः खाद के गडडे, दक्षिणः बंजर, पूर्वः अराजी दीगर, पश्चिमः खेत हरिराम एवं अन्य। (5) खसरा नंबर 2865: उत्तरः खेत भीका लाल एवं अन्य, दक्षिणः खेत श्री भगवान और अन्य पूर्वः खेत भीका लाल एवं अन्य, पश्चिमः बंजर। (6) खसरा नंबर 2868: उत्तरः खेत भीका लाल और अन्य, दक्षिणः खेत अवधेश कुमार और अन्य, पूर्वः बंजर, पश्चिमः बंजर उसके बाद सड़क सदरौना। (7) खसरा नंबर 2879: उत्तरः खेत राम लखन और अन्य दक्षिणः खेत हरिराम और अन्य, पूर्वः सीमा कनौसी पश्चिमः खेत हरिराम और अन्य। (8) खसरा नंबर 2880: उत्तरः खेत राम लखन और अन्य, दक्षिणः बंजर, पूर्वः खेत हरिराम और अन्य, पश्चिमः खेत मुन्ना और अन्य। (9) खसरा नंबर 2887: उत्तरः खेत हरिराम और अन्य, दक्षिणः बार्डर अलीनगर सुनहरा, पूर्वः बार्डर -कनौसी, पश्चिमः खेत मुन्ना और अन्य। संपत्ति मालिकः श्री अभिमन्यु सिंह			2.अ)रू. 121.00 लाख ब)रू. 12.10 लाख 22.02.2024 स)रू. 0.10 लाख	23.02.2024 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक	कोई अधिभार ज्ञात नही
	सम्पत्ति 3. सभी भाग एवं हिस्सों सहित सम्पत्ति स्थित खसरा नंबर 2198, 2789, 2790, 2865, 2879, 2880, 2887 का भाग, ग्राम पारा, लखनऊ कुल क्षेत्रफलः 0.509 हेक्टेयर। चौहददी (विक्रय अभिलेख के अनुसार): (1) खसरा नंबर 2198: उत्तरः खेत गाजी, दक्षिणः आराजी दीगर, पूर्वः खेत अवधेश कुमार एवं अन्य, पश्चिमः खेत वासुदेव एवं अन्य। (2) खसरा नंबर 2789: उत्तरः तालाब, दक्षिणः खेत भीका लाल और अन्य, पूर्वः खेत हरिराम और अन्य, पश्चिमः खेत हरिराम और अन्य। (3) खसरा नंबर 2790: उत्तरः तालाब, दक्षिणः खेत राम लखन और अन्य, पूर्वः खेत हरिराम और अन्य, पश्चिमः तालाब। (4) खसरा नंबर 2865: उत्तरः खेत भीका लाल और अन्य, दक्षिणः खेत श्री भगवान और अन्य, पूर्वः खेत भीका लाल और अन्य, पश्चिमः बंजर। (5) खसरा नंबर 2879: उत्तरः खेत राम लखन और अन्य, दक्षिणः खेत हरिराम और अन्य, पूर्वः सीमा कनौसी पश्चिमः खेत हरिराम और अन्य। (6) खसरा नंबर 2880: उत्तरः खेत राम लखन और अन्य, दक्षिणः बंजर, पूर्वः खेत हरिराम और अन्य, पश्चिमः खेत मुन्ना और अन्य। (7)खसरा नंबर 2887: उत्तरः खेत हरिराम और अन्य, दक्षिणः सीमा अलीनगर सुनहरा, पूर्वः सीमा कनौसी पश्चिमः खेत मुन्ना और अन्य। संपत्ति मालिकः श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय अमर सिंह।			3.अ)रू. 115.00 लाख ब)रू. 11.50 लाख 22.02.2024 स)रू. 0.10 लाख	23.02.2024 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक	कोई अधिभार ज्ञात नही
	सम्पत्ति 4. सभी भाग एवं हिस्सों सहित खसरा संख्या 2179 एवं खसरा संख्या 2151 के 1/2 भाग पर प्लाट ग्रामः पारा, वार्डः आलमनगर, लखनऊ कुल क्षे. 0.409 हेक्टेयर। चौहददी (विक्रय अभिलेख के अनुसार): खसरा संख्या 2179: उत्तरः खसरा संख्या 2186 एवं 2178, दक्षिणः आराजी संख्या 2180, पूर्वः आराजी दीगर, पश्चिमः चक रोड 2 लटठा। खसरा नं. 2151: उत्तरः खसरा नंबर 2153, दक्षिणः खसरा नंबर 2149, पूर्वः आराजी नंबर 2152 पश्चिमः खसरा नंबर 2150. संपत्ति मालिकः श्री. देवेन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय अमर सिंह।			4.अ)रू. 92.00 लाख ब)रू. 9.20 लाख 22.02.2024 स)रू. 0.10 लाख	23.02.2024 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक	कोई अधिभार ज्ञात नही
	सम्पत्ति 5. सभी भाग एवं हिस्सों सहित खसरा संख्या 2161 एवं खसरा संख्या 2159 का 1/4 भाग पर प्लॉट, ग्रामः पारा, वार्डः आलमनगर, लखनऊ, कुल क्षेत्रफलः 0.406 हेक्टेयर। चौहददी (विक्रय पत्र के अनुसार): खसरा संख्या 2161: उत्तरः खसरा संख्या. 2137 एवं 2138, दक्षिणः खसरा नंबर 2165 एवं 2166, पूर्वः खसरा नंबर 2162, पश्चिमः खसरा नंबर 2160) खसरा नंबर 2151 सः उत्तरः खसरा नंबर 2158, दक्षिणः खसरा नंबर 2169 पूर्वः आराजी नंबर 2160 पश्चिमः खसरा नंबर 2154 और 2143)। संपत्ति मालिकः श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय अमर सिंह।			5.अ)रू. 16.81 लाख ब)रू. 1.70 लाख 22.02.2024 स)रू. 0.10 लाख	23.02.2024 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक	कोई अधिभार ज्ञात नही
	सम्पत्ति 6. सभी भाग एवं हिस्सों सहित भूमि एवं भवन, प्लॉट संख्या ए-7, ब्लॉक-ए, खसरा संख्या 7 का भाग, ग्राम पारा, लखनऊ (अली नगर, सुनेहरा) कुल क्षेत्रफलः 1000.00 वर्ग फुट। चौहददी (विक्रय अभिलेख के अनुसार): उत्तरःरामपाल एवं अन्य का खेत, दक्षिणःसड़क 25 फीट चौड़ी, पूर्वः भूमि -देवेन्द्र सिंह गौतम, पश्चिमः भूमि -तेसरी देवी यादव। संपत्ति मालिकः श्री. देवेन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय अमर सिंह।			6.अ)रू. 3.78 लाख ब)रू. 0.38 लाख 22.02.2024 स)रू. 0.10 लाख	23.02.2024 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक	कोई अधिभार ज्ञात नही

नोट- क्र.स. 4 पर अंकित सभी अचल सम्पत्तियों (1 से 6 हेतु) के लिए निविदादाता को एक साथ बिड लगानी होगी। यदि निविदादाता नें अचल सम्पत्तियों में से केवल एक के लिए बिड लगाई है तो बिक्री पर विचार नहीं किया जाएगा।

नियम एवं शर्तें- बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम एवं शर्तें की पुष्टिकरण के अधीन होगी। 1. सम्पत्तियों की बिक्री **"जहाँ है वैसा है", "जैसा है वैसा है" और "जो भी हो"** के आधार पर की जायेगी। 2. बंधक सम्पत्ति से सम्बन्धित निर्दिष्ट जानकारी बैंक के पास उपलब्ध सूचना के आधार पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अंकित किये गये है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि गलत बयान या बिक्री सम्बन्धी घोषणा में हुई चूक हेतु जवाबदेही नही होगा। 3. बिक्री प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म वेवसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** पर की जायेगी। 4. विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया 1) **www.ibapi.in, www.mstcecommerce.com** में दिए गए लिंक को देखें। **बिक्री सूचना सरफसी एक्ट 2002 के अधीन नियम 8(6) एवं 9(1) के अन्तर्गत वैधानिक चेतावनी है।**

दिनांक 18.01.2024 स्थान लखनऊ — **प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक, प्रतिभूत लेनदार**

एक नजर

रिश्तेदार के घर से निकला 13 वर्षीय किशोर लापता

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में रिश्तेदार के घर से निकला किशोर लापता हो गया। पीड़ित पिता ने अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस से बेटे की बरामदगी की गुहार लगाई है। रायबरेली के बेलीगंज निवासी फतेह बहादुर ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में तहरीर दी। बताया उसका 13 वर्षीय बेटा विशिष्ट गौड़ बक्कास गांव निवासी रिश्तेदार मनोहर के घर आया था। बुधवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बेटा दुकान पर नमकीन लेने निकला था। वह काफी देर नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। मामले की सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची थी। उसके बाद भी बेटे का पता नहीं चला। पीड़ित ने बेटे के अपहरण की आशंका जताई है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया रिपोर्ट दर्ज की गयी है। किशोरी की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

बच्ची को टक्कर मारने वाले पर 12 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र में मासूम को टक्कर मारने वाले आरोपी बाइक चालक के खिलाफ पुलिस ने 12 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम मौरा निवासी पीड़ित रुखसाना ने बताया 6 जनवरी को गांव निवासी युवक ने बाइक से घर के सामने बेटी हिना (8) को टक्कर मार दी थी। हादसे में बेटी गंभीर घायल हो गयी थी। बेटी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोपी से बात करने का प्रयास किया तो गाली गलौज कर मारपीट पर अमादा हो गया था। पीड़िता ने दुबग्गा कोतवाली में तहरीर दी थी, लेकिन आरोपी पर कार्रवाई नहीं की गयी। घटना को लेकर पीड़िता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसे उच्चाधिकारियों ने संज्ञान में लेकर थाना प्रभारी को निर्देशित किया। तब 12 दिन बाद स्थानीय पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

जाली नोट के सप्लायरों को पांच साल की सजा

एनआईए-एटीएस की विशेष अदालत ने अमीनुल इस्लाम व फूलचंद को सजा सुनाई

विधि संवाददाता, लखनऊ

निर्णय

- **एटीएस ने किया था गिरफ्तार एनआईए ने की विवेचना**
- **अदालत ने आरोपियों पर छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया**

अमृत विचार : देश के विभिन्न स्थानों पर जाली नोट की सप्लाई करने के मामले में एनआईए-एटीएस की विशेष अदालत ने अभियुक्त अमीनुल इस्लाम व फूलचंद को पांच वर्ष की कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने आरोपियों पर अलग-अलग छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

सरकारी वकील एमके सिंह के मुताबिक 25 नवंबर, 2019 को एटीएस ने सीतापुर रोड पर जाली नोटों की खेप के साथ एक युवती समेत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। इनमें पश्चिम बंगाल के माल्दा की रहने वाली युवती के साथ ही अभियुक्त अमीनुल इस्लाम व लखीमपुर खीरी के फूलचंद के पास से एक लाख 79 हजार का जाली भारतीय नोट बरामद हुआ था। इस मामले की एफआईआर एटीएस के निरीक्षक

चैंपियन लाल ने थाना एटीएस में दर्ज कराई थी। इसके बाद विवेचना एनआईए को सौंप दी गई। एनआईए ने इनके खिलाफ जाली नोट की खरीद-फरोख्त व इसकी साजिश रचने के साथ ही विधि विरुद्ध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम की धारा 16 व 18 में आरोप पत्र दाखिल किया था। 26 नवंबर, 2019 को इन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। विचारण के दौरान इन दोनों ने स्वेच्छा से अपना जुर्म कबूल कर अदालत से कम से कम सजा देने की मांग की थी।

इससे पूर्व इनके साथ पकड़ी गई युवती को किशोरी घोषित किया गया था। किशोरी घोषित होने पर उसे राजकीय सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया गया था। पांच जनवरी 2022 को किशोर न्याय बोर्ड ने उसे अपना जुर्म कबूल करने के आधार पर दोषी करार देते हुए उसके द्वारा जेल व राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में बिताई गई अवधि की सजा से दंडित किया था। बोर्ड ने अपने आदेश में उसके कृत्य की भर्त्सना करते हुए भविष्य में उसे सदाचारी बने रहने की चेतावनी भी दी थी।

वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

संवाददाता, मोहनलालगंज

- **फैक्ट्री से लौटते समय मोहनलालगंज में हुआ हादसा**
- **उन्नाव निवासी था मजदूर आरोपी चालक फरार**

अमृत विचार: मोहनलालगंज इलाके में वाहन की टक्कर से ऑटो सवार मजदूर की मौत हो गई और साथी घायल हो गया। दोनों नील फैक्ट्री से मजदूरी कर आटो से घर जाने के लिए निकले थे। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया।

उन्नाव जनपद के असोहा थाना अंतर्गत संडौली निवासी कल्लू शर्मा ने बताया कि वे साथी मोहनीश मिश्रा (23) निवासी कंचनपुर मोहनलालगंज के संग माधवखेड़ा स्थित नील फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। गुरुवार देर शाम फैक्ट्री से निकल कर मोहनलालगंज कस्बा से आटो से घर जा रहे थे। रास्ते में रानीखेड़ा के समीप तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में आटो सवार मोहनीश गंभीर घायल हो गया। जबकि उसे व अन्य सवारियों को मामूली चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने मोहनीश को मृत घोषित कर दिया। मोहनीश के परिवार में पत्नी ज्योति, तीन साल का बेटा और सात साल की बेटी है। वह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजन की तरफ से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हादसे में घायल अधेड़ की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : गोसाईगंज में बुधवार को डाले की टक्कर से घायल ठेलिया चालक की मौत हो गई। बाराबंकी जिले के जौरास निवासी रामचंद्र (55) गोसाईंगंज में ठेलिया चलाते थे। बेटे अंशु ने बताया कि बुधवार रात पिता को गंगागंज में तेज रफ्तार डाले ने टक्कर मार दी थी। चालक डाला लेकर भाग निकला था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिता को अस्पताल भेजा। रास्ते में उनकी मौत हो गई थी। गुरुवार को पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। भाई शिवशरण की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी डाला चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पुत्र की हत्या.. पुलिस ने चार्जशीट में दिखाया हादसा

साल भर से अफसरों के पास चक्कर लगा रहा पिता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **खेलने निकले पुत्र को कार के सामने अज्ञात ने दिया था धक्का पारा थाना क्षेत्र का मामला**

अमृत विचार: बेटे की हत्या की गई थी, पुलिस ने चार्जशीट में हादसा दिखा कर मामला रफादफा कर दिया। पीड़ित पिता करीब सालभर से अफसरों की ड्योढ़ी नाप रहा है।

पारा थाना अंतर्गत बीबी खेड़ा कॉलोनी निवासी संजय गुप्ता उर्फ राजू ने बताया कि 13 दिसंबर 2022 की शाम करीब साढ़े पांच बजे उसका पुत्र सूर्यांश गुप्ता आगरा एक्सप्रेस वे पर साइकिल चला रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार के सामने अज्ञात आरोपियों ने बेटे को धक्का दे दिया था। बेटे की ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। उसने दुर्घटना के संबंध में फुटेज उपलब्ध होने की सूचना पुलिस को दी थी। पीड़ित का आरोप है कि उसकी अहम जानकारी की अनदेखी कर पुलिस ने विपक्षियों से मिलीभगत कर हत्या की धाराओं के स्थान पर सामान्य हादसा बताते हुए मामूली धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। जबकि उससे उचित कार्रवाई का आश्वासन दे चुपके से चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दिया। इसकी जानकारी उसे हुई तो उच्चाधिकारियों से शिकायत दर्ज करायी। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद से कुछ लोग उसका पीछा कर रहे हैं। इसके अलावा नए नए नंबरों से काल कर घटना के संबंध में उससे जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। उसने पुत्र की हत्या करने वालों से खुद की जान को खतरा बताया है। बताया कि इस संबंध में वह पारा थाने में भी शिकायती पत्र दे चुका है। पीड़ित ने बताया कि मामले को संज्ञान में ले संयुक्त पुलिस आयुक्त ने उसे शनिवार को पुनः बुलाया है। उसका कहना है कि स्थानीय पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है। वह सालभर से लगातार तमाम अफसरों के कार्यालयों के चक्कर लगा कर परेशान हो रहा है।

फंदे से लटका मिला दो महिलाओं का शव

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- **बीकेटी क्षेत्र का मामला, परिजन ने कारण पता होने से किया इनकार**

अमृत विचार : बीकेटी इलाके के अलग-अलग गांव में रहने वाली दो महिलाओं का शव फंदे से लटका मिला। ससुरालीजनों ने खुदकुशी का कारण पता होने से इनकार किया है। मायके वालों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

थाना अंतर्गत भौली गांव निवासी सुमन कनौजिया (35) का गुरुवार सुबह घर की कोठरी के अंदर फंदे पर शव लटका मिला। पति चंद्रशेखर कनौजिया का कहना है कि रात में खाना खाकर वह सोयी थी। सुबह जब वह नहीं दिखी, कोठरी में पहुंचा तब घटना की जानकारी हुयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने

पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पति ने आत्महत्या का कारण पता होने से इंकार किया है।

इसी थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी शिवकुमारी (28) का दोपहर में घर के अंदर कमरे में साड़ी के फंदे से शव लटका मिला। पति रिंकू का कहना है कि वह किसी काम से सुबह घर से बाहर निकला था। दोपहर में वह घर लौटा तो पत्नी नहीं दिखी। कमरे में पहुंचा तो घटना का पता चला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। परिजन आत्महत्या का कारण पता होने से इंकार कर रहे हैं।

भाई की ससुराल में फंदे से लटका मिला युवक का शव

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल इलाके में भाई की ससुराल आये युवक का शव गांव के बाहर बाग में संदिग्ध हालात में फंदा से लटका मिला। उसके दोनों पैर जमीन पर टिके थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने गला दबाकर हत्या के बाद शव फंदा से लटकाने की आशंका जतायी है। भाई ने आरोप से इंकार करते हुये अज्ञात कारणों के चलते खुदकुशी करने की बात कही है। थाना अंतर्गत जगदीशपुर गांव में गुरुवार सुबह नान्हू के आम के बाग की तरफ पहुंचे ग्रामीणों ने पेड़ पर मफलर से युवक का शव फंदा से लटका देखा। युवक की पहचान इटौंजा निवासी दीपू यादव (28) पुत्र रामचंद्र के रूप में हुयी। मौके पर पहुंचे भाई सुशील यादव ने बताया कि वह राजगीर का काम करते हैं। जगदीशपुर में ही उनकी ससुराल है। वह कई वर्ष से पत्नी शिवदेवी के संग ससुराल में ही रह रहे हैं। दीपू बुधवार शाम को यहां आया था। वह घर से कब निकला था, पता नहीं चला। उन्होंने दीपू के आत्महत्या करने की बात कही है। दीपू अविवाहित था और भैंस खरीदने बेचने का कार्य करता था। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक प्रभात शुक्ला ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर दीपोत्सव के लिए मिट्टी के दीयों की खरीदारी करती महिला। अमृत विचार

अपार्टमेंट में लगी आग, फंसे परिवार को सुरक्षित निकाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पाया आग पर काबू**
- **गोमतीनगर के विराजखंड स्थित पंचशील अपार्टमेंट का मामला**

अमृत विचार : गोमतीनगर इलाके के पंचशील अपार्टमेंट में मकान में आग लग गई। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कर्मियों ने मकान में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल कर आग पर काबू पाया।

एफएसओ गोमतीनगर लालजी यादव ने बताया विराजखंड स्थित पंचशील अपार्टमेंट के मकान में गुरुवार सुबह आग लगने की जानकारी मिली थी। परिवार के सदस्य ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में सो रहे थे। धुआं के कारण सांस लेने में परेशानी होने पर आंख खुली तो नीचे की तरफ भागे। तब पता चला की सीढ़ियों के नीचे से लपटें निकल रही हैं। सांस लेने में परेशानी होने पर चीख पुकार कर पड़ोसियों को मदद के लिए बुलाया। सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने मशक्कत पाया गया। एफएसओ ने बताया बैटरी में आग लगी थी। पड़ोस में दो घरेलू सिलेंडर रखे थे, जिन्हें घर से निकाला गया। सिलिंडर तक पहुंच जाती तो बड़ी घटना हो सकती थी। बताया कोई जनहानि नहीं हुयी है। उधर, अमीनाबाद के नया गांव पीली मस्जिद के समीप एक गोदाम में आग लग गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने एक गाड़ी से आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। जब तक आग पर काबू पाया गया। गोदाम में रखा सामान जलकर खाक हो गया।

सार-संक्षेप

बाइक सवार बदमाशों ने महिला की चेन लूटी

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर इलाके में महिला को धक्का देकर बदमाश चेन लूटकर साथी के संग फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपियों की पहचान के लिये आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। थाना अंतर्गत इंदिरानगर के डी सेक्टर निवासी प्रीती श्रीवास्तव ने बताया गुरुवार दोपहर वह मुंशी पुलिया की तरफ घरेलू काम से गईं थी। वे डायग्नो स्कैन सेंटर के समीप पहुंचीं थी। इसी दौरान पीछे से आये बदमाश ने झपट्टा मारकर गले से चेन लूट ली। इसी दौरान कुछ दूरी पर खड़ा बाइक सवार नजदीक पहुंचा और चेन लूटने वाले बदमाश को बिठाकर फरार हो गया। चीख पुकार सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों ने उनके परिजन को घटना की सूचना दी। पीड़िता ने गाजीपुर थाने में लूट की तहरीर दी है। इंस्पेक्टर का कहना है कि बदमाशों के लिये घटना स्थल पर जांच करायी गयी। पास में लगे सीसीटीवी के डीवीआर की स्टोरेज फुल मिली। इससे उसके में घटना रिकार्ड नहीं हो सकी। अब पीड़िता के आने-जाने वाले रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जायेगी।

बाइक सवारों ने युवक को पीट तीन हजार रुपये लूटे

अमृत विचार, काकोरी : पारा इलाके में बाइक सवारों ने युवक को पीट कर उससे तीन हजार रुपये लूट लिए। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी भाग निकले। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना अंतर्गत नरपत खेड़ा निवासी सर्वेश कुमार पांडेय ने बताया बुधवार को कचहरी जा रहा था। रास्ते में बीबी खेड़ा मोड़ पर दवा लेने रुका। जहां पहले से मौजूद बाइक सवार नारी खेड़ा निवासी सूरज यादव ने तीन साथियों संग उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी। एक आरोपी ने उसके सिर पर टिफिन से वार कर जेब में रखे तीन हजार रुपये लूट लिए। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार ने बताया नारीखेड़ा निवासी सूरज यादव व अन्य अज्ञात के खिलाफ लूट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

भाजपा नेता ने लगाया मारपीट का आरोप

अमृत विचार, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज तहसील में मुकदमा के दौरान भाजपा नेता ने दूसरे पक्ष के लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की बात कही है। गोसाईगंज के सलेमपुर निवासी राजेश कुमार कनौजिया अमेठी मंडल से भाजपा एससी मोर्चा के अध्यक्ष हैं। गांव के सरकारी चकमार्ग पर कब्जा कर रास्ता बंद करने का मामला मोहनलालगंज तहसीलदार न्यायिक के न्यायालय में चल रहा है। उनका कहना है कि गुरुवार को मुकदमें की स्थिति जानने पहुंचे थे। उनका आरोप है कि दूसरे पक्ष की सह पर कुछ लोगों ने उनसे गाली-गलौज कर पिटाई कर दी। घटना से अफरा तफरी मच गयी। भाजपा नेता ने बताया कि उन्होंने भाग कर जान बचाई। पीड़ित ने स्थानीय सासंद व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर को फोन कर घटना बताकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार न्यायालय में आये व्यक्ति ने दूसरे युवक से अभद्र भाषा में बात की। इसी को लेकर मामूली कहासुनी हुई, मारपीट नहीं हुई। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

खारिका के पार्षद ने किया मोदी की गारंटी वाले रथ का स्वागत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देने व उनके लाभ दिलाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चल रहे मोदी की गारंटी वाले रथ का गुरुवार को सरोजनीनगर के खारिका प्रथम वार्ड के पार्षद केएन सिंह ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के सरोजनीनगर विधानसभा संयोजक (सोशल मीडिया) मोहन भट्ट, आरती पांडेय, एसके मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि रामाशंकर त्रिपाठी, नगर मंत्री आमोद, मंडल उपाध्यक्ष सरला सिंह व विनय सूदन, मंडल मंत्री सुमन लता, नगर कार्य समिति सदस्य राजू बाजपेई, नगर महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा शेर अली, अभियान के मंडल संयोजक डॉ. अजय कुमार सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष माधवी देवी और वार्ड अध्यक्ष जानकी अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी व बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

तबीयत बिगड़ने से युवती और चक्कर आने से गिरे युवक की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : मदेयगंज पुलिस के अनुसार रूपपुर निवासी प्रियंका (18) की घर में तबीयत खराब हो गई। परिजन आनन-फानन उसे गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाई अनिल के अनुसार बहन की कई दिनों से तबीयत खराब चल रही थी। उसका इलाज चल रहा था। उसने आरोप से इनकार किया है। प्रियंका के परिवार में भाई के अलावा पिता हनुमान प्रसाद, मां राजरानी हैं। भाई ने बताया प्रियंका ने काफी समय पहले पढ़ाई छोड़ दी थी। उधर, अलीगंज के डालीगंज निवासी समर (18) की रास्ते में गिरने के बाद मौत हो गयी। पिता शफीक ने बताया बुधवार दोपहर समर खाना खाकर घर से निकाला था। रास्ते में चक्कर आने से गिर गया। मौजूद दोस्तों की सूचना पर परिजन उसे बलरामपुर ले गये। जहां उसकी मौत हो गई।

180 रो-हाउस भवन व व्यावसायिक निर्माण सील

अमृत विचार, लखनऊ : प्रवर्तन जोन पांच के जोनल अधिकारी संजय जिंदल ने बताया कि गुडम्बा के ग्राम-दसौली में भूमि खसरा संख्या-321ग एवं 333ग पर लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में 180 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। जानकीपुरम में नहर रोड पर गुरुनानक लॉन के बगल में लगभग 6,000 वर्गफिट क्षेत्रफल में व्यावसायिक उपयोग के लिए बेसमेंट व भूतल पर निर्माण करवाया जा रहा था। विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। सहायक अभियंता एनएन चौबे एवं संजय मिश्रा व अवर अभियंता सुभाष शर्मा द्वारा पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माणों को सील कर दिया।

दबंगों ने दो युवकों को पेड़ में बांध कर पीटा

संवाददाता, ठाकुरगंज

- **चौक थाना क्षेत्र का मामला पिटाई का वीडियो वायरल**

अमृत विचार: चौक इलाके में दबंग दो युवकों को रस्सी से पेड़ में बांधकर पीटते रहे। पीड़ित छोड़ने के लिए दबंगों के आगे गिड़गिड़ाते रहे। भीड़ भी जुटी रही, लेकिन युवकों को बचाने कोई आगे नहीं आया। किसी ने पिटाई का वीडियो बनाकर जरूर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर दिया। जिसे संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने आनन-फानन तीनों आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया।

मामला गुरुवार का है, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल वीडियो गौतम बुद्धा पार्क का बताया जा रहा है। वीडियो में दबंगों ने दो युवकों को पेड़ में रस्सी के सहारे बांध रखा है। इसके बाद बंधे युवकों दो आरोपी पीट रहे हैं। दबंगों के सामने पेड़ से बंधे युवक छोड़ने की गुहार लगा रहे हैं। इसके बाद भी आरोपी उन्हें जमकर पीट रहे हैं। आरोपियों की पहचान देवरिया कला निवासी मोहम्मद अहदशाम और सीतापुर के बहलोलपुर निवासी मोहम्मद सैफ अली और मुरादाबाद बिलारी के सौरभ सागर के रूप में हुई।

चालक को नशीली चाय पिला ले गए ई-रिक्शा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **ई-रिक्शा बुक कर चालक को आरोपी ले गये थे अपने साथ फिर होटल में छोड़कर भागे**
- **कैसरबाग पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए खंगाल रही कैमरे**

अमृत विचार : चालक को नशीला पदार्थ मिली चाय पिलाकर टप्पेबाज द्वारा ई-रिक्शा ले जाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने ई-रिक्शा बुक कराया और चालक को होटल पर चाय पिलाई, हालत बिगड़ने घटना अंजाम दे आरोपी लापता हो गया। शिकायत पर कैसरबाग कोतवाली पुलिस आरोपी की पहचान के लिये सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

पारा थाना अंतर्गत कांशीराम कॉलोनी निवासी सारांश कपूर ने बताया बुधवार को अवध चौराहा पर ई-रिक्शा खड़ा कर सवारियों का इंतजार कर रहा था। वहां से

एक युवक ने कैसरबाग के लिये 350 रुपये में ई-रिक्शा बुक किया।

कैसरबाग पहुंचने पर कचहरी में काम बता रिक्शा पार्किंग में खड़ा कर टोकन लेने को कहा। टोकन के रुपये उसी ने दिये। लौट कर बोला की आज काम नहीं बना। वहां से एक दुकान पर चाय पिलाई, जिसके बाद उसे चक्कर आने के बाद बेहोशी की हालत में पहुंच गया।

आरोपी उसे किनारे बिठाकर उसकी जेब से ई रिक्शा की चाबी, मोबाइल और पार्किंग का टोकन निकाल कर चला गया। करीब 5 बजे होश आया तो स्टैंड पहुंचा जहां कर्मी ने बताया कि टोकन दे कर आरोपी ई-रिक्शा लेकर चला गया। तब उसे टप्पेबाजी का एहसास हुआ। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर कैसरबाग सुनील कुमार सिंह ने बताया अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गांव छोड़ दो नहीं तो अंजाम भुगतने को रहो तैयार...

अमृत विचार, लखनऊ: कौशांबी जिले के थाना मोहब्बतपुर पइंशा अंतर्गत मोहम्मदपुर अनेठा सिराथू निवासी रेणुका देवी वाल्मीकी पति संजय कुमार वाल्मीकी के साथ गुरुवार को पुलिस महानिदेशक विजय कुमार से सुरक्षा की गुहार लगाने पहुंचीं। प्रार्थना-पत्र में बताया गांव निवासी कुछ दबंग गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोपी गांव नहीं छोड़ने पर खामियाजा भुगतने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता का कहना है कि स्थानीय पुलिस से लेकर महकमा के उच्चाधिकारियों और जिला प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कई बार कार्रवाई की मांग कर चुकी है।

खुलासा लिफ्ट लेकर शराब पीने के लिए रुपये छीनने का किया था प्रयास

रुपये छीनने के विरोध पर डीसीएम चालक की हुई थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- **बीकेटी थाना क्षेत्र में हुई थी घटना, कन्नौज का रहने वाला था डीसीएम चालक**

अमृत विचार : बीकेटी इलाके में कन्नौज निवासी डीसीएम चालक की हत्या शराब के लिये रुपये नहीं देने पर की गयी थी। आरोपी लूट के इरादे से ही लिफ्ट लेकर डीसीएम पर सवार हुये थे। रुपये नहीं देने पर डीसीएम चालक की चाकू व चापड़ से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों भैसामऊ निवासी मिठ्ठू उर्फ राकेश रावत और कोटवा गांव निवासी अरुण गौतम को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया।

डीसीपी उत्तरी एसएम कासिम आब्दी ने बताया 13 जनवरी को बीकेटी को दुर्जनपुर गांव के पास सड़क किनारे कन्नौज निवासी डीसीएम चालक का शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का खुलासा हुआ था। इसके आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। उनका दावा है कि दोनों हत्यारोपी शराब के लती हैं। 13 जनवरी को भैसामऊ के पास शराब के लिये रुपये न होने पर लूट की साजिश रची थी। दोनों ने चाकू और चापड़ लेकर भैसामऊ गांव के पास खड़े होकर डीसीएम चालक प्रदीप से लिफ्ट मांगी। डीसीएम रोकने पर प्रदीप से दुर्जनपुर गांव तक छोड़ने को कहा। डीसीएम से चढ़ने के बाद कुछ दूर पहुंचते ही आरोपियों ने प्रदीप से रुपये मांगे। उसने इनकार किया तो जबरन उसकी जेब से रुपये निकालने का प्रयास किया। प्रदीप ने विरोध कर अरुण की उंगली मुंह से चबा ली। इससे गुस्से में आकर आरोपी डीसीएम प्रदीप की हत्या कर फरार हो गए थे। डीसीपी ने बताया कि सूचना मिली कि गांव के एक व्यक्ति ने शराब के नशे में इस घटना का जिक्र किया। जिसके आधार पर आरोपियों को पकड़ लिया गया।

महिला मित्र से फोन पर बात करने से सामने आई घटना

पूछताछ में आरोपियों ने बताया चाकू और चापड़ से डीसीएम चालक पर 15 वार किये। चाकू मारने से अनूप के हाथ में गहरा घाव हो गया था। बीकेटी थाने में तैनात तीन सिपाहियों को मामले की भनक लगी। तो आरोपियों का नंबर ट्रेस किया। नंबर को सर्विलांस पर लगाया तो गर्लफ्रेंड से बातचीत के दौरान घटना की जानकारी सामने आयी। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया तो हत्या की बात सामने आई।

निजी कंपनी के कार्यालय व मंदिर के दान पात्र से चोरों ने पार की नकदी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **गोमतीनगर थाना क्षेत्र में हुई वारदात, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी**

अमृत विचार : गोमतीनगर इलाके में चोरों ने निजी कंपनी के कार्यालय और एक मंदिर के दानपात्र से नकदी समेत अन्य सामान पार कर दिया। कंपनी मालिक ने पांच लाख नकदी व हजारों का सामान चोरी होने की बात कही है। शिकायत पर पुलिस घटना के खुलासे का प्रयास कर रही है।

थाना अंतर्गत विभूतिखंड स्थित एल्डिको कपरिट चैंबर बिल्डिंग में एफेल इंफ्रा डेवलपर्स कंपनी संचालित है। इसमें काम करने वाले अरविंद सिंह ने बताया कि शनिवार शाम साढ़े छह बजे कर्मचारी कार्यालय का शटर बंद कर ताला लगाने के बाद चाबी उन्हें देकर चले गए थे। सोमवार सुबह कर्मचारी उनके घर से चाबी ले कर कार्यालय खोलने पहुंचे तो मुख्य गेट का शटर टूटा और दरवाजे खुले मिले। अंदर फर्श पर सामान बिखरा पड़ा था। रात में चोर कार्यालय की गुल्लक में रखे कंपनी के पांच लाख रुपये व अन्य सामान चुरा ले गए थे। उधर, इसी थाना क्षेत्र के विराट खंड चार स्थित विराटेश्वर मंदिर के दान पात्र से चोरों ने बुधवार रात नकदी पार कर दी। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

एक नजर

गन्ना किसानों के लिए सरकार का निर्णय ऐतिहासिक

लखनऊ : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने उप्र कैबिनेट द्वारा गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश कैबिनेट का आभार जताया है। कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की प्रतिबद्धता के साथ लगातार काम कर रही है। पेराई सत्र 2023-24 हेतु एसएपी के निर्धारण के अनुसार, गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति कुन्तल की बढ़ोत्तरी व चीनी मिलों द्वारा किसानों को देय गन्ना मूल्य के एक मुश्त भुगतान का निर्णय ऐतिहासिक है। कहा कि डबल इंजन की सरकार ने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करते हुए उपज के समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों की आय बढ़ाने का काम भी किया गया।

दिव्यांगजनों व पिछड़ा वर्ग तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ

लखनऊ : दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि पिछड़े वर्ग में शादी अनुदान योजना की जागरूकता बढ़ाई जाए ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले। संचालित छात्रवासों का मरम्मत कार्य समय के अंदर पूर्ण किया जाए। जिले स्तर पर दिव्यांगजनों को कृत्रिम एवं सहायक उपकरण देने का कार्य करें। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री गुरुवार को अपने कार्यालय में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर प्रत्येक दिव्यांगजनों एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों तक पहुंचाया जाए। धनराशि की कोई कमी नहीं है, नई योजनाओं का प्रस्ताव तैयार करें, आवश्यकता होने पर बजट की मांग की जाए।

प्रमुख सचिव सूचना की बना दी फेक फेसबुक प्रोफाइल

लखनऊ : प्रमुख सचिव सूचना, संजय प्रसाद की साइबर जालसाजों ने फेक फेसबुक प्रोफाइल बना दी। जानकारी होने पर उन्होंने साइबर थाने में इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि फेक आईडी की न रिक्वेस्ट स्वीकार करें, न किसी झांसे में आएं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर संजय प्रसाद के नाम और तस्वीर के साथ फेक प्रोफाइल बनाई गई है।

आम्रपाली समेत कई ट्रेनें प्रभावित

प्री नॉन इंटरलॉक के कारण किया गया है मार्ग परिवर्तन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के जीवधारा एवं बापूधाम मोतीहारी स्टेशन यार्ड के प्री नॉन इंटरलॉक, नॉन इंटरलॉक के कारण आम्रपाली एक्सप्रेस, सप्तक्रान्ति एक्सप्रेस सहित कई अन्य ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन किया गया है।

लखनऊ जं.-बरौनी सहित कई ट्रेनों को दिया गया ठहराव : रेलवे प्रशासन ने गाड़ियों का विभिन्न तिथियों से लखनऊ जं. एक्सप्रेस सहित कई अन्य ट्रेनों का स्टेशनों पर अगले आदेश तक ठहराव प्रदान किया जाएगा। ट्रेन नंबर-15203 बरौनी-लखनऊ जं. एक्सप्रेस 18 जनवरी से भाटपार रानी स्टेशन पर तड़के 2:53 बजे पहुंचकर 02:55 बजे, ट्रेन नंबर 15204 लखनऊ जं.-बरौनी एक्सप्रेस 18 जनवरी से भाटपार रानी स्टेशन पर मध्य रात्रि 12:13 बजे पहुंचकर 12:15 बजे, ट्रेन नंबर 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ अवध असम एक्सप्रेस 18 जनवरी से भाटपार रानी स्टेशन पर रात्रि 9:35 बजे पहुंचकर 9:37 बजे, ट्रेन नंबर 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ अवध असम एक्सप्रेस 18 जनवरी से भाटपार रानी स्टेशन पर देर रात्रि 1:51 बजे पहुंचकर 1:53 बजे, ट्रेन नंबर 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस 19 जनवरी से सलेमपुर स्टेशन पर रात्रि 10:38 बजे पहुंचकर 10:40 बजे, ट्रेन नंबर 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस 20 जनवरी से सलेमपुर स्टेशन पर शाम 5:40 बजे पहुंचकर 5:42 बजे छूटेगी।

बदले मार्ग से चलाई जाएंगी ये ट्रेनें

- मुजफ्फरपुर से 19 जनवरी को चलने वाली ट्रेन नंबर 12211 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सगौली के रास्ते
- मुजफ्फरपुर से 19 जनवरी, को चलने वाली ट्रेन नंबर 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सगौली के रास्ते
- आनन्द विहार टर्मिनस से 18 व 19 जनवरी को चलने वाली ट्रेन नंबर 12558 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सगौली-रक्सौल-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर के रास्ते
- दरभंगा से 18 और 19 जनवरी को चलने वाली ट्रेन नंबर 15211 दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग दरभंगा-सीतामढ़ी-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते
- अमृसतर से 18 जनवरी को चलने वाली ट्रेन नंबर 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज-सिकटा-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा के रास्ते
- आनन्द विहार टर्मिनस से 18 जनवरी को चलने वाली 15530 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सगौली-रक्सौल-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर के रास्ते
- कटिहार से 18 जनवरी को चलने वाली 15705 कटिहार-दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सगौली के रास्ते
- बरौनी से 18 एवं 19 जनवरी को चलने वाली ट्रेन नंबर 19038 बरौनी-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सगौली के रास्ते

राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों की बेहतरी के लिए प्री स्कूल किट का किया वितरण

कहा, कानून-व्यवस्था को अच्छा करने का एकमात्र विकल्प है शिक्षा

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार : राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 500 आंगनबाड़ी केंद्रों को सुसज्जित करने हेतु प्री स्कूल किट तथा 10 अति कुपोषित बच्चों को 'मिलेट पोषण किट' का वितरण किया। प्रदेश में आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाये जाने हेतु 9 हजार से अधिक आंगनवाड़ी किट प्रदान किये जा चुके हैं।

कार्यक्रम के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, रामा कृष्णनन पेस्टीसाइड्स, मेदांता ग्रुप, मेडिकल कार्पोरेशन और करम इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों को राज्यपाल ने प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र को सुविधा सम्पन्न बनाये जाने व बच्चों के शिक्षण एवं खेलकूद हेतु साधन प्रदान करने के लिए सहयोगकर्ताओं को बधाई दिया। कहा कि यदि समाज से बेकारी घटाना है, कानून और व्यवस्था को अच्छा करना है तो उसका एकमात्र विकल्प शिक्षा है।

कार्यक्रम में उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

मंत्री बेबी रानी मौर्या ने कहा बच्चे कल का भविष्य

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं।उनके अच्छे पोषण व परवरिश से जीवनपर्यंत लाभ होगा। बताया कि अच्छी शिक्षा और परिवेश से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। नगर निगम के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी,लखनऊ सूर्यपाल गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन आदि उपस्थित रहे।

सकारात्मक कार्यों से पहचान बनाएं विधायक : महाना

अमृत विचार, लखनऊ : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधायक नकारात्मक कार्यशैली से बचकर सकारात्मक कार्यों से अपनी पहचान बनाने का कार्य करें। प्रदेश के विधायकों के साथ क्षेत्रवार चल रहे 'संवाद कार्यक्रम' के तहत विधानसभा अध्यक्ष गुरुवार को विधानभवन में पूर्वांचल क्षेत्र के विधायकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने वरिष्ठ सदस्यों से कहा कि वे प्रश्नकाल में नये सदस्यों को अपनी बात रखने का अधिक अवसर दें, ताकि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं से सदन को अवगत करवा सकें। उन्होंने कहा कि बजट सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष को बराबर का मौका मिलता है, इसलिए ऐसे अवसर में अपनी बात रखने की पूरी कोशिश करें।

महाना ने कहा कि वर्षों से पूर्वांचल की छवि एक पिछड़े क्षेत्र के रूप में पेश की जाती रही है, लेकिन अब समय आ गया है कि विकास का रास्ता प्रशस्त कर इसकी छवि को बेहतरीन बनाया जाए। कार्यक्रम को विधायक ओम प्रकाश सिंह, शलभमणि त्रिपाठी, टी. राम, रमेश मिश्रसमेत अन्य विधायकों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', श्रम मंत्री अनिल राजभर, प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे आदि शामिल हुए।

सार्वजनिक स्थलों पर गोवंश मिले तो जिम्मेदार अफसरों पर होगी कार्रवाई

मुख्य सचिव ने मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सार्वजनिक स्थलों पर गोवंश पाये जाने पर जिम्मेदार अफसरों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अफसरों को यह निर्देश दिये। मुख्य सचिव गुरुवार को लोकभवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने कहा कि निराश्रित गो संरक्षण विशेष अभियान को 31 जनवरी तक बढ़ाया गया है। 75 दिवसीय इस विशेष अभियान के दौरान अवशेष निराश्रित गोवंश को गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाना है। एक भी निराश्रित गोवंश सार्वजनिक स्थलों पर घूमते हुए नहीं दिखना चाहिये। अभियान के पश्चात ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत अधिकारी व शहरी क्षेत्र में नगरीय निकाय के अधिकारियों से सभी निराश्रित गो-आश्रय स्थल में संरक्षित होने का सर्टिफिकेट लिया जाय और सार्वजनिक स्थल पर निराश्रित गोवंश घूमते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्रवाई की जाय।

अयोध्या पहुंचने वालों को कोई असुविधा न हो

मुख्य सचिव ने कहा कि 22 जनवरी को राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़ी सभी तैयारी समय पर पूरी कर ली जायं। 22 जनवरी को अवकाश, 14 से 21 जनवरी तक सफाई अभियान, 22-26 तक लाइटिंग, 22 जनवरी को मांस-मदिरा की दुकाने बंद रखने के आदेश निर्गत किये गये हैं, इनका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय ताकि अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

अभिराज और सृष्टि ने जीते दोहरे स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अभिराज ने लखनऊ जिला (अंडर-14 व अंडर-16) एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन अंडर-16 बालक वर्ग में पेंटाथलॉन और 60 दौड़ में अव्वल रहते हुए दोहरे स्वर्ण पदक अपने नाम किए। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की देखरेख में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में संपन्न दो दिवसीय चैंपियनशिप में एक दिन पहले बालिका अंडर-14 ट्रायथलॉन में पहला स्थान हासिल करने वाले सृष्टि ने आज अंडर-16 बालिका जेवलिन थ्रो में पहला स्थान हासिल किया। अंडर-16 बालक जेवलिन थ्रो में सचिन को पहला स्थान मिला। दूसरी ओर मंगल ने अंडर-16 बालक 80 मी.बाधा दौड़ में मंगल को पहला स्थान मिला।

चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सुनील कुमार तिवारी (पूर्व प्रधानाचार्य, जीआईसी सीतापुर) ने पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अंत में लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण ने कार्यक्रम में शामिल सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

दूसरे दिन हुई स्पर्धाओं के परिणाम

अंडर-16 बालिका गोला फेंक-
प्रथम- सुष्मिता यादव, द्वितीय-सृष्टि, तृतीय-मंतशा खान

अंडर-16 बालक गोला फेंक -
प्रथम- सत्यम, द्वितीय- आशुतोष यादव, तृतीय-इंद्रेश मिश्रा

अंडर-16 बालक 600 मी-
प्रथम -दीपक पटेल, द्वितीय - प्रशांत सिंह, तृतीय- मंगला प्रसाद

कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उत्तर प्रदेश
तृतीय तल, किसान मण्डी भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

पत्रांक- नि0ख0/लखनऊ/ई-निविदा/2024-2048 दिनांक: 18/01/2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्य के निर्माण हेतु ई-निविदा (E-Tendering) के माध्यम से परिषद आदेश पत्रांक- मु0अभि0-(पंजी0-नि0-1168-भाग-4)/2023-217 दिनांक 29.05.2023 के क्रम में मण्डी परिषद में पंजीकृत एवं परिषद आदेश पत्रांक-मु0अभि0ग्रेड-2/(1168/भाग-4/2005)/2022-641 दिनांक 11.08.2022 के क्रम में पी0डब्लू0डी0, आर0ई0डी0, यू0पी0आर0एन0एन0 एवं यू0पी0पी0सी0एल0 विभाग में वांछित श्रेणी में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ फर्म/ठेकेदारों से दिनांक 03.02.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in पर दिनांक 19.01.2024 की पूर्वाहन 11.00 बजे से दिनांक 03.02.2024 की अपरान्ह 3:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 03.02.2024 को अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेंगी। तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के फलस्वरूप वित्तीय बिड खोली जायेगी। तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने हेतु निर्धारित तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ जाने की स्थिति में तकनीकी एवं वित्तीय बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी:-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	निविदा का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) (रूपये में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य की अनुमानित लागत (सिविल कार्य) (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी
1	नवीन मण्डी लखीमपुर में 07 नग छायादार नीलामी चबूतरों, क्षतिग्रस्त चाहरदीवारी, 36 नग ''ब'' श्रेणी दुकानों, वाटर स्टैण्ड पोस्ट आदि की मरम्मत, आन्तरिक मार्ग का हाटमिक्स पद्धति से सुदृढ़ीकरण तथा कैटिल कैचर, यू/सासर ड्रेन का निर्माण एवं 1000 एम0टी0 गोदाम की तरफ सी0सी0 का कार्य, पेयजल आपूर्ति हेतु पाईप लाईन की आपूर्ति/ स्थापना आदि के कार्य। 2024_RKUMP_882313_1	29500.00	20.76	375.24	06 माह	'अ'

नियम एवं शर्तें-
1. ई-निविदा के मूल्य हेतु निर्धारित धनराशि भारतीय स्टेट बैंक, गोमती नगर लखनऊ में उपनिदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद, लखनऊ के संचालित खाता संख्या-30394513612 आई0एफ0एस0 कोड- SBIN0009916 तथा धरोहर धनराशि खाता संख्या- 30394514140 आई0एफ0एस0 कोड - SBIN0009916 में आनलाइन जमा कराकर जमा रसीद (प्रमाण) ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य हैं।
2. धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य आनलाइन जमा न किए जाने तथा जमा रसीद ई-निविदा के साथ अपलोड के बिना प्रस्तुत की गयी किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा तथा निविदायें प्रथम दृष्टया ही निरस्त कर दी जायेगी।
3. नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र (टी-4), नवीनतम हैसियत प्रमाण पत्र (टी-5) एवं शपथ पत्र (टी-6) पर स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो तथा मण्डी परिषद/पी0डब्लू0डी0, आर0ई0डी0, यू0पी0आर0एन0एन0 एवं यू0पी0पी0सी0एल0 विभाग में पंजीकृत/नवीनीकरण होने का साक्ष्य ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
4. ऐसे निविदादाता जिनका अपराधिक रिकार्ड है वह टेण्डर प्रकिया में भागीदारी नहीं कर सकेंगे।
5. निविदा के साथ रू0 100.00 का स्टाम्प पेपर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर हस्ताक्षर सहित अपलोड करना अनिवार्य होगा।
6. जी0एस0टी0 का भुगतान एवं आयकर की कटौती नियमानुसार चालू देयकों से की जायेगी।
7. निविदा मूल्य नान रिफण्डेबुल है।

नोट: समस्त नियम व शर्तें ई-निविदा वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर देखी व पढ़ी जा सकती है।

उपनिदेशक (निर्माण)

सार-संक्षेप

कलारीपयट्टू प्रतियोगिता के लिए चौक में चल रहा कैंप

अमृत विचार, लखनऊ : तमिलनाडु में 19 से 31 जनवरी तक छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत कलारीपयट्टू प्रतियोगिता का 26 से 29 जनवरी को तिरुचिरापल्ली के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित की जाएगी। खेलो इंडिया कलारिपयट्टू प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की तैयारी के लिए एसोसिएशन ने चौक स्टेडियम में विशेष प्रशिक्षण के लिए केरल से प्रशिक्षक बुलाए है। राष्ट्रीय चैंपियन और कलारी एक्सपर्ट अम्बरीश कुमार ने चौक स्टेडियम में खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। सीईओ प्रवीण गर्ग ने कहा कि गोवा में आयोजित नेशनल गेम्स में भी उत्तर प्रदेश खिलाड़ियों ने पहली बार प्रतिभाग करने के बावजूद दो कांस्य पदक प्राप्त किए थे। प्रदेश महासचिव प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि तिरुचिरापल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में अंडर-19 आयु वर्ग में एकल स्पर्धा में मेंयपट्टू ,हाईकिक और युगल स्पर्धा में लाठी, तलवार ढाल व उर्मी ढाल बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित प्रतिस्पर्धाओं में प्रदेश टीम प्रतिभाग करेगी।

फोटीफाई और पुलिस न्यू ब्वाजय की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ फुटबॉल एसोसिएशन की देखरेख में आयोजित किए जा रहे छठे हेमवती नंदन बहुगुणा स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट में गुरुवार को फोटीफाई अकादमी और पुलिस न्यू ब्वाजय ने अपने मुकाबले जीत कर अगले दौर में जगह बनाई। चौक स्टेडियम पर खेल गए पहले मैच में आज फोटीफाई ने टाईब्रेकर तक खिंचे मुकाबले में लिफा क्लब को 5-3 से हराया। दूसरे मुकाबले में पुलिस न्यू ब्वायज ने इलीट फुटबॉल क्लब को 3-2 के अंतर से हराया।

कंबल वितरण कार्यक्रम में शामिल समाचार पत्र वितरक। अमृत विचार

समाचार पत्र वितरकों को वितरित किए गए कंबल

अमृत विचार, लखनऊ : जनपद सेंटर में समस्त डिपो समाचार पत्र वितरण सेवा समिति की देखरेख गुरुवार को समाचार पत्र वितरकों को ठंड से बचने के लिए लायंस क्लब लखनऊ ने निशुल्क कंबल वितरण किया। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के बासुपल (बारा बिरवा), मुरारी यादव (कैसरबाग) जे के तिवारी (जनपद), सरवन (पॉलिटेक्निक) और वितरकों में इंद्र, रामसेवक शुक्ला, आरसी यादव, मनोज निगम ,रवि गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

राजभवन में परंपरागत खेल प्रतियोगिता-2024 के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान विजयी महिलाएं व साथ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। अमृत विचार

खेलकूद के साथ विद्यार्थियों को करियर पर भी ध्यान देने की जरूरत : आनंदीबेन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि खेलकूद के साथ विद्यार्थियों को करियर पर भी ध्यान देने की जरूरत है। राज्यपाल गुरुवार को राजभवन में परंपरागत खेल प्रतियोगिता-2024 पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राज्यपाल ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार के अलावा प्रमाण-पत्र दिया गया।

राज्यपाल ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

राज्यपाल ने कहा कि खेल स्वस्थ जीवन के लिए एक चमत्कार है। नियमित रूप से खेलने से किसी दवाई की आवश्यकता नहीं होती है। खेल से पाचन शक्ति मजबूत और स्वास्थय सही रहता है। उन्होंने कहा कि आगामी खेल प्रतियोगिताओं में 800 मीटर दौड़, बाधा दौड़ आदि को भी शामिल किया जाय।

राजभवन में आयोजित खेल प्रतियोगिता में कुल 21 खेलों का आयोजन किया गया है, जिसमें खो-खो, कबड्डी, गिल्ली डंडा, रस्सा कसी, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, जूडो, कलर बॉल, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, दौड़, लंगड़ी दौड़, बोरा दौड़, स्लो साइकिलिंग, वालीबॉल, लट्टू व रस्सी कूद प्रतियोगिता शामिल है। इन खेलों में कुल 509 प्रतिभागी शामिल रहे, जिनमें 358 पुरुष, 57 बालक व 94 महिलाएं रहीं।

मजबूत संगठन से कांग्रेस जीतेगी 2024 का रण : अविनाश पांडेय

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि मजबूत संगठन से कांग्रेस 2024 का रण जीतेगी। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि चुनाव में जीत के लिए बूथ स्तर तक पैठ जरूरी है। प्रदेश प्रभारी गुरुवार को चारबाग स्थित रवींद्रालय में अवध जोन में आने वाले जिलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कहा, लोकसभा चुनाव में जीत के लिए बूथ स्तर तक पैठ जरूरी

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर तक पार्टी संगठन को मजबूत करने की मुहिम चल रही है। इसे और तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने पार्टी की विजय सुनिश्चित करने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पांच सूत्रीय कार्यक्रम पर लक्ष्य बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया के जरिए अधिक से अधिक लोगों तक अपनी बात पहुंचायी जाय। संवाद कार्यक्रम पहले जिले और फिर ब्लॉक स्तर पर 6 फरवरी तक पूरे कर लिए जायं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संदेश प्रदेश के हर व्यक्ति तक पहुंचाया जाय। क्राउड फंडिंग के जरिए जनता के सहयोग से इस पुनीत लड़ाई को और अधिक मजबूती किया जाय। अगले 10 दिनों में संगठन में रिक्त सभी पदों को भरा जाय। कार्यक्रम में लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, बलरामपुर, गोंडा, बहराइच, रायबरेली, उन्नाव, श्रावस्ती, हरदोई, बाराबंकी आदि जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए। संवाद कार्यक्रम को राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी धीरज गुर्जर, आदि ने भी संबोधित किया।

उत्तरायणी कौथिग में बिखरा झोड़ा नृत्य का आकर्षण

लखनऊ : पर्वतीय महापरिषद द्वारा आयोजित 10 दिवसीय उत्तरायणी कौथिग के 5वें दिन गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं के छह दलों ने झोड़ा नृत्य का आकर्षण बिखेरा। पारम्परिक वेशभूषा में प्रस्तुत इस नृत्य को लोगों ने बड़े मन से देखा। आरडीएसओ कालोनी के दल का निर्देशन केडी पाण्डेय ने किया। इनके अलावा सरोजनी नगर से मंजू नेगी, एलडीए कालोनी से वीना रावत, रामलीला समिति तेलीबाग से राजेन्द्र बिष्ट, रामलीला समिति-2 तेलीबाग से दीपा एरी, मायापुरी कल्याणपुर से सोनिया बिष्ट और पीजीआई से रेम सिंह बिष्ट के निर्देशन में झोड़ा प्रस्तुत किया गया। एलडीए कालोनी के कलाकारों ने झोड़े बोल आहा उत्तराखंड मातृभूमि तेरी जय जय कार के जरिये पलायन की ज्वलंत समस्या को दर्शाया। कौथिग स्थल पर धूप निकलने के बाद काफी भीड़ उमड़ी। उत्तरायणी कौथिग में उत्तराखंड के संस्कृति विभाग की ओर से आये पुष्कर मेहर के दल ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। जिसमें वंदना ओ नंदा सुनन्दा तू दैण है जाय... प्रस्तुत किया। इसमें पुष्कर सिंह मेहर की गायकी, अमर, नवीन , ललित, योगेश, श्रुति, तारा, रजनी और कमला चिल्कोटी का नृत्य खूब सराहा गया।

उदासीनता | कहीं लापरवाही तो कहीं बजट के कारण नहीं हुए काम

10,328 ग्राम पंचायतों ने नहीं कराए मनरेगा कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 2023-24 में 28 करोड़ से अधिक मानव दिवस सृजित करने यानी श्रमिकों को रोजगार देने का दावा किया गया है। इस लक्ष्य में पिछले वर्ष की तुलना में 179.93 करोड़ मानव दिवस अधिक सृजित हुए हैं। जबकि, 10,328 ग्राम पंचायतों में दिसंबर में कोई कार्य नहीं कराए गए।

नवंबर की बात करें तो बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, शामली, मथुरा, अलीगढ़, संभल, कासगंज व मुज्जफरनगर में कार्यों की प्रगति शून्य है। जबकि 27 जिले श्रमिकों को काम देने में पीछे हैं। रही बात समय से मजदूरी देने की तो बागपत, चंदौली, मुज्जफरनगर, हरदोई, रामपुर, सीतापुर, सुल्तानपुर, उन्नाव व कुशीनगर में स्थिति बेहद खराब है। इसकी वजह कहीं लापरवाही तो कहीं नवंबर से बजट न मिलना है। इसका असर गांव के विकास के साथ लाखों श्रमिक परिवारों पर पड़ा है। हाल में ग्राम्य विकास आयुक्त की समीक्षा में यह जानकारी सामने आई।

नवंबर में बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, शामली, मथुरा समेत 10 जिलों में प्रगति शून्य

> लक्ष्य के अनुसार कार्यों की प्रगति ठीक है। नवंबर से बजट नहीं मिला है। इस वजह से कहीं-कहीं समस्या आई है। जो भी कमियां हैं, वह दूर की जा रही हैं।
> – हरीश चंद्र, उपायुक्त, ग्राम्य विकास मुख्यालय

बरेली समेत 10 जिलों में कम लगी ऑनलाइन हाजिरी

काम के दौरान श्रमिकों की हाजिरी और मस्टर रोल 100 प्रतिशत ऑनलाइन करना है। इसके बाद भी दिसंबर में 97 प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति फीड की गई। इस प्रक्रिया में कन्नौज, मथुरा, बरेली, मेरठ, कानपुर नगर, बागपत, शामली, प्रयागराज, एटा व बुलंदशहर में गिरावट आई है। रामपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, सुल्तानपुर, हरदोई, हापुड़, कानपुर नगर, देवरिया, चित्रकूट समेत 23 जिलों में भुगतान अधिक लंबित है।

अमृत सरोवरों में भी झोल

मनरेगा से अमृत सरोवर बनाने में लाखों रुपये बहा दिए गए। जिसकी अधिकारियों ने सुध तक नहीं ली। 888 अमृत सरोवरों का निरीक्षण तक नहीं किया गया। इनमें आजमगढ़, बलरामपुर, कानपुर देहात, पीलीभीत, आगरा, बागपत, गौतबुद्ध नगर, फिरोजाबाद, बलिया व रामपुर के सबसे ज्यादा अमृत सरोवर हैं। वहीं, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बागपत, इटावा, शामिली, सिद्धार्थनगर, हरदोई पीलीभीत, जौनपुर व कानपुर नगर के चिह्नित 1023 अमृत सरोवर में खामियां रहीं। जिन्हें दूर कर दोबारा निरीक्षण नहीं किया गया।

कार्यालय जिला पंचायत, कन्नौज

पत्रांक: 230/संशोधित ई-निविदा-1/निर्माण/जि0पं0 कन्नौज/2023-24 दिनांक: 18 जनवरी, 2024

ई-निविदा सूचना में संशोधन

जिला पंचायत, कन्नौज कार्यालय पत्रांक 222/ई-निविदा-1/निर्माण/जि0पं0 कन्नौज/2022-23 दिनांक: 09 जनवरी, 2024 द्वारा 213 निर्माण कार्यो ऑन लाइन निविदा दिनांक 24.01.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक Submit की जा सकेंगी तथा दिनांक 18.01.2024 को प्रातः 11:00 पूर्वान्ह बजे से Upload/Download/Submit किये जा सकेगें की विज्ञप्ति का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण, अमर उजाला एवं अमृत विचार कन्नौज में कराया गया था। लेकिन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए, अब उक्त ऑन लाइन निविदा दिनांक 30.01.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक Submit की जा सकेंगी, जो उसी दिनांक को गठित निविदा समिति (अ0मु0अ0, वि0प0दा0 व अभियन्ता) द्वारा 1:00 बजे अपरान्ह से कार्यालय जिला पंचायत, कन्नौज में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण व इस सम्बन्ध में अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय Kannauj.nic.in की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। तद्नुसार पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति में संशोधित किया जाता है।

(हरेन्द्र राव) अभियन्ता, जिला पंचायत, कन्नौज।
(शिशुपाल शर्मा) अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, कन्नौज।
(प्रिया शाक्य) अध्यक्ष, जिला पंचायत, कन्नौज।

14.51 करोड़ से अयोध्या के तीन स्थानों पर लगेंगे मंच, साउंड, लाइट और टेंट

सरकार ने संस्कृति विभाग को भेजी धनराशि, भव्य कार्यक्रम का दिया निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अलग से सजी है 8000 लोगों के लिए टेंट सिटी

अमृत विचार : राज्य सरकार ने गुरुवार को अयोध्या के तीन स्थानों पर मंच, लाइट, साऊंड, साज-सज्जा और टेंट सिटी जैसे कार्य के लिए 14.51 करोड़ रुपये संस्कृति निदेशक को भेजा है। निर्देश दिए गए हैं कि रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर होने आयोजन भव्य और दिव्य होने चाहिए। उधर, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अलग 8000 लोगों के लिए टेंट सिटी बसाई है।

राज्य सरकार ने अयोध्या के तुलसी उपवन स्थल पर भव्य मंच, लाइट, साऊंड, साज-सज्जा, टेंट सिटी आदि व्यवस्था के लिए रामोत्सव बजट से 4 करोड़ 96 लाख 78 हजार की धनराशि स्वीकृत की है। इसी तरह राम की पैड़ी के लिए 4 करोड़ 60 लाख 20 हजार रुपये और भजन संध्या स्थल के लिए 4 करोड़ 94 लाख 42 हजार की धनराशि स्वीकृत की गई है। शासन ने संस्कृति निदेशालय के निदेशक को निर्देश दिए हैं कि महानिदेशक पर्यटन विभाग के प्रस्ताव पर रामोत्सव अयोध्या के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि का नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित की जाए।

उधर, मणि पर्वत के निकट तीर्थ क्षेत्र पुरम समेत राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा तैयार सभी टेंट सिटी में व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। आवासीय व्यवस्था के तहत मणि पर्वत के पास तैयार किए गए तीर्थ क्षेत्र पुरम में आठ हजार बिस्तर आगंतुकों के लिए हैं। पूरे परिसर को छह क्षेत्र में बांटा गया है। इसके अलावा छावनी के योग केंद्र और कारसेवकपुरम में भी आवासीय व्यवस्था पूर्ण हो गई है। विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली थी।

मुख्यमंत्री योगी आज अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी परखेंगे

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को रामनगरी जाएंगे। इस माह मुख्यमंत्री का यह तीसरा दौरा होगा। मुख्यमंत्री हनुमानगढ़ी के दर्शन करेंगे। इसके साथ वह 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन की निर्णायक तैयारियों के संदर्भ में बैठक लेंगे।

अयोध्या में निर्बाध बिजली आपूर्ति की पुख्ता तैयारी

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : अयोध्या में राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पावर कॉरपोरेशन ने पुख्ता तैयारी की है। चैबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर मुख्य अभियंता स्तर तक के अधिकारियों के निर्देश दिये गये हैं। भीषण ठंड में प्रदेश के लोगों को समुचित बिजली उपलब्ध कराने के साथ ही अयोध्या में भरपूर बिजली देने पर जोर दिया जा रहा है। कॉरपोरेशन के अफसरों ने बताया कि बिजली आपूर्ति की उपलब्धता को लेकर कोई समस्या नहीं है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 20 हजार मेगावाट मांग हो रही है। मांग के अनुसार प्रदेश में बिजली आपूर्ति उपलब्ध है। निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाये रखने के लिए अयोध्या में राम मंदिर क्षेत्र व पूरे जिले में बिजली लाइनों व ट्रांसफार्मरों को दुरुस्त रखा गया है। बिजली आपूर्ति पर नजर रखने के लिए नियंत्रण कक्ष खोला गया है। अधिकारियों ने बताया कि 15 जनवरी से अयोध्या में निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही है। 24 जनवरी तक निरंतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को प्रदेश में 21806 मेगावाट अधिकतम बिजली मांग रिकार्ड की गई, जबकि न्यूनतम मांग 12325 मेगावाट दर्ज की गई।

विहिप नेताओं ने संभाली टेंट सिटी की कमान

विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री और आवास योजना के प्रभारी कोटेश्वर शर्मा ने बताया कि तीर्थ क्षेत्र द्वारा बसाई गई तीनों टेंट सिटी में सभी सुविधाएं जुटा ली गई हैं। तीर्थ क्षेत्र पुरम में 300 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है इसके अलावा दोपहिया वाहनों की पार्किंग भी बनाई गई है। छावनी योग केंद्र की टेंट सिटी के प्रभारी क्षेत्रीय संगठन मंत्री विश्व हिन्दू परिषद मनोज हैं। यहां की व्यवस्था में दर्शन, महेश, डा.परमानंद, रनदीप पोखरिया, धईरजजई, कुलदीप रावल, ब्रजेशानंद, राम मिलन, पंकज आदि लगे हैं। इसके अलावा कारसेवकपुरम की टेंट सिटी भी आगंतुकों की अगवानी को तैयार है।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह का उत्साह शहर में श्रद्धालुओं पर साफ दिख रहा है, इसी क्रम में खिलाड़ियों ने गोमती नदी में नाव पर निकाली श्रीराम की शोभा यात्रा। अमृत विचार

गोमती की लहरों पर निकली राम की शोभा यात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की अधिकृत टाई का हुआ अनावरण

▸▸ शोभा यात्रा पर हुई पुष्प वर्षा राम के जयकारों से गूंज उठा गोमती तट

अमृत विचार: अयोध्या धाम में आगामी 22 जनवरी को आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जादू शहर में श्रद्धालुओं के सिर चढ़ कर बोल रहा है। खेल जगत भी इससे अछूता नहीं है। इसी के चलते उत्साहित खिलाड़ियों ने गुरुवार को गोमती की लहरों पर भगवान राम की शाभा यात्रा निकाली। फूलों से सजी नाव में बीच में राम का नीले रंग का कटआउट देख खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना हो गया। गोमती नदी में शोभा यात्रा के दौरान जहां खिलाड़ी भगवान राम के जयकारे लगाते रहे, वहीं नदी किनारे दर्शक राम धुन गाते नजर आए। भगवान राम पर पुष्पवर्षा की गई। बोट क्लब भगवान राम के जयकारों से गूंज उठा।

उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में खेल जगत के लोगों ने हिस्सा लिया। निशातगंज स्थित बोट क्लब पर पुराने और नए खिलाड़ी मौजूद रहे। इस पावन मौके पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की अधिकृत टाई भी लांच की। इस समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी, रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के आजीवन उपाध्यक्ष डॉ.आईडी शर्मा ने उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की अधिकृत टाई का अनावरण किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष टीपी हवेलिया, उत्तर प्रदेश तैराकी संघ के सचिव रविन कपूर, उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पुनीत अग्रवाल मौजूद रहे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश में पिछले वर्ष गोरखपुर के रामगढ़ताल में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की रोइंग की स्पर्धाओं में तकनीकी अधिकारी रहे निर्णायकों को सम्मानित किया। इनमें हरीश चंद्र शर्मा, राकेश शुक्ला, प्रकाश अवस्थी, बीएस रावत, एसएम भट्ट, एसएन गुप्ता, देवेंद्र स्वरूप शुक्ला, राज शर्मा, अखिलेश सिंह शामिल रहे। उन्होंने कहा कि सोमवार 22 जनवरी को आयोजित होने वाले भव्य समारोह का सभी को बेसब्री से इंतजार है।

हजरतगंज चौराहे पर लगा भगवान राम का कटआउट व रंग बिरंगी झालरें।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अमीनाबाद मार्केट में झंडा की खरीदते लोग।

अयोध्या जाने वाले तीनों कॉरीडोर 23 तक नो पार्किंग जोन घोषित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था ने बैठक कर तैयारी का खाका खींचा

अमृत विचार: अयोध्या धाम जाने वाले तीनों कॉरीडोर को 23 जनवरी तक नो पार्किंग जोन घोषित कर दिए गए हैं। सड़क के किनारे वाहन पार्क नहीं किए जाएंगे। इन मार्गों पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे। आटो, टेंपो, बस या अन्य सवारी वाहन चौराहे पर रुकेंगे। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेन्द्र कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को पुलिस लाइन में बैठक की और संबंधित अफसरों के साथ तैयारी का खाका खींचा।

जेसीपी ने कहा कोशिश अयोध्या जाने वाले अधिकतर लोग पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और किसानपथ का प्रयोग करें। एयरपोर्ट से शहीद पथ, कमता, अयोध्या मार्ग, सुलतानपुर रोड से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और किसान पथ को ग्रीन कारीडोर बनाया गया है। ई-रिक्शा मुख्य मार्ग छोड़कर सर्विस लेन पर चल सकते हैं। अवैध स्टैंड इन मार्गों पर नहीं होना चाहिए। तीनों मार्गों पर क्रेन उपलब्ध रहेगी। वाहन खराब हो तो तत्काल क्रेन से हटवा दें। रात में पुलिस कर्मी रिफ्लैक्टर जैकेट पहने रहें। पुलिस कर्मियों की 12-12 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है। बैठक में डीसीपी पूर्वी आशीष श्रीवास्तव, एडीसीपी सैय्यद मो. अली अब्बास, एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह शामिल रहे।

श्रद्धा और भक्ति के सागर में डूबी राजधानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: शबरी जैसी श्रद्धा, केवट सी भक्ति श्रद्धालुओं के दिलों में हिलोरे मार रही हैं। जैसे प्राण प्रतिष्ठा की तारीख करीब आ रही है वैसे ही शहर पर राम नामी रंग गहराता जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने को लोग उतावले हैं। बाजारों के साथ तमाम कालोनियों में लहराते हुए राम नामी झंडे देख कर श्रद्धालु खुद को सीता-राम के जयकारे लगाने से नहीं रोक पा रहे हैं। चौराहों पर लगे नीले रंग के कटआउट देख कर लोग श्रद्धा से सिर झुका कर नमन कर रहे हैं। राजधानी के तमाम इलाकों में लाउड स्पीकरों पर राम धुन बजाई जा रही है। रात में चमचमाती रंग बिरंगी रोशनी को देख कर ऐसा लग रहा है कि एक बार फिर से दीपावली मनाए जाने की तैयारी है। नादान महल रोड से रकाबगंज तक लंबा तिरंगा और लहराते झंडे बता रहे हैं कि प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी को लेकर लोग किस कदर उत्साहित हैं। बाजारों में बिक रहे दीये और बिजली की झालर की मांग बढ़ती जा रही है।

राजधानी में दिख रहा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का उल्लास, बाजारों में नजर आ रहे श्रीराम के कटआउट व झंडे। अमृत विचार

▸▸ तमाम इलाकों में राम नाम की गूंज, लाउड स्पीकरों पर बज रही राम धुन

▸▸ कहीं राम के चित्र उकेरे जा रहे तो कहीं राम नाम लिखने की हो रही प्रतियोगिता

▸▸ चौराहों पर राम के कटआउट के साथ बाजारों में लहरा रहे रामनामी झंडे

राम के लिए झंडा हम खुद लगाएंगे

हजरतगंज में में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में गुरुवार को ध्वज वितरण किया गया। व्यापारियों की टोली के साथ संदीप बंसल ने बाजारों में हर दुकान पर अपने हाथ से झंडा लगाया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश छाबलानी व प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग ने भी श्रीराम के झंडे को हाथ में पकड़कर संपूर्ण व्यापारियों से दुकानों पर झंडा लगाने को कहा। बाजार में विभिन्न धर्मों के मानने वालों ने राम के स्वागत में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी है। झंडा वितरण कार्यक्रम में अध्यक्ष अश्वन वर्मा, अमानत, शुभम मौर्य महामंत्री राजीव कक्कड़ वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज गौतम, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल, बगला बाजार प्रभारी सनत गुप्ता, संजय निधि अग्रवाल, पीयूष गुप्ता, संजय गुप्ता, शरद तिवारी, रंजय कुमार शर्मा, मोहित चौहान, रोहित सिंह उपस्थित रहे। बाजारों में व्यापारियों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को संगठन के मुख्यालय दारुलशफा से दो पहिया शोभायात्रा निकाली जाएगी। लालबाग चौराहा, कंप्यूटर मार्केट हलवासिया, हजरतगंज विधानसभा मार्ग, हुसैनगंज शिवाजी मार्ग, गौतम बुद्ध मार्ग, चारबाग विजय नगर, नाका, पांडेगंज, रकाबगंज, मौलवीगंज, अमीनाबाद नजीराबाद होते हुए यह यात्रा कैसरबाग पर संपन्न होगी।

एलईडी स्क्रीन पर दिखाया जाएगा प्रसारण

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने राजधानी के अयोध्या जाने वाले रास्तों के प्रमुख चौराहों को राममय बनाने के लिए सजाना शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने हजरतगंज चौराहे और पॉलिटेक्निक चौराहे पर भगवान रामचंद्र के 8 फीट के कट आउट लगाए। चौराहों को भगवा कपड़े से लपेट कर, बैनर, पोस्टर और झंडों से सजाया। इस दौरान उत्साहित व्यापारी जयश्रीराम को उद्घोष करते रहे। इस अवसर पर संगठन के ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, मुंशी पुलिया के अध्यक्ष दीपक सिंह चौहान, महामंत्री अंकेश सिंह, सूरज यादव, अशोक तिवारी, मनोज सिंह, आशीष शर्मा, नरही बाजार के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष कमल अग्रवाल मुख्य रूप से शामिल रहे। ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ने बताया शुक्रवार से उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने आईटी कॉलेज से तिवारीगंज तक के प्रमुख चौराहों को सजाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने बताया 22 जनवरी को कई जगहों पर आदर्श व्यापार मंडल भंडारों का आयोजन करेगा। एलईडी स्क्रीन लगाकर जनता को सीधा प्रसारण दिखाए जाने की तैयारी है। व्यापारी अपने घरों एवं दुकानों पर दीपक जलाकर दिवाली मनाएंगे।

चित्रकूट से चली श्रीरामचरण पादुका यात्रा आज पहुंचेगी रामनगरी

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : श्रीराम चरण पादुका यात्रा शुक्रवार को रामनगरी के रामकथा पार्क पहुंचेगी। मकर संक्रांति (15 जनवरी) को चित्रकूट के भरतकूप स्थित कुंड से कलश में जल संग्रह और पादुका पूजन के साथ प्रारंभ हुई यात्रा प्रयागराज, श्रृंगवेरपुर, प्रतापगढ़ होते हुए गुरुवार को सुल्तानपुर पहुंची। यहां रात्रि विश्राम कर शुक्रवार सुबह 10 :11 बजे अयोध्या के लिए रवाना होगी। यहां यात्रा के साथ अवध की विभिन्न सांस्कृतिक कलाओं से जुड़े 80 कलाकार भी शामिल होंगे। इस दौरान लोककलाओं से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। अयोध्या में श्रीराम पर आधारित चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। योगी सरकार के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग इसका आयोजन कर रहा है, जबकि इसमें भारत शक्ति संस्थान का भी सहयोग रहेगा।

साध्वी ऋतंभरा का स्वागत करते लखनऊ उत्तरी विस के विधायक डॉ. नीरज बोरा व अन्य।

अयोध्या जा रहीं साध्वी ऋतंभरा का स्वागत

अमृत विचार, लखनऊ : प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने अयोध्या जा रहीं साध्वी ऋतंभरा गुरुवार की शाम लखनऊ पहुंचीं। राम जन्मभूमि आन्दोलन की अग्रणी नेता साध्वी ऋतंभरा का लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। लखनऊ पहुंचने पर उनके प्रशंसकों ने ढोल-नगाड़ों, पुष्प वर्षा और गगनभेदी नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। बिंदु बोरा ने बताया कि शुक्रवार की सुबह रामभक्तों से मुलाकात के बाद वह सड़क मार्ग से अयोध्या के लिए रवाना हो जाएंगी। लखनऊ में रामभक्तों ने जगह-जगह उनके भव्य स्वागत की तैयारी की है।

25 से चलेगी अयोध्या-लखनऊ मेमू स्पेशल

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की होने वाली भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन अयोध्या से लखनऊ के मध्य एक मेमू स्पेशल 25 जनवरी से चलाने जा रहा है। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक रेखा शर्मा ने बताया कि ट्रेन नंबर-04203 अयोध्या-लखनऊ मेमू स्पेशल 25 जनवरी से सुबह 5 :45 बजे रवाना होगी, जो सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, गौरयामऊ, रुदौली, रोजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैय्यदखॉनपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, जुग्गौर होते हुए मल्हौर 8 :25 बजे पहुंचकर एक मिनट ठहराव के बाद दिलकुशा केबिन 8 :45 बजे पास करते हुए लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन सुबह 9 :10 बजे पहुंचेगी। वापसी में 04204 लखनऊ-अयोध्या मेमू स्पेशल इसी दिन शाम 5 :25 बजे रवाना होगी जो दिलकुशा केबिन 5 :35 बजे पास होकर मल्हौर 5 :46 और अयोध्या रात्रि 9 :10 बजे पहुंचेगी।

अयोध्या के हर मार्ग पर पकड़े जाएंगे गोवंश

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर निराश्रित गोवंश पकड़े जाएंगे। शासन ने विचरण करते ऐसे गोवंशों का संरक्षण करने के निर्देश दिए हैं। खासकर लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी में सड़कों पर विचरण करने वाले गोवंश पकड़कर संरक्षित करने के निर्देश दिए हैं। गणतंत्र दिवस को लेकर भी सड़कें गोवंश से मुक्त कराई जाएंगी।

22 को लखनऊ विश्वविद्यालय में होंगे आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 22 जनवरी को विविध आयोजन होंगे। टैगोर प्रांगण में भजन का आयोजन होगा। फिर सुन्दरकाण्ड होगा। सायंकाल आरती होगी। इसके पश्चात दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। जो वृहद रूप में रहेगा।

एयर एंबुलेंस से आने वाले मरीज पहुंचेंगे एसजीपीजीआई

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं में कोई मरीज लखनऊ रेफर होकर आता है तो सबसे पहले किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में आएगा, इसके बाद लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती किया जाएगा। एयर एंबुलेंस से आने वाले मरीज को सीधे संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में भेजा जाएगा। अतिरिक्त मरीजों को सिविल, बलरामपुर आदि अन्य अस्पतालों में भर्ती किया जाएगा। यह गाइड लाइन प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न समीक्षा बैठक में जारी की गई। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि अयोध्या में आने वाली श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने भी पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। अयोध्या में हेल्थ सेंटर बनाने के अलावा राजधानी के विभिन्न अस्पतालों में बेड आरक्षित किए गए हैं।

शिया धर्मगुरु मौलाना हमीदुल हसन से मिलने पहुंचे साधु

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने जा रहे साधु गुरुवार रात शिया धर्मगुरु मौलाना हमीदुल हसन से मुलाकात करने पहुंचे। आयतुल्लाह मौलाना हमीदुल हसन के बेटे और मदरसा नजमिया के प्रधानाचार्य मौलाना फरीदुल हसन ने साधुओं को कंबल देकर विदा किया। इस मौके पर अली लायन्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद नशीद उल हसन, रियाज व मोरीस मौजूद रहे।

अयोध्या की ड्रोन से होगी निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ रेलवे ट्रैक के किनारे रहने वालों का कराया जाएगा सत्यापन

▸▸ भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी के साथ होगी चेकिंग

▸▸ प्राण-प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध के लिए डीजीपी ने दिए निर्देश

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम और गणतंत्र दिवस को लेकर डीजीपी विजय कुमार ने यातायात और सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। इसके तहत पूरे अयोध्या तीर्थ क्षेत्र की ड्रोन से लगातार निगरानी की जाएगी। इसके अलावा अयोध्या आने वाले सभी मार्गों पर सुगम यातायात और चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम रहेंगे।

प्रदेश के सभी जोन, कमिश्नरेट और जिलों से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ स्थित गांव और मोहल्ले में रहने वाले लोगों का सत्यापन कराया जाएगा और

असामाजिक तत्व कड़ी निगरानी पर रहेंगे। रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, होटल, ढाबा, सराय, रेस्टोरेंट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों की स्निफर डॉग तथा बम डिस्पोजल स्क्वायड द्वारा सघन चेकिंग होगी। पुलिस मुख्यालय पर स्थापित नियंत्रण कक्ष के माध्यम से चेकिंग परिणामों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। भारत-नेपाल सीमा पर भी एसएसबी के साथ समन्वय बनाकर चेकिंग किए जाने के निर्देश हैं।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नरेट और जिले के पुलिस कप्तानों से कहा है कि सोशल मीडिया की टीम सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर निगरानी करे। मुख्यालय पर स्थित सोशल मीडिया टीम से समन्वय रखते हुए आपत्तिजनक और भ्रामक पोस्ट का तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाए।

प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में लखनऊ में रामोत्सव शोभा यात्रा कल

अमृत विचार, लखनऊ: अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में राजधानी में 20 जनवरी की सुबह 10 बजे रामोत्सव शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के संयोजक डॉ. नीरज बोरा ने बताया कि लखनऊ की धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और व्यापारिक संस्थाओं के तत्वावधान में निकाली जाने वाली इस शोभायात्रा में भगवद्चरणानुरागी शामिल होंगे। इस शोभायात्रा के जरिए करोड़ों लोगों में बसने वाले राम का स्वागत किया जाएगा। बिंदु बोरा ने बताया कि 20 जनवरी की शोभायात्रा के लिए राम दरबार के रथ का श्रृंगार अलीगंज में शुरू हो चुका है। इस रथ की खूबी यह है कि इसे रस्सी से खींचकर ले जाया जाएगा। इस रथ पर कई स्थानों पर पुष्प वर्षा की जाएगी। प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि शोभायात्रा प्रात: 10 बजे निरालानगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर से शुरू होकर डालीगंज बाजार, आईटी चौराहा, हनुमान सेतु होते हुए गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचेगी।

अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं को सस्ती दरों पर मिलेंगे कमरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आईआरसीटीसी ने की तैयारी जल्द लांच होगा रिटायरिंग रूम

अमृत विचार : ट्रेन से अयोध्या धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए राहत की खबर है। स्टेशन परिसर में श्रद्धालुओं को सस्ते में रूम और खानपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) 22 जनवरी को 304 बेड का रिटायरिंग रूम लांच करने की तैयारी कर रहा है। इसकी शुरुआत 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री ने अयोध्या धाम स्टेशन पर की थी। 22 जनवरी के बाद अयोध्या आने वाले श्रद्धालु इसकी बुकिंग करा सकेंगे।

अयोध्या धाम में होटलों का किराया आसमान छू रहा है। अयोध्या धाम स्टेशन पर होटलों की दरें रेलवे ने तय की है, जोकि बहुत कम हैं। इन होटलों में कमरा 200 रुपये में श्रद्धालुओं को मिल जाएगा। फूड प्लाजा में रियायती दर पर भोजन भी श्रद्धालुओं को मिलेगा। रेलवे का जनता भोजन 15 रुपये से शुरू होगा। प्लाजा में 70 रुपये और 150 रुपये में डीलक्स थाली सहित अन्य भोजन का विकल्प उपलब्ध होगा। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से राम मंदिर तक की दूरी एक किलोमीटर है।

सड़कों पर रेला, हाथों में श्रीराम ध्वज, जुबां पर सीताराम

उदया से लता चौक तक लाइव रिपोर्ट

पांच किमी में 16 जगह भंडारे, 29 स्थानों पर दिखी पिकेट्स

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

अमृत विचार : श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही अयोध्या में आस्था का सैलाब उमड़ने लगा है। सरयू की कल-कल के बीच सीताराम-सीताराम की ध्वनि पूरे वातावरण को राममय बना रही है। सड़कों पर श्रद्धालुओं का ऐसा रेला ऐसे उमड़ पड़ा है कि मानो सारे देवी-देवताओं के दर्शन अयोध्या में ही होने वाले हैं। हाथों में श्री राम ध्वज लिए नंगे पांव चल रहे श्रद्धालुओं को पता ही नहीं चल रहा कि वे कितनी दूरी आ गए। न खाने की फिक्र है और न ही उन्हें आराम करने की चिंता। उदया चौराहे से लता चौक (पांच किमी.) तक 16 जगहों पर गुरुवार को भंडारे चलते दिखे। 29 जगहों पर पुलिस की टुकडिय़ां तैनात थीं। लता चौक तो सुरक्षा का हब बना हुआ है।

अयोध्या में उदया चौराहे से प्रवेश करते ही भंडारों की शुरुआत हो जाती है। एक तरफ जय गुरुदेव का भंडारा चल रहा था तो दूसरी तरफ विहिप की महाराष्ट्र इकाई की ओर से भव्य प्रसाद का इंतजाम किया गया था। कार्यकर्ता हाथ जोड़कर प्रसाद ग्रहण करने की अपील कर रहे थे। इसके आगे बढ़ने पर रानोपाली में श्रद्धालु झंडे लेकर जाते नजर आ रहे थे। साकेत महाविद्यालय से सुरक्षा का चक्र बढ़ा दिया गया है। महाविद्यालय के मैदान में तीन हैलीपैड बन रहे हैं। लोग चर्चा कर रहे थे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहीं उतरेंगे। कैथाना पहुंचे तो महिलाएं बल्लियों से लगाई जा रही बैरिकेडिंग को देख रही थीं। संगीता और गुंजन से पूछा कि ये क्या हो रहा है तो उन्होंने बताया कि मंदिर बन गया है। रामजी विराजमान हो गए हैं। मोदी जी आएंगे और पूजा-पाठ करेंगे। इसके आगे नगर निगम के जोनल कार्यालय के पास सड़कों की धुलाई चल रही थी। जन्मभूमि पथ से 50 मीटर पहले पंजाब के शिव शक्ति संघ की ओर से बड़े भंडारे का आयोजन किया गया था। सीताराम-सीताराम बोलकर श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते दिखे। व्यवस्था देख रहे अनिल ने बताया कि एक महीने तक भंडारा अनवरत चलेगा। जन्मभूमि पथ पर वाहनों से उतरते ही लोग राम के दर्शन के लिए लगभग भागते दिखे। सभी में पहले पहुंचने की होड़ थी। अगल-बगल और सामने सिर्फ सवारी वाहनों से लोग उतरकर जन्मभूमि पथ की ओर जा रहे थे। आगे हनुमानगढ़ी चौराहे के पास बाजार में काफी रौनक थीं। बर्तन, धार्मिक पुस्तकों, चूड़ी आदि की दुकानों पर भारी भीड़ लगी हुई थी। सिर पर गठरी ले जाते हुए भी महिलाएं दिखीं।

लता चौक पर सबसे अधिक भीड़ थी। यहां दूर-दराज से आए लोग सेल्फी लेने में व्यस्त थे। चौक पर बनी रंगोलियां लोगों को आकर्षित कर रही थीं। एटीएस के जवान बख्तरबंद गाड़ियों में तैनात दिखे।

ढोल मंजीरा बजाते हुए दर्शन के लिए जाती महिलाओं की टोली।

लता चौक पर सेल्फी लेती महिला। अमृत विचार

बड़े-बड़े ब्रांड प्रचार करने में भी जुटे

आगामी दिनों में अयोध्या में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। इसे देखते हुए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ब्रांड ने अपना प्रचार करना शुरू कर दिया है। बड़ी-बड़ी होर्डिंगों में रामचरितमानस की चौपाइयों के साथ अपने ब्रांड का प्रचार कर रही हैं। इसमें सीमेंट, अगरबत्ती, तेल इत्यादि शामिल हैं।

साकेत से लेकर नयाघाट तक सड़क के दोनों ओर लगाई गई बैरीकेडिंग।

राम की पैड़ी पर लेजर शो की तैयारियां

नया घाट स्थित राम की पैड़ी इन दिनों खूब चहक रही है। यहां एक बार फिर से लेजर शो करने की तैयारियां चल रही हैं। लाइटें इत्यादि लगाई जा रही हैं। पैड़ी के हर एक घाट पर मीडिया का भी जमवाड़ा है। यहां पहुंचने वाले लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद ले रहे हैं।

श्रद्धालु कारसेवकपुरम में देखने पहुंच रहे उपहार

मंदिर आंदोलन से जुड़े कारसेवकपुरम में भी लोग पहुंच रहे हैं। यहां श्रीराम को मिले उपहारों के सामने माथा टेक रहे हैं। यहां भी भंडारे का आयोजन किया गया है। मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल की तरफ से रोज 10 हजार लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया जा रहा है। 30 लाख की राशन सामग्री आई है। तीन लाख लोगों को भंडारा कराने का लक्ष्य रखा गया है।

भंडारों का भंडार, होटल-रेस्टोरेंट बेजार

भक्तों के आगमन को देखते हुए जगह-जगह पर लाखों रुपये की लागत से आयोजक भंडारे करा रहे हैं। इसमें पूड़ी, सब्जी, दाल, चावल, दूध, काफी, चाय, बिस्किट और रस्क भी शामिल हैं। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर भंडारों का आनंद ले रहे हैं। ऐसे में अयोध्या धाम के सभी होटल-रेस्टोरेंट में सन्नाटा पसर गया है। संचालकों को घाटा उठाना पड़ रहा है।

अयोध्या पहली बार आया हूं। बहुत ही पीसफुल लग रही है। सभी घर एक ही रंग के देखकर मन प्रसन्न हो गया। श्रीराम के दर्शन हो गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही जाऊंगा। – **जसबीर सिंह, दिल्ली**

अयोध्या आकर मन प्रसन्न हो गया है। दर्शन-पूजन के साथ ही सरयू स्नान किया। बोटिंग भी की। मुझे लता चौक बहुत सुंदर लगा। पीएम मोदी ने अयोध्या को चमका दिया है। **–रघुबीर सिंह, हरियाणा**

अयोध्या बदल गई है। मुझे भी खुशी हो रही है कि श्रीराम विराजमान होने जा रहे हैं। 23 के बाद घर पर रिश्तेदार आना शुरू हो जाएंगे। सभी दर्शन करने आ रहे हैं। **–सत्य प्रकाश मिश्र, कौशलपुरी**

मोदी और योगी की जोड़ी ने अयोध्या को विश्व पटल पर ला दिया। दूर-दराज से लोग आ रहे हैं। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यहां के व्यापारियों की आय भी बढ़ेगी। **–अंकित सिंह, तुलसी उद्यान**

रामरथ पर सवारी, श्रद्धालुओं को लग रही प्यारी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखते सरकार ने अयोध्या में यातायात के तमाम साधनों को उतार दिया है। लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के निहित 100 ई-बसें व 25 इलेक्ट्रिक ऑटो की खेप अयोध्या में उतारी गई है। श्रद्धालुओं को सबसे अधिक खुले वाहन पसंद आ रहे हैं। लोग पर्यटन विभाग की ओर से चलाए जा रहे इलेक्ट्रिक रामरथ पर सवारी कर रहे हैं। रामरथ पर 12 सवारियां आसानी से बैठ सकती हैं। चालक अनिल ने बताया कि इस तरह से छह रामरथ अयोध्या में उतारा गया है, जिसका न्यूनतम किराया 10 रुपये है।

भक्तों को लुभा रहा श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का गीत

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामलला को भव्य मंदिर में विराजमान होने में मात्र तीन दिन और 88 घंटे शेष रह गए हैं। चहुंओर प्रभु की आगमन की प्रतीक्षा में आनंदोत्सव छाया है। इसी के बीच श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह गीत श्रद्धालुओं को उल्लास से सराबोर कर रहा है। प्राण प्रतिष्ठा अभियान गीत सोशल मीडिया पर भी तेजी से चल रहा है। लोग एक दूसरे से अभियान गीत शेयर कर रहे हैं। जानिए और पढ़िए क्या है प्राण प्रतिष्ठा अभियान गीत और क्या हैं गीत के बोल –

श्री रघुवर जी के अवधपुरी में,
प्राण प्रतिष्ठा होना है।
निमन्त्रण को स्वीकार करो,
अब सबको अयोध्या चलना है।
जय बजरंगी जय हनुमान,
वन्दे मातरम जय श्री राम।
श्री राम जय राम,जय-जय राम,
वन्दे मातरम, जय श्री राम।

इस मंदिर को पाने हेतु,
बार बार संघर्ष हुआ।
राम भक्तों के बलिदानों से,
मंदिर बन कर खड़ा हुआ।
अब मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा,
धूमधाम से होना है।
निमन्त्रण को स्वीकार करो,
अब सबको अयोध्या चलना है...

प्राण प्रतिष्ठा अभियान गीत राम मंदिर आन्दोलन की गौरव गाथा एवं राम के विराजने के उत्सव का गीत है। सनातन समाज की भावनाओं को परिलक्षित करता है। **–शरद शर्मा, प्रान्तीय प्रवक्ता, विश्व हिंदू परिषद।**

रामपथ पर लगे मंदिर आंदोलन के नायक सिंघल के कटआउट

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पूजन से पूर्व अयोध्या धाम के रामपथ पर राम मंदिर आन्दोलन के नायक विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय अशोक सिंघल के कटआउट लगाए जा रहे हैं। अशोक सिंघल फाऊंडेशन की ओर से रामपथ पर यह बड़े कट आऊट लगाए गए हैं। इनमें अशोक सिंघल का सफेद धोती कुर्ता और गले में गमछा डाले और हाथ जोड़े नमस्कार व अभिवादन की मुद्रा में चित्र है। ऊपर फाऊंडेशन का लोगो और नीचे सभी रामभक्तों का हार्दिक स्वागत लिखा है। विहिप के प्रान्तीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि इस तरह के 100 से अधिक कट आऊट लगाए जा रहे। मंदिर आन्दोलन के नायक कहलाने वाले अशोक सिंघल के कटआउट के जरिए उन्हें याद कर श्रद्धांजलि भी दी जा रही है।

500 टन गेंदा के फूलों की लड़ियां बना रहे 1500 माली

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के दौरान रामनगरी को फूलों से सजाने के लिए पिश्चम बंगाल के खड़गपुर से ट्रकों में फूल अयोध्या पहुंच रहे हैं। तकरीबन 500 टन पीले और केसरी रंग के फूलों से मंदिर और मार्गों को सजाया जाएगा। इसके लिए 1500 माली दिल्ली और वाराणसी से आए हैं, जो फूलों की लरिया बनाने के साथ ही श्रीराम लिखा हुआ स्वागत द्वार बनाने का कार्य कर रहे हैं। अयोध्या धाम स्थित पराग रेस्टोरेंट में फूलों की लरियां उतारी गई हैं। देखरेख में जुटे कालीचरण ने बताया कि आरबीएस लॉन समेत तीन जगहों पर फूलों की लरिया तैयार की जा रही है। श्रीराम और सीताराम लिखा हुआ द्वार तैयार किया जा रहा है। दो ट्रक अशोक की पत्तियां भी आई हैं। उन पत्तियों से तोरणद्वार बनाया जाएगा।

आराध्य को हृदय में बसाए रामधुन में रमा हर श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : आज से तीन दिन बाद 22 जनवरी को रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो जाएंगे। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह बढ़ता जा रहा है। जिसकी बानगी गुरुवार को रामनगरी की सड़कों पर देखने को मिली। हर कोई मन में श्रीराम की छवि और होठों पर राम का नाम लेकर यहां आ रहा है और रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनने के लिए लालायित है। अयोध्या की आध्यात्मिकता और बदलती सूरत को देख आह्लादित और आनंदित है।

अमृत विचार ने जब राम की पैड़ी पर रामनाम के धुन में रमे कुछ श्रद्धालुओं से बात की तो उनके मुंह से सिर्फ यही शब्द निकला- यह पल अविस्मरणीय और अद्भुत है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनने के लिए ग्वालियर से यहां पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि इतने संघर्षों के बाद अब जब श्रीराम अपने भव्य दिव्य मंदिर में विराजनाम होने जा रहे हैं। हम ही नहीं पूरा देश आह्लादित है। देश के हर कोने में जश्न की तैयारी की जा रही है। हम लोग भी इस स्वर्णिम पल को अपनी नजरों से यहीं रहकर देखना चाहते हैं। यह पल हमारे जीवनकाल का सबसे सौभयशाली पल होगा।

हमारे आराध्य अब अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इससे बड़ी खुशी की बात क्या हो सकती है। इस खुशी को शब्दों में बयां करना असंभव है। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर ग्वालियर के लोग दिवाली मनाएंगे। 14 जनवरी को यहां आए हैं। यहां बदलाव को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। **– जयकरन सिंह, श्रद्धालु, ग्वालियर**

रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ ही रामनगरी की आध्यात्मिता अब और बढ़ गई है। पहले जब यहां आते थे तो बिलकुल अच्छा नहीं लगता था। हमारे आराध्य अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। यह पल हमारे लिए सौभाग्यशाली पल है। हम लोग इसे उत्सव के रूप में मनाएंगे। **– हरिबाबू सिंह, श्रद्धालु ग्वालियर**

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर यहां जो अजब सा उत्साह देखने को मिल रहा है। वह आनंदित करने वाला है। श्रीराम नेपालवासियों के दामाद हैं। अब जब रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं तो इससे ज्यादा खुशी हमारे लिए और क्या हो सकती है... यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। **– लोकेंद्र बहादुर मल्ला, श्रद्धालु, धनगढ़ी, नेपाल**

जय श्रीराम का उद्घोष करता प्राण-प्रतिष्ठा में भाग लेने के लिए पुणे (महाराष्ट्र) से आया श्रद्धालुओं का दल। अमृत विचार

4000 महिलाओं ने राम की पैड़ी पर किया दुरदुरिया पूजन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव सकुशल संपन्न हो, इसके लिए गुरुवार को राम की पैड़ी पर चार हजार महिलाओं ने दुरदुरिया पूजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महापौर व तीन कलश तिवारी मंदिर के महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने की। यह आयोजन वशिष्ठ फाउंडेशन की सचिव राजलक्ष्मी त्रिपाठी के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि देशवासियों के लिए 22 जनवरी सबसे बड़ा दिन है। हम सभी की मनोकामना पूरी हो रही है। श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। इस अवसर पर हम बहनों ने अवसान माता की पूजा कर सुख समृद्धि और शांति की कामना की है। 15-15 की टोली में 251 समूह में 4000 महिलाओं ने एक साथ विधि विधान पूर्वक पूजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, आभा सिंह, सीमा तिवारी, सरिता सिंह, आंचल मिश्रा, रूबी पोद्दार, सुभाषनी अवस्थी, बिंदु सिंह, प्रियंका अवस्थी सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

17 साल से सिर्फ एक काम सरयू तीरे लिख रहे राम-राम

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या में राम नाम की धूनि रमाने वालों की कमी नहीं है, अगर देखना है तो रामनगरी चले आइये। यहां एक साधु ऐसे हैं जो 17 वर्षों से राम का नाम लिखते आ रहे हैं। ड्राइंग पेपर पर अलग-अलग पैटर्न पर लाल और हरे पेन से अपने आराध्य को जीवंत कर रहे हैं। बलिया जिले के रहने वाले विनोद मिश्र बताते हैं कि 2006 में उन्हें प्रयाग मेले के दौरान एक संत से राम नाम लिखने की प्रेरणा मिली। इसके बाद उन्होंने परिवार को छोड़ दिया और अयोध्या आकर राम-राम लिखने लगे। उन्होंने बताया कि वह कभी भी चित्रकला में रुचि नहीं रखे, लेकिन आराध्य के प्रति ऐसी लगन लगी कि खुद ब खुद राम-राम लिखते-लिखते चित्र बनने लगा। नया घाट पर ही रहते हैं। खाने को कुछ मिल गया तो ठीक नहीं सरयू का जल पीकर ही वह अपनी भूख मिटा लेते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में मंदिर निर्माण का कार्य प्रशस्त कर दिया है। इसलिए अब वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या धाम जी में आ रहे हैं लिख रहे हैं। इसमें भी एक-एक शब्द राम-राम से बनाया गया है। उन्हें लखनऊ विश्ववद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय की तरफ से राम शब्द से बने विभिन्न रूपों का अद्भुत सुलेखन के लिए प्रशिस्त पत्र भी मिल चुका है।

विनोद मिश्र अब राम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिख रहे हैं।

रामोत्सव

आस्था के साथ सम्भाल रहे हैं पिता की विरासत, राग-भोग के लिए तैयार करते हैं प्रसाद सामग्रियां

रामनाम से 'काज' शुरू करता है 'सीताराम' का परिवार...

अंकित सेन, अयोध्या

अमृत विचार : राम से बड़ा राम का नाम... इसी आस्था और विश्वास के साथ हर कोई अपने दिन की शुरूआत रामनाम से करता है, लेकिन रामनगरी के रहने वाले सीताराम का परिवार अपने दिन की शुरूआत ही रामकाज से करते हैं। रामकोट स्थित अमावा मंदिर के सामने श्रीरामलला भोग प्रसादम के नाम से मिष्ठान की दुकान चलाने वाले सीताराम यादव 70 सालों से रामलला के भोग प्रसाद के लिए रबड़ी व पेड़ा तैयार कर रहे हैं। अब रामलला 22 जनवरी को अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं, इसको लेकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। उनका कहना है कि 70 सालों की तपस्या का इससे बढ़कर कोई फल नहीं है।

बुजुर्ग हो चुके सीताराम यादव का कहना है कि उनका परिवार बड़े ही आस्था से रामलला के राग-भोग तैयार करता है। इसके लिए प्रतिदिन पांच किलो रबड़ी, ढाई किलो पेड़ा व साढ़े तीन किलो दूध मंदिर में जाता है। प्रभु के लिए तैयार किया जाने वाले प्रसाद बड़ी स्वच्छता व शुद्धता के साथ बनाया जाता है। इसके लिए सुबह से ही दूध कढ़ाई पर चढ़ा दिया जाता है। दिन भर प्रक्रिया चलने के बाद रबड़ी और पेड़ा तैयार किया जाता है। कर्मचारी आता है और डिब्बे में सारा सामान लेकर मंदिर के लिए चला जाता है। उनका कहना है कि अब सुबह के अलावा जरूरत पड़ने पर जब कहा जाता है तो और भी सामान तैयार कराया जाता है।

रामलला के राग-भोग के लिए मिष्ठान्न तैयार करने के लिए पकाया जा रहा दूध व मिष्ठान्न।

▸▸ 70 वर्षों से रामलला के भोग के लिए समर्पित है परिवार

सीताराम यादव।

35 वर्षों तक परिसर में रही दुकान, जाती थी एक किलो रबड़ी

सीताराम यादव ने बताया कि रामलला के राग-भोग के लिए रबड़ी, पेड़ा व अन्य प्रसाद सामग्री बनाते हुए 70 वर्ष बीत गए। इससे पहले 35 वर्षों तक जन्मभूमि परिसर स्थित दुकान से सारा सामान तैयार होकर जाता रहा। वह अपने पिता धनपत यादव के साथ दुकान पर जाकर प्रसाद सामग्री तैयार करते थे। जब प्रभु टेंट में थे तो सीमित मात्रा में रबड़ी, पेड़ा व दूध जाया करता था। अब प्रतिदिन पांच किलो रबड़ी, ढाई किलो पेड़ा व साढ़े तीन किलो दूध तैयार कर भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि भेजी जा रही प्रसाद सामग्री के बाबत श्रद्धा के साथ जो मिल जाता है, उसे स्वीकार कर लेते हैं।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्चस्ते विश्चसिति मूढचेता नराधम : ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है।

संपादकीय

अस्थिरता का खतरा

बीते दो दिनों में पाकिस्तान और ईरान द्वारा एक-दूसरे के क्षेत्र में मिसाइल हमले किए जाने के बाद क्षेत्र में अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच तनाव का हल शीघ्र न निकला तो क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है। पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में, कथित आतंकी ठिकानों पर गुरुवार तड़के हमले किए। इससे पहले मंगलवार को पाकिस्तान के अशांत ब्लूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच चरमपंथी समूह 'जैश-अल-अदल' के दो ठिकानों को निशाना बना कर ईरान ने हमले किए। ध्यान रहे पाकिस्तान पहला ऐसा देश नहीं है जहां ईरान ने पिछले कुछ दिनों में हमला किया हो। पाकिस्तान से पहले इराक और सीरिया पर भी हमला किया था। ये हमले ऐसे समय किए गए जब मध्य पूर्व में पहले से ही गाजा और इजरायल के बीच युद्ध को लेकर तनाव है। इन दो घटनाओं ने मध्य पूर्व की आग को दक्षिण एशिया तक पहुंचा दिया है। हमलों से कूटनीतिक विवाद छिड़ गया है। पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुला लिया और अपने पड़ोसी के सभी उच्च-स्तरीय यात्राओं को निलंबित कर दिया। चीन ने दोनों देशों से संयम बरतने और तनाव बढ़ने से बचने का आग्रह किया है।

भारत ने कहा कि ये ईरान और पाकिस्तान का आपसी मामला है। जहां तक भारत का सवाल है, तो आतंकवाद को लेकर हमारी नीति जीरो टॉलरेंस की है। सभी देशों की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और सुरक्षा की जानी चाहिए। पाकिस्तान ईरान का आठवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। ईरान को पाकिस्तान के प्रमुख निर्यातों में चावल, मांस, कागज, वस्त्र और फल शामिल हैं। ईरान से पाकिस्तान के प्रमुख वस्तुओं के आयात में कार्बनिक रसायन, प्लास्टिक, खनिज, तेल, लोहा और इस्तपात शामिल हैं। ईरान और पाकिस्तान के बीच बड़ी अड़चन ईरान का सिस्तान और पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत रहा है। दोनों देशों ने सीमा पर अशांत बलूच क्षेत्र में लंबे समय से आतंकवादियों से लड़ाई लड़ी है। दोनों देशों के दुश्मन एक ही तरह के हैं, जो अलगाववाद की भावना रखते हैं, लेकिन सीमा पार एक दूसरे की धरती पर इन अलगाववादियों पर हमला करना असामान्य है। यदि मौजूदा हालात पर नीति निर्माताओं द्वारा कूटनीतिक रूप से नियंत्रण नहीं किया जाता है तो मौजूदा गलतफहमी उनके लिए बहुत चुनौतीपूर्ण हो सकती है। यह अब दोनों देशों पर निर्भर करता है कि वे दोनों पक्षों की बेहतरी और समृद्धि के लिए कौन सा रास्ता खोज निकालते हैं? क्योंकि ईरान और पाकिस्तान की चिंताओं तथा हितों का नए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय माहौल से गहरा संबंध है।

अन्य धर्मावलंबियों की भी नगरी है अयोध्या

डॉ. रामानंद शुक्ल
अयोध्या

बौद्धों से भी अयोध्या का घनिष्ठ संबंध रहा है। बौद्ध-वाङ्मय में इस नगर के दो अन्य नाम साकेत और विशाखा भी कहे गए हैं। दिव्यावदान ग्रंथ में कहा गया है कि-स्वयमागतं स्वयमागतं साकेत साकेतमिति संज्ञा संवृत्ता। यहां बुद्ध द्वारा कई चातुर्मास बिताए गए थे। अयोध्या के दंतधावनकुंड पर उनकी दातून से उत्पन्न वृक्ष का भी उल्लेख है।

कालक्रम से अयोध्या लुप्त-गुप्त और परिवर्तित होती रही है। रामावतार के कारण अयोध्या का नाम साकेत हो गया। उनके दिव्य साकेतधाम गमनोपरांत पहली बार त्रेतायुग में अयोध्या उजड़ गई। रामात्मज कुश ने इसे फिर बसाई। इसका प्राचीन इतिहास बताता है कि वर्तमान अयोध्या प्रतापी महाराज विक्रमादित्य की बसाई हुई है। इससे संदर्भित कई कथानक उपलब्ध हैं।

एक तो यह कि किसी दैवज्ञ ने कहा था कि चलते-चलते जहां आपका अश्व रुक जाएगा, वहीं खुदाई कराना यदि पादुका (खड़ाऊ) की प्राप्ति हो तो उसे अयोध्या जानना। दूसरा यह कि एक बार विक्रमादित्य देशाटन करते हुए संयोगवश यहां सरयू किनारे पहुंचे। वहां उनकी सेना ने शिविर डाल दिया। उस समय वहां वन था। कोई प्राचीन तीर्थ-चिह्न नहीं था। इस भूमि पर उन्हें कुछ चमत्कार एवं आध्यात्मिक सकारात्मक ऊर्जा जान पड़ी, महसूस हुई। तत्पश्चात उन्होंने अन्वेषण-शोध प्रारंभ किया। योगसिद्ध त्रिकालदर्शी साधकों-संतोष की कृपा से उन्हें यह परिज्ञात हुआ कि यह श्रीअवध की भूमि है। उनके निर्देश से महाराज ने यहां अनेक सर्वसुलभ साधनों के निर्माण कराए। शोध-सुलभ जानकारी के अनुसार कालांतर में अयोध्या पुनः विक्रमादित्य के द्वारा विनिर्मित हुई। आततायी आक्रमणकारियों की अनेक बार आखेट होती रही। इस प्रकार यहां की भूमि और निरंतर सलिल समन्विता सरयू अयोध्या की परम प्राचीनतमा गवाह हैं। अवधधाम-क्षेत्र के अंगभूत तीर्थ भी रामधाम की पुरातनता के प्राचीन प्रमाण-धरोहर हैं। पुरातात्विक अवशेष और यहां की स्थापत्य मूर्तिकला-भित्तिचित्र भी महन्महनीय साक्ष्य सिद्ध हुए हैं।

अनादि काल से अयोध्या साहित्य, संस्कृति एवं सभ्यता की केंद्र भी रही है। इसके पावनत्व से आकृष्ट हो करके ही अन्य धर्मावलंबियों ने इस सिद्धस्थली को अपना आश्रय बनाया। जैन-बौद्ध, सिक्ख, मुसलमान पीर-फकीर, श्रीवैष्णव, शैव-शाक्त, पलटू-रैदास तथा कबीर सभी धर्म, पंथ-संप्रदाय, मत-मजहब के लोगों, धर्मचार्यों ने अयोध्या का आश्रय ग्रहण किया। अपने धर्मायतन सुस्थापित किए। साधना तथा

> अनादि काल से अयोध्या साहित्य, संस्कृति एवं सभ्यता की केंद्र भी रही है। इसके पावनत्व से आकृष्ट हो करके ही अन्य धर्मावलंबियों ने इस सिद्धस्थली को अपना आश्रय बनाया। जैन-बौद्ध, सिक्ख, मुसलमान पीर-फकीर, श्रीवैष्णव, शैव-शाक्त, पलटू-रैदास तथा कबीर सभी धर्म, पंथ-संप्रदाय, मत-मजहब के लोगों, धर्मचार्यों ने अयोध्या का आश्रय ग्रहण किया। अपने धर्मायतन सुस्थापित किए।

सिद्धांतोपदेश से श्रीसमृद्ध हुए। इसकी सांस्कृतिक समरसता अद्यतन-अद्यावधि अटूट और अक्षुण्ण है। उसी का यह परिणाम रहा कि सुदूर विदेशों, अन्य प्रांतों, भारतीय उपनिवेशों में इस नाम के अन्य नगर बसाए गए। यहां से संबंधित आध्यात्मिक तौर-तरीकों को अपनाया गया। कई नगरों के नाम तो अयोध्या शब्द को थोड़ा-बहुत रूपांतरित करके अयोध्योपुर रखे। मलय की वर्तमान नजूथिया या यूथिया अयोध्या का ही अपभ्रंश है।

जैन-परंपरा में अयोध्या का अतीव आदरास्पद महत्व सार्वकालिक है। यह अनादि शाश्वत, क्षेत्रमंगल-स्थावर तीर्थ है। यह आदि तीर्थंकर ऋषभदेव सहित कुल पांच इक्ष्वाकुवंशी तीर्थंकरों की जन्मभूमि है। जैनग्रंथों का कथन है कि इसी नगरी से समग्र विश्व में जीवनयापन की कला प्रादुर्भूत एवं विकसित हुई। मनुस्मृति के वचन से कितना साम्य है--एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः। स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्याः सर्व मानवाः। अतएव मनुष्यता की प्रथम शुरुआत शिक्षा इसी भूमि से हुआ। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम और जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी इसी का नेहनिष्ठ नारा है। यह सब यहीं से विश्वव्यापी हुआ। जैन परंपरा की मान्यता है कि स्त्री-शिक्षा का शुभारंभ-सूत्रपात इसी अयोध्या की धरती से ऋषभदेव ने अपनी पुत्री ब्राह्मी-सुंदरी को पढ़ाकर किया। समग्र संसार को सर्वोदय सिद्धांतों से परिचय तीर्थंकरों ने अयोध्या से ही कराया। यहां स्वयंभू मनु के प्रपौत्र नाभिराय को इस कल्पकाल का अंतिम मनु कहा गया है। उनकी पत्नी मरुदेवी की कुक्षि से ऋषभदेव का अवतरण बताया गया है। उनके जन्मोपलक्ष्य में ही देवताओं ने आदि नगरी अयोध्या का निर्माण किया। यहां उन्हीं का अपर नाम इक्ष्वाकु कहा गया है।

बौद्धों से भी अयोध्या का घनिष्ठ संबंध रहा है। बौद्ध-वाङ्मय में इस नगर के दो अन्य नाम साकेत और विशाखा भी कहे गए हैं। दिव्यावदान ग्रंथ में कहा गया है कि-स्वयमागतं स्वयमागतं साकेत साकेतमिति संज्ञा संवृत्ता। यहां बुद्ध द्वारा कई चातुर्मास बिताए गए थे। अयोध्या के दंतधावनकुंड पर उनकी दातून से उत्पन्न वृक्ष का भी उल्लेख है। बौद्धों की श्रावस्ती और साकेत से संबद्धता अधिक दिखती है। बौद्धधर्म यहां से सातवीं-आठवीं शताब्दी के उपरांत प्रायः तिरोहित होने लगा। उधर शुंगकाल से ही जैन परंपरा की गति मंद पड़ने लगी। मुसलमान शासनकाल में इनका और अधिक ह्रास हुआ। सिख परंपरा के संस्थापक गुरु नानक देव भी अयोध्या आए थे। गुरु गोविन्द सिंह भी यहां आए, कुछ काल रहे। उनकी स्मृति में अयोध्या के सरयूतटोपरि स्थित ब्रह्मकुंड पर ऐतिहासिक सिख-गुरुद्वारा आज भी विद्यमान है। यह पौराणिक एवं ऐतिहासिक आख्यानों से महामहिमा-मंडित है।

मुसलमानों के अनेक पीर-औलियों ने अयोध्या को पाकभूमि पुकारकर यहां डेरा डाला। मदीनुत्तुल औलिया नामक किताब के अनुसार अयोध्या हजरत आदम के समय से अद्यावधि अनेक फकीरों की साधना भूमि रही है। अबुल फजल और आइने अकबरी में अयोध्या के चमत्कारिक मजारों का, खुर्दमक्का का बड़े ही अदब के साथ जिक्र किया गया है। महमूद गजनबी के भांजे सैयद सालार मसऊद गाजी ने 1032 ईसवी के लगभग अयोध्या पर आक्रमण किया था। सन् 1200 ई के आसपास सुल्तान मुहम्मद गोरी के भाई मखदूम शाह जूरन गोरी ने अयोध्या पर आक्रमण किया। कुछ दिन अमीर खुसरो के भी अयोध्यावास का संकेत मिलता है। तेरहवीं शती के प्रारंभ में दिल्ली में मुसलमानों की सत्ता आसीन हुई और औध को उन्होंने सूबा अवध का शासनकेन्द्र बनाया। गुलाम, खल्जी, तुगलक, सैयद, लोदी और सूर पठानों के शासनकाल में एक के बाद एक मुसलमान अवध के सूबेदार होते रहे। बीच में 15 वीं शती में जौनपुर के शर्की सुलतानों का भी अयोध्या पर अल्पावधि आधिपत्य रहा। 16 वीं शती में बाबर द्वारा विधिवत मुगल-शासन की स्थापना हुई। इस संक्रमण काल में अयोध्या का प्राचीन वैभव प्रारंभिक तीन शाब्दियों में तो समाप्त प्रायः ही हो गया था, किंतु मुगलकाल के प्रारंभ से ही यह नगर वैष्णवों का गढ़ बनता गया। उत्तर मुगलकाल अर्थात् अवध के नवाबों के शासनकाल में तो अयोध्या पूर्ण रूप से विकसित धर्मतीर्थ बन गई।

14-15 वीं शताब्दी से अयोध्या में वैष्णवों का वर्चस्व बढ़ने लगा। 1528 ई. में यहीं के दो मुसलमान फकीरों फजल अब्बास कलंदर और मूसा आसिकान के आग्रह पर बाबर ने अपने सिपहसलार मीरबकी के द्वारा अयोध्या के रामकोट स्थित श्रीरामजन्मभूमि को विध्वंस कर उसके स्थान पर त्वरितगति से बाबरी मस्जिद बनवाई। अकबर और जहांगीर के शासनकाल में उनकी तटस्थता या मौन स्वीकृति के कारण कतिपय मठ-मंदिर पुनः स्थापित हुए। आगे औरंगजेब ने उन्हें भी तुड़वा दिया। अतएव अधिकांश मठ-मंदिर और जिनालय अवध के नबाबों और ब्रिटिश शासनकाल में बने हैं।

सन् 1722 में मुहम्मद अमीन सादत खां बुरहनुल्मुल्लक की नियुक्ति अवध के सूबेदार के रूप में हुई। अवध के नवाबी राजवंश का वह ही संस्थापक था। अवध की यह नवाबी 11 वें नवाब वाजिद अली शाह के साथ 1856 ई में समाप्त हुई। नवाब सफदरजंग के समय में फैजाबाद नाम से वहां एक कस्बा भी बसने लगा। तीसरे नवाब शुजाउद्दौला ने तो उसे एक रमणीक नगर बनाकर अपनी राजधानी ही बना लिया। उसके उत्तराधिकारी आसुफुद्दौला ने फैजाबाद का भी परित्याग करके लखनऊ को राजधानी बनाया। अयोध्या के धर्मस्थानों को लेकर इन नवाबों के काल में भी सांप्रदायिक संघर्ष होते रहे। सन् 1857 के आसपास यहां अंग्रेजी शासन स्थापित हुआ और इसी के सन्निकट फैजाबाद नगर को जनपद का मुख्यालय घोषित किया गया।

प्रसंगवश

तात्पर्य-निर्णय

हम सब प्रायः प्रतिदिन ही देखते रहते हैं कि पूरे ग्रंथ को पढ़े बिना ही लोग अपना फतवा जारी कर देते हैं। कभी मनुस्मृति की एक पंक्ति को पकड़ लाए तो कभी रामचरित मानस की पंक्ति को उठा लाए पूछने लगे कि क्या यह ठीक है? फिर उसे जला दिया अथवा ऊटपटांग आलोचना कर दी। देश काल को जाने-समझे बिना एक-दो पंक्तियां उद्धृत करने से ग्रंथ का तात्पर्य-निर्णय नहीं हो जाता, जो लोग परिवेश तत्व से ही अपरिचित हैं। देशकाल पात्र पर विचार नहीं करते, वे प्रामाणिक ही नहीं हैं।

पांच सौ वर्ष पहले क्या परिवेश था? एक जमाने में दासप्रथा भी थी और यहीं नहीं संसार के अन्य देशों में भी थी, अमेरिका में अभी भी नस्लवाद और रंगभेद है। रचना परिवेश का सच होता है। आज जो समाज है, वह कल नहीं था। दासयुग के जमाने की कविता को आप आज के प्रतिमान से नहीं समझ सकेंगे। वे यह नहीं समझना चाहते कि देशकाल परिवर्तनशील है और एक देशकाल का सच दूसरे देशकाल में आकर

> पांच सौ वर्ष पहले क्या परिवेश था? एक जमाने में दासप्रथा भी थी और यहीं नहीं संसार के अन्य देशों में भी थी, अमेरिका में अभी भी नस्लवाद और रंगभेद है। रचना परिवेश का सच होता है। आज जो समाज है, वह कल नहीं था।

असिद्ध हो जाता है। वह कथन किस पात्र का है, नायक, प्रतिनायक या सामान्य पात्र का? अध्ययन-अनुसंधान की परंपरा कोई आज की तो है नहीं, आगे भी बड़े-बड़े अध्येता थे। उन्होंने बहुत विचार करके तात्पर्य-निर्णय के सिद्धांत निर्धारित किए। उपक्रम (भूमिका) को पढ़कर उपसंहार पर गंभीरता से विचार करके, अभ्यास अर्थात् एक सिद्धांत को ग्रंथकार प्रकार-प्रकार से कह रहा है। अपूर्वता अर्थात् मौलिकता, फल (चरितार्थता) अर्थवाद (पुष्टि-या समर्थन-वाक्य) उपपत्ति (युक्ति या तर्क) ये छह तत्व हैं जिनसे अध्येता किसी ग्रंथ का तात्पर्य-निर्णय करते हैं। इसके लिए ग्रंथ में डूबना पड़ता है। उसके लिए धैर्य की जरूरत होती है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सेक्सटॉर्शन की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक

टेक्नोलॉजी ने बेशक हमारे जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन सहूलियत के इस दौर में मुसीबतें भी बढ़ती जा रही हैं। स्मार्टफोन के इस दौर में साइबर ठग नित नए हथकंडे अपना रहे हैं। अभी हाल के दिनों में वीडियो कॉल के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाने के मामले बड़े पैमाने पर देखें जा रहें हैं। ताज्जुब की बात यह है कि ठगी का धंधा मेट्रो शहरों से निकलकर दूर-दराज के क्षेत्रों तक फैल चुका है। एक छोटी सी भूल या चूक कहिए। फिर क्या, उसके बाद जिंदगी बेजार हो जाती है।

दरअसल पिछले कुछ समय से सेक्सटॉर्शन वीडियो कॉल यानी नग्न तस्वीर या पोर्न वीडियो के जरिए लोगों को शिकार बनाया जा रहा है। स्कैमर्स वाट्सएप या मैसेंजर पर वीडियो कॉल करते हैं। सामने से लड़की का पोर्न या लड़की कपड़े उतारते हुए बात करना शुरू कर देती है। साथ ही इसका वीडियो भी रिकार्ड कर लेती है। इसके बाद शुरू होता है खेल ब्लैकमेलिंग का। अधिकतर मामलों में तो सामने वालों को पता भी नहीं होता है कि उनके साथ क्या हो रहा है? जब तक उन्हें इस बात की भनक लगती है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। अक्सर देखा गया है कि जागरूकता की कमी के चलते लोग सेक्सटॉर्शन के जरिए ठगी के शिकार हो जाते हैं।

समाज में शर्मिंदगी के चलते अपने साथ हुई ठगी की जानकारी तक साझा नहीं करते हैं और न ही पुलिस में इसकी शिकायत करते हैं। यही वजह है कि सेक्सटॉर्शन की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। राजस्थान के मेवात क्षेत्र, भरतपुर, हरियाणा और दिल्ली के दूर दराज क्षेत्रों में ऐसे कई गिरोह बैठे हुए हैं। ये गिरोह पुरुषों को आसानी से अपना शिकार बना लेते हैं। वैसे भी उम्रदराज लोगों को लेकर

सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

> समाज में शर्मिंदगी के चलते अपने साथ हुई ठगी की जानकारी तक साझा नहीं करते हैं और न ही पुलिस में इसकी शिकायत करते हैं। यही वजह है कि सेक्सटॉर्शन की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। राजस्थान के मेवात क्षेत्र, भरतपुर, हरियाणा और दिल्ली के दूर दराज क्षेत्रों में ऐसे कई गिरोह बैठे हुए हैं। ये गिरोह पुरुषों को आसानी से अपना शिकार बना लेते हैं। वैसे भी उम्रदराज लोगों को लेकर हमारे समाज का नजरिया बहुत अलग रहता है।

हमारे समाज का नजरिया बहुत अलग रहता है। उम्रदराज लोगों की भी सेक्सुअल डिजायर रहती है, लेकिन दादा-नाना की उम्र में हमारा समाज ऐसी बातें स्वीकार नहीं करता है। समाज को लगता है कि यह उम्र नाती-पोते खिलाने की या फिर भजन भक्ति की होती है। यही वजह है कि उम्रदराज लोग अपनी सेक्सुल इच्छा को छुपाकर रखते हैं, लेकिन जब कभी उन्हें ऐसा मौका मिलता है तो वो खुद पर काबू नहीं रख पाते हैं। यही वजह है कि उम्रदराज लोग सेक्सटॉर्शन का आसानी से शिकार ज्यादा हो रहे हैं। गौरतलब है कि सेक्सटॉर्शन ठगी का नया तरीका है। इसमें ठगी गैंग बनाकर की जाती है। ठग पहले तो सोशल मीडिया पर वीडियो को अपलोड करने या फिर परिवार के सदस्यों को वीडियो भेजने की धमकी देते हैं। उसके बाद गिरोह के अन्य सदस्य अलग-अलग कॉल करके ब्लैकमेलिंग करते हैं। राजस्थान के राजसमंद में सेक्सटॉर्शन के जरिए ठगी करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया तो करीब पांच करोड़ की ठगी का मामला सामने आया। आम आदमी से लेकर नेता, अभिनेता, बिजनेसमैन हर किसी को ये गिरोह अपने जाल में फंसा रहें हैं और इस जाल में फंसने वाले लोग अपने खून पसीने की कमाई बर्बाद कर रहे हैं। कई लोगों ने अपनी इज्जत-आबरू की खातिर मौत तक को गले लगा लिया है। साइबर क्राइम विशेषज्ञों की माने तो सेक्सटॉर्शन के मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। आंकड़ों की मानें तो हर राज्य में रोजाना करीब 100-200 शिकायतें आ रही हैं। जबकि अधिकतर मामलों में तो रिपोर्ट दर्ज तक नहीं हो पाती हैं। ऐसे में ये समय है जागरुक होने की, न कि समाज से भय खाकर चुपचाप बैठने की। कोरोना से भी भयानक यह महामारी बन जाए और लोग इस ठगी के दलदल में उलझते चलें जाए। उससे लाख गुना जरूरी है इस जघन्य अपराध को रोकने के लिए खुलकर सामने आया जाए। जब ऐसे मामले पुलिस थानों में दर्ज होंगे और कड़ी कार्रवाई होगी तभी ऐसे मामले कम होंगे। इसलिए जरूरत है सजगता की और ऐसे कुकृत्य के खिलाफ आवाज बुलंद करने की।

सोशल फोरम

कुछ सवाल जो करने हैं

रांची जैसे शहर में 200 से ज्यादा धर्म स्थल हैं। इससे आप पूरे देश का अनुमान लगा सकते है। ये संख्या शायद लाखों में है। कुछ धर्म स्थल बहुत प्रतिष्ठित हैं, लेकिन जिस तरह जगह घेर-घेर कर नित नए छोटे-छोटे धर्म स्थल जबरन बनाए जा रहे हैं। क्या उससे ऊपर वाले की प्रतिष्ठा में जरा सा भी इजाफा होता है?

मेरी नजर में हर नया धर्म स्थल ऊपर वाले के प्रति मेरा भरोसा थोड़ा और डगमगा जाता है। अगर सच में कोई ऊपर वाला है तो उसका ये मौन मुझे खटकता है। मैं समझ नहीं पाता कि आखिर उसके सब्र का बांध कब टूटेगा। कब उसे लगेगा कि नहीं बहुत हो गया? अब मौन रहने से नहीं चलेगा। जिस गति से धर्म बढ़ रहा है। पूजा पाठ बढ़ रहा है। उससे दुगनी गति से पाप, अनाचार, झूठ, छल, कपट बढ़ रहा है। सवाल है कि धार्मिक होकर लोगों ने क्या सीखा? जब उनके व्यवहार से ही धर्म न झलके तो धार्मिक होने का क्या औचित्य। देखा जाए तो धर्म लोगों को एक बेहतर इंसान बनाने में नाकामयाब रहा। जब पत्ता भी उसकी मर्जी से खड़कता हो तो ये उसी की जिम्मेवारी बनती थी।

> मेरी नजर में हर नया धर्म स्थल ऊपर वाले के प्रति मेरा भरोसा थोड़ा और डगमगा जाता है। अगर सच में कोई ऊपर वाला है तो उसका ये मौन मुझे खटकता है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

अर्थशास्त्र का एक नियम है कि जैसे-जैसे हमारे पास किसी वस्तु की इकाइयां बढ़ने लगती है। वैसे -वैसे प्रत्येक वस्तु से मिलने वाली उपयोगिता भी घटने लगती है।

इसे आप अर्थशास्त्र के मांग और आपूर्ति के नियम से भी समझ सकते हैं। जब सप्लाई बढ़ जाए तो वस्तु का मूल्य गिर जाता है। अब इहलोक के प्राणियों ने ऊपर वाले की सप्लाई इतनी बढ़ा दी कि अब कोई उससे नहीं डरता। वैसे भी जब ऊपर वाले की प्राण प्रतिष्ठा एक इंसान करने लगे जिसमें छप्पन किस्म के दोष हों तो सवाल तो होगा ही। नीचे रहने वाले मनुष्यों से और ऊपर रहने वाले सर्व शक्तिमान से।

-फेसबुक वॉल से

बाल मन के अनुपम चितेरे : निरंकार देव सेवक

वर्ष 1997-98 की बात है। उत्तर प्रदेश में बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तक विकास की प्रक्रिया गतिमान थी। बाल स्वभाव और मनोवृत्तियों के अनुरूप बाल साहित्य की तलाश में देश-विदेश के तमाम स्थापित रचनाकारों के साहित्य को जानने समझने का यह अनुकूल अवसर भी था। उन्हीं दिनों एक कार्यशाला में प्रसिद्ध शिक्षाविद और साहित्यकार प्रोफेसर कृष्ण कुमार से निरंकार देव सेवक जी के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। विशेषकर यह जानकारी कि वे बरेली निवासी थे और बाल साहित्य के अनुपम चितेरे। मुलाकात के दौरान कृष्ण कुमार जी द्वारा मुझे उनके और सेवक जी द्वारा संपादित बीसवीं सदी की श्रेष्ठ हिंदी बाल-कविताओं का संकलन 'महके सारी गली गली' भेंट किया गया और एक अपेक्षा भी कि बरेली वापस लौटकर सेवक जी के घर जरूर जाना।

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

मैं तब बरेली में नया था। पोस्टिंग को दो माह ही हुए थे अतः परिचय भी सीमित। कार्यशाला से वापस बरेली पहुंचा तो सेवक जी के घर का पता किया। उनकी पुत्र वधु श्रीमती पूनम सेवक जी से मुलाकात हुई। पूनम जी ने सेवक जी से जुड़े तमाम संस्मरण साझा किए और उनका बाल साहित्य भी उपलब्ध कराया। निस्संदेह अच्छे बाल साहित्य की जो खोज थी वह यहां आकर काफी हद तक पूरी हुई। हिंदी की पाठ्यपुस्तक में जब सेवक जी की कविता 'भारत है मेरा घर' प्रकाशित हुई तो पुस्तक समीक्षा में उसे बच्चों के द्वारा पुस्तक की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली कविता पाया गया। प्रश्न यह उठता है कि निरंकार देव सेवक प्रौढ़ साहित्य रचते-रचते अचानक बच्चों के बीच इतने मकबूल कैसे हो गए ? उत्तर पर जाने से पूर्व यह विचारना आवश्यक होगा कि बच्चों के बारे में हम बड़ों की मान्यताएं क्या हैं। बच्चे ये नहीं जानते, वो नहीं जानते, क्यों बच्चों जैसी बात कर रहे हो, कभी तो बड़े बन जाइए-जैसे तमाम आक्षेप-आरोप लगाने वाले हम क्या कभी बच्चों की सहजता, सरलता और निर्मलता से जुड़ पाए? बच्चों की बालसुलभ जिज्ञासाओं को बचकानी बात कहकर टाल देने वाले हम बड़ों ने क्या बच्चों की स्वाभाविक और निश्छल जिज्ञासाओं को व्यावहारिक व प्रामाणिक आधार देने की कोशिश की? बच्चों की अनंत जिज्ञासाओं के समाधान के बजाय उन्हें महंगे खिलौनों और गैजेट्स में उलझा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेने वाले हम तमाम बड़ों ने क्या कभी यह जानने की कोशिश की कि बच्चे के पिटारे में आज कितनी बातें हैं, जो वह हमसे करना चाहता है? कि उसने आज अपनी कल्पना से कौन सी नई इबारत उकेरी है, जो वह हमसे साझा करना चाहता है? उत्तर हो शायद नहीं। लगभग ऐसा ही कुछ तथाकथित बाल साहित्यकारों ने किया। जिन्होंने ऊल-जुलूल तुकबंदियां भिड़ाने, कोरी नैतिकता सिखाने अथवा फिजूल ज्ञान बघारने के चक्कर में, जो भी साहित्य रचा वह बच्चों के लिए कम उनके खुद के लिए ज्यादा जरूरी था।

वर्तमान समय में बाल साहित्य स्थापित स्थिति में है, लेकिन अगर बाल मनोविज्ञान, संप्रेषणीयता प्रभावोत्पादकता और बच्चों में स्वीकार्यता जैसे बाल साहित्य के मानकों के आधार पर आंकलन किया जाय तो कम ही बाल साहित्यकार उन मानकों और कसौटियों पर खरे उतरते हैं। इसके पीछे प्रमुख कारण यही है कि अधिसंख्य बाल साहित्यकारों की रचनाओं में उनका प्रौढ़ नजरिया ही दृष्टिगत होता है। निरंकार देव सेवक जी बाल साहित्य सम्राट इसलिए कहे जाते हैं कि पर्याप्त मात्रा में प्रौढ़ साहित्य का सृजन करने के बाद जब उन्होंने बच्चों की दुनिया में प्रवेश किया तो बहुत सहजता, सरलता और सूक्ष्मता से बालमन के बारीक मनोभावों को पकड़ा और उनका चित्रण किया।

सेवक जी की रचनाएं इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं कि उन्होंने बाल अनुभूतियों और मनोविज्ञान पर विस्तृत अध्ययन, चिंतन और मनन किया। वे ऐसे सिद्धहस्त रचनाकार रहे जिन्होंने बच्चों की वय, अवस्था, प्रकृति, परिवेश, भाषा-भूषा, बोलियों, रुचियों-अभिरुचियों आदि की सूक्ष्म पड़ताल के बाद शिशु अवस्था, बाल्यावस्था और किशोरावस्था की आवश्यकताओं को जानकर सरलता, रोचकता, ज्ञान, समझ और कौशल का सम्यक संतुलन स्थापित किया। सेवक जी के बाल साहित्य की बड़ी खूबी यह भी रही कि उन्होंने बच्चों पर कोई धारणा थोपी या आरोपित नहीं की, बल्कि उनसे उनके ही लहजे में बात की। उनका जन्म दिवस यह संकल्प लेने का दिन है कि हम सब बच्चों को बालमन के अनुरूप ऐसा साहित्य उपलब्ध कराएं, जो उन्हें किसी भी प्रकार के पूर्वाग्रह से मुक्त कर उनमें तार्किकता, मानवीय मूल्यों और रचनात्मकता का समावेश करे। वह साहित्य जिसमें बच्चों को अपना अक्स दिखाई दे, जो उनका हमजोली हो जिसमें उनकी तमाम जिज्ञासाओं का समुचित समाधान हो और जो उन्हें 'एनिमल' नहीं 'अच्छा इंसान' बनाए।

चेष्टा चेतना की पहली अभिव्यक्ति

चेष्टा चेतना की पहली अभिव्यक्ति है। चेष्टा का अर्थ ही है अनेक संभव विकल्पों में से किसी एक को, उस विकल्प को जो सर्वाधिक इष्ट प्रतीत हो, चुनना। इसमें तीन तत्व हैं, एक तो विकल्प हों, दूसरा कि इष्ट या चाहत स्पष्ट हो और तीसरा कि सारे विकल्प समान रूप से इष्ट नहीं हों। अतः मौलिक रूप में चेष्टा के पहले चेतना को इष्ट का ज्ञान होना, विकल्पों का ज्ञान होना और उन विकल्पों का इष्ट प्रतिपादन क्षमता का ज्ञान होना आवश्यक है, किंतु केवल ज्ञान होने से चेतना की अभिव्यक्ति नहीं होती।

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अभिव्यक्ति चेष्टा में होती है। चेतना सभी जीवों में होती है, अतः चेष्टा भी सभी जीवों में होती है। पौधे अपने इष्ट के लिए प्रकाश की तरफ मुड़ जाते हैं और लताएं सहारों की तरफ रुख कर लेती हैं। अन्य जानवर और मनुष्य तो चेष्टा करते ही हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमने मानव और प्रकृति के बीच एक द्वैधीभाव की भावना को बड़े प्यार से पाल रखा है। कुछ ऐसा लगता है कि मानव चेष्टाएं और उनसे बना संसार गैर-प्राकृतिक है। शायद इसका स्रोत वह कहानी है जिसमें भगवान ने सारी दुनिया को बनाया और फिर आदमी को अपने प्रतिरूप में बनाकर कहा कि जाओ यह सारी दुनिया तुम्हारे लिए है, लेकिन ध्यातव्य है कि मां-बाप अपने सारे बच्चों को ऐसा ही कुछ कहकर बहलाते हैं। भगवान ने शायद बाघ को भी यही कहा होगा और बकरियों को भी। मालूम नहीं, हम कब तक बच्चे रहेंगे।

चेतना भी प्रकृति की उपज है। प्रकृति स्व आयोजन प्रणाली है। जब चेतना के आगे प्रकृति विकल्पों को परोसती है तो खुद के आगे खुद को परोसती हैं। जब चेतना को इष्ट का ज्ञान होता है और चेतना चेष्टा करती है तो यह प्रकृति के अंदर ही है, बाहर नहीं। इसीलिए तथाकथित मानवकृत संसार भी प्राकृतिक है।

द्वैधीभाव भ्रम है, जो कुछ भी घटित होता है वह अप्राकृतिक नहीं होता। ऐसा कुछ भी नहीं हो सकता जिसकी प्रकृति अनुमति न दे। बया ने अपना घोंसला बनाया, मधुमक्खी ने अपना छत्ता और लता की जड़ों ने अपनी खाद तो यह नैचुरल है। जब आदमी ने घर बनाया, कपड़े बनाए और हथियार बनाए तो यह मैन-मेड (मतलब प्राकृतिक नहीं) है। कमाल है।

विशेष दस्ता संभालेगा वीआईपी की सुरक्षा का जिम्मा

पीपीएस के नेतृत्व में तैनात होंगे प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी, स्मार्ट ड्यूटी कार्ड बताएगा कुंडली और ब्योरा, 60 बी टीमें बनाई गईं

संवाददाता, अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत करने 22 को आ रहे प्रधानमंत्री और अन्य विशिष्ट व अति विशिष्ट जनों की सुरक्षा के लिए विशेष दस्ता तैयार कर इनको ड्यूटी में लगाया जा रहा है। विशेष जिमेदारी के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदो से चयनित प्रांतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों और कर्मियों की कुल 45 ए टीम और उपनिरीक्षक तथा पुलिसकर्मियों की 60 बी टीम बनाई गई है ।

टीमों को तीन चरणों में प्रशिक्षण दिया गया है। विशेष प्रशिक्षित दस्ते ने जनपद में आमद शुरू करा दी है और इनके शुक्रवार से मोर्चा संभाल लेने की योजना है। सुरक्षा मुख्यालय के एसपी गौरव बंसवाल ने केवल इतना बताया कि प्रशिक्षण का अंतिम चरण बुधवार को संपन्न हुआ है।

एटीएस के मार्च में शामिल बख्तरबंद वाहन और उस पर तैनात कमांडो। अमृत विचार

एटीएस के मार्च में कमांडो की अलग-अलग टुकड़ियां शामिल रहीं। अमृत विचार

सुरक्षा और व्यवस्था को अत्याधुनिक करने में जुटे पुलिस महकमें ने इस बार विशेष सुरक्षा ड्यूटी में तैनात जवानों और अधिकारियों के लिए स्मार्ट ड्यूटी कार्ड आवंटित करने का निर्णय लिया है। सिक्योर डायनमिक क्यू आर कोड युक्त यह स्मार्ट कार्ड सुरक्षा प्रतिबंधों के बीच आसान आवागमन और पहुँच ही नहीं उपलब्ध कराएगा, बल्कि इसी क्यू आर कोड में संबंधित की पूरी कुंडली होगी। स्कैन करते ही यह स्मार्ट ड्यूटी कार्ड का कोड उनके तैनाती स्थल, टीम लीडर, आवासीय व अन्य व्यवस्था तथा ड्यूटी प्वाइंट के रुट आदि की जानकारी भी उपलब्ध कराएगा।

भाषाओं के जानकार आईपीएस को समन्वय की कमान

समारोह में देश के विभिन्न प्रांतो और विदेश से भी लोग आमंत्रित किये गए हैं। अतिथियों को प्रोटोकॉल समिति के मुताबिक स्वागत, सम्मान, विदाई तथा व्यवस्था उपलब्ध करने के लिए 24 प्रशिक्षु आईपीएस की ड्यूटी भी लगाई गई है। इनका चयन भाषा ज्ञान के आधार पर किया गया है । इन प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को अतिथियों से समन्वय का जिम्मा दिया जाना है। विभागीय योजना के मुताबिक इनको लाइजनिंग ऑफिसर के रूप में लगाया जाएगा, जो विशेष सुरक्षा दस्ते और नामित मजिस्ट्रेट से समन्वय कर सुरक्षा और व्यवस्था का अनुपालन कराएंगे।

एसपीजी की निगरानी में मंदिर परिसर की सुरक्षा

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर उलटी गिनती शुरू हो गई है। मंदिर परिसर की सुरक्षा निगरानी एसपीजी ने संभाल ली है। बख्तरबंद वाहनों के साथ एटीएस कमांडों ने गुरुवार को काफिले के साथ मार्च किया। हाइवे पर शुक्रवार से भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किये जाने की तैयारी है। राम पथ और मंदिर परिसर की साज-सज्जा को लेकर रामनगरी में ऑटो-विक्रम और टैंपो तथा ई रिक्शा का मार्ग बदला गया है। परिसर की सुरक्षा को लेकर रामजन्मभूमि पथ के प्रवेश द्वार पर टायर किलर स्थापित हुआ है। आपात स्थिति के लिए सेना की संचार शाखा ने जायजा लिया। जन्मभूमि पर समारोह के अनुष्ठान शुरू होने के बाद ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्राइवेट सुरक्षा गार्डों को भी सतर्क किया गया है।

इरफान को किसी भी गवाह ने आग लगाते नहीं देखा: बचाव पक्ष

कानपुर, अमृत विचार : आगजनी कांड में गुरुवार को एमपीएमएलए कोर्ट में सुनवाई की गई। सपा विधायक इरफान व उनके भाई रिजवान सोलंकी के वकील ने वादिनी पर कई सवाल दागे। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि वादिनी मकान के कोई भी दस्तावेज कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर पाई हैं। वादिनी व उनके परिजनों का पासपोर्ट जाजमऊ के अशरफाबाद का बना हुआ है। साथ ही अभियोजन किसी भी ऐसे गवाह को कोर्ट में पेश नही पाया है, जिसने आग लगाते हुए देखा हो। डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी फूंकने के आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी व उनके भाई रिजवान सोलंकी के मामले में गुरुवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सईद नकवी व शिवाकांत दीक्षित की ओर से कोर्ट में कहा गया कि दस्तावेजों के हिसाब से नजीर फातिमा आगजनी वाले प्लॉट पर रहती ही नहीं थी। नजीर फातिमा प्लॉट के कोई भी दस्तावेज कोर्ट में पेश नहीं कर सकी हैं। उनके अशरफाबाद के मूल निवास प्रमाण पत्र कोर्ट के समक्ष दाखिल किया गया है। अधिवक्ता सईद नकवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कागजात के आधार पर स्पष्ट है कि प्लॉट नजीर फातिमा का नही था।

कुशाग्र हत्याकांड में चार्जशीट दाखिल

कानपुर, अमृत विचार : सूरत के साड़ी कारोबारी के पुत्र कुशाग्र कनोडिया की अपहरण के बाद हत्या के मामले में पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में तीन हत्यारोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। यह प्रक्रिया बुधवार को होनी थी, लेकिन छुट्टी पड़ जाने के कारण एक दिन टल गई थी। इस हत्याकांड में पुलिस ने ट्यूशन टीचर के प्रेमी को मुख्य आरोपी बनाया है। वहीं, टीचर और उसके प्रेमी के दोस्त को सहयोगी बताया गया है।

एक नजर

लाभार्थियों को बांटे स्वीकृति व प्रमाण पत्र

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर लाभार्थियों को स्वीकृति व प्रमाण-पत्र बांटे गए। कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम से शिक्षा विभाग नदारद रहा। जिला नगरीय विकास अभिकरण से आए जूनियर इंजीनियर कृष्ण कुमार व संतोष यादव ने प्रधानमंत्री आवास व स्वनिधि योजना के प्रमाण पत्र बांटे। बाल विकास परियोजना द्वारा स्टॉल के माध्यम से बच्चों का अन्नप्राशन व महिलाओं की गोद भराई कराई गई। ईओ अशोक खरवार, सीडीपीओ प्रवीण कुमार, मंडल अध्यक्ष केके सिंह, हरि कृष्ण आदि मौजूद रहे।

किसान के खाते से 2.80 लाख रुपये किए पार

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : कस्बा हैदरगढ़ स्थिति एक बैंक की शाखा में साइबर जालसाजों ने केसीसी बनते ही किसान के खाते से लाखों रुपये पार कर दिए। चार माह बाद एसपी के आदेश पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर हैदरगढ़ पुलिस जांच कर रही है। थाना सुबेहा के ओहरामऊ गांव निवासी किसान अनिल कुमार सिंह पुत्र माता बक्श सिंह ने चार माह पहले केनरा बैंक की हैदरगढ़ शाखा से किसान क्रेडिट कार्ड बनवाया। उसका किसान क्रेडिट कार्ड 2 लाख 80 हजार रुपये का बना। इसके बाद 22 अगस्त 2023 को वह केसीसी का पैसा निकालने के लिए बैंक पहुंचा। वह बैंक पहुंचा तो पता चला कि उसके खाते का सारा धन साइबर ठगों ने उड़ा दिया है। थाना हैदरगढ़ और सुबेहा की पुलिस सीमाविवाद में उसे टरकाती रही। इस पर एसपी के पास पहुंचा तो केस दर्ज किया गया। पुलिस जांच कर रही है।

मारपीट के मामलों में अभियुक्तों को अर्थदंड

बाराबंकी, अमृत विचार : लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में गुरुवार को विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अभियुक्तों को अर्थदंड की सजा सुनाई। रामसनेहीघाट कोतवाली में दर्ज मारपीट व गाली-गलौज के मामले में भिटरिया निवासी अभियुक्त बब्लू खां उर्फ चांदबाबू को दोषी मानते हुए न्यायालय उठने तक की सजा व पांच सौ रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया। देवा थाने में दर्ज मारपीट के मामले के महमूदाबाद गांव निवासी अभियुक्त गोपाली तथा रामपुर निवासी हरिश्चंद्र को दोषी मानते हुए न्यायालय उठने तक की सजा और एक-एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

मानहानि मामले में राहुल के अधिवक्ता ने मांगा समय

सुलतानपुर, अमृत विचार : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने एमपी-एमएलए की कोर्ट में हाजिर होकर कारवाई के लिए मौका मांगा। साथ ही उन्होंने परिवाद पत्र की प्रति की भी मांग की है। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि राहुल गांधी को सम्मन अभी हाल ही में मिला है, परंतु भारत जोड़ो न्याय यात्रा के परिपेक्ष्य में वर्तमान समय में नागालैंड से आसाम में जनसंपर्क कार्यक्रम में व्यस्त हैं।

कोर्ट ने सुनवाई के लिए 20 फरवरी की तारीख नियत की है। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का केस दर्ज कराया था।

अपनी जटा से खींच राम रथ को अयोध्या ले जा रहे बद्री

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार : अयोध्याधाम में इन दिनों जश्न का माहौल है। देश ही नहीं बल्कि विदेशों से रामभक्त अयोध्या पहुंचने लगे हैं। सबको प्रभू श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा को बेसब्री से इंतजार है। वर्षों पुराना सपना जब साकार होने जा रहा है तो हर कोई अपनी अलग-अलग तरीके से उपस्थिति दर्ज कराने को आतुर है। कोई हजारों किमी पैदल यात्रा कर रहा है तो कोई गुणगान करते हुए नंगे पैर ही चल रहा है। इन्हीं में से संत बद्री बाबा।

शिखा रूपी जटा से खींचकर रामरथ को अयोध्या लेकर जाते संत बद्री बाबा।

अपना शिखा रूपी जटा से श्रीराम रथ खींचकर अयोध्या के लिए निकल पड़े हैं। वह भी को पांच-दस किमी नहीं बल्कि साढ़े पांच सौ किमी से अपनी शिखा से श्रीराम रथ को खींच रहे हैं। बुधवार देर शाम जब रथ लेकर लालगंज पहुंचे तो उन्हें देखने के लिए हुजूम उमड़ पड़ा। मध्य प्रदेश के दमोह जिले की बटियागढ़ तहसील से अपनी शिखा रूपी जटा से बांधकर सामाजिक समरसता श्री राम रथ खींचते हुए अयोध्या धाम जा रहे श्री संत बद्री बाबा बुधवार की रात लालगंज नगर में ठहरे। गुरुवार सुबह श्री भैरवनाथ मंदिर, श्री शीतला मंदिर, श्री हनुमान मंदिर का दर्शन कर पुनः रथ खींचते हुए लालगंज नगर का भ्रमण करते हुए रायबरेली की ओर रवाना हो गए। इस अवसर पर मीडिया से मुखातिब उनके गुरु कनिष्ठ शंकराचार्य श्री श्री 1008 आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि अभी तक राजाराम को अयोध्या का राजा कहा जाता था, लेकिन अब तीनों लोकों का राज्य अयोध्या धाम से ही चलेगा। सिर की शिखा से श्री राम रथ को खींचकर अयोध्या ले जाना हिंदुओं के लिए गौरव की बात है।

संजय सेतु को फिर खतरा, धंसने की आशंका

परेशानी

▸▸ एप्रोचों में आईं दरारें, रेंगता रहा ट्रैफिक, क्षतिग्रस्त ज्वाइंटरों की मरम्मत का कार्य हुआ शुरू

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग के संजय सेतु पर फिर खतरा मंडरा रहा है। इसके एपोचों में फिर दरारें आ गई हैं। जानकारी पर कर्मचारी पहुंचे और आनन-फानन में मरम्मत कार्य शुरू कराया। क्षतिग्रस्त ज्वाइंटरों के मरम्मत कार्य के चलते ट्रैफिक दिनभर कछुए की तरह रेंगता रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ माह पूर्व पुल के ज्वाइंटों को सही किया गया था। अगर संबंधित विभागीय अधिकारियों ने गुणवत्तापरक ढंग से मरम्मत कार्य करवाया होता तो पुनः इतनी जल्द एप्रोचों में दरारें न आती। हालांकि, जानकारों का कहना है कि जब संजय सेतु का निर्माण हुआ था, तब इस पर ट्रैफिक और गाड़ियों की संख्या न के बराबर थी लेकिन वर्तमान में प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहन इस पुल से गुजरते हैं। आए दिन इसके ज्वाइंटरों में पड़ रही दरारें बता रही हैं कि अकेले पुल पर कितना भार है। इसी भार के चलते 6 से 8 महीने में सेतु का कोई न कोई ज्वाइंटर क्षतिग्रस्त हो जाता है। यदि समय रहते नया पुल नहीं बनाया गया तो बड़ी दुर्घटना का खतरा बना रहेगा।

संजय सेतु की मरम्मत करते कर्मचारी। अमृत विचार

छुट्टा जानवर से टकराई बाइक, छात्रा की मौत

बनीकोडर बाराबंकी

अमृत विचार : गुरुवार को सड़क पर घूम रहे छुट्टा जानवर से टकरा कर परीक्षा देने के बाद बाइक से लौट रही छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक चला रहा उसका भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

कोतवाली क्षेत्र के उमरापुर तालुक मजरे कंधईपुर निवासी सगे भाई-बहन कामेंद्र शुक्ला (25) पुत्र हुकुम चंद्र शुक्ला, मुस्कान शुक्ला (22) बीए अंतिम वर्ष की परीक्षा देकर गुरुवार देर शाम अमानीगंज रुदौली से घर लौट रहे थे। अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर नारायणपुर मोड़ के पास छुट्टा जानवर आ जाने से बाइक टकरा गई। दोनों हाईवे पर गिर गए। स्थानीय लोगों के अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मुस्कान को मृत घोषित कर दिया। दोनों भाई-बहन अमानीगंज स्थित सैमसी महाविद्यालय में पढ़ रहे थे।

दुर्घटना

▸▸ परीक्षा देकर लौटते समय हुआ हादसा, बाइक चला रहा भाई गंभीर रूप से हुआ घायल

सार-संक्षेप

एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ छेड़छाड़ का केस

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : मामूली विवाद में विपक्षियों ने एक महिला के साथ छेडछाड़ कर उसकी पिटाई कर दी। पीडित महिला ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गयी तो पीड़िता ने एसपी से गुहार लगायी। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गावं की महिला का आरोप है कि बीती 12 जनवरी को गांव के ही मिन्टू व दलेन्दर से पुरानी रंजिश के चलते विवाद हो गया। दोनों आरोपियों ने जातिसूचक गालियां देते हुए उससे छेड़छाड़ कर उसकी पिटाई की। उसे बचाने उसका पति मौके पर पहुंचा तो उसे भी पीटने का प्रयास किया। पीडित महिला ने घटना की सूचना स्थानीय कोतवाली में दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीडिता ने एसपी के यहां गुहार लगाई। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया।

तीन लाख हारकर चोर बन गया इंजीनियर, गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : 18 दिन पूर्व ट्रैक्टर चोरी के मामले में स्वाट, सर्विलांस व कोठी पुलिस की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन बरामद कर लिया। इनमें से एक आरोपी इलेक्ट्रिक इंजीनियर है और ऑनलाइन गेम में तीन लाख हार गया था। रकम की भरपाई करने के लिए साथियों के साथ उसने ट्रैक्टर चोरी किया था। इस मामले में फरार एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। इसका खुलासा गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) डा. अखिलेश नारायण ने किया। एएसपी ने बताया कि 30 दिसंबर को कोठी थाना क्षेत्र के दरावपुर गांव निवासी आकाश कुमार वर्मा का ट्रैक्टर चोरी हुआ था। घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक ने स्वाट टीम के प्रभारी अनिल कुमार पांडेय, सर्विलांस के प्रभारी रमाकांत भारती व कोठी के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सिंह की टीम को लगाया था। बुधवार को टीम ने असंद्रा थाना क्षेत्र के अमर सिंह मदारपुर निवासी अभिषेक कुमार वर्मा व छूलापाही निवासी मनीष वर्मा उर्फ विजय प्रसाद वर्मा को गिरफ्तार कर चोरी का ट्रैक्टर व तमंचा बरामद किया जबकि फरार मोहित वर्मा की पुलिस तलाश कर रही है। एसपी ने बताया कि चोरों का एक गिरोह है जो अपने शौक पूरा करने के लिए कार से घूमकर रेकी करते थे। उसके बाद रात में कार से ही चोरी करते थे। पूछताछ में मनीष ने बताया कि वह इलेक्ट्रिक इंजीनियर है। उसके पिता ने उसे धान खरीदने के लिए तीन लाख रुपये दिए थे। इस रकम को वह महादेवा एप पर जुए में हार गया था। भरपाई के लिए उसने ट्रैक्टर चोरी किया था।

25 हजार का इनामी दुष्कर्म का आरोपी किया गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या एसटीएफ की टीम ने गुरुवार को 25 हजार के इनामी दिल्ली और अयोध्या कोतवाली से किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म व पुलिस अभिरक्षा से फरार आकाश निषाद उर्फ़ गोलू को गिरफ्तार किया है। इकाई के प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि मूल रूप से अंबेडकरनगर के जलालपुर थाना क्षेत्र स्थित कोरी का पुरवा निवासी और अयोध्या कोतवाली के बनवारी का पुरवा में रहने वाले आकाश निषाद को मौनी बाबा अंडरपास से गिरफ्तार किया गया है। अयोध्या कोतवाली पुलिस ने इसका किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म के मामले में चालान किया था और न्यायिक अभिरक्षा में उपचार के दौरान जिला अस्पताल से फरार हो गया था। जिसमें सुरक्षा में तैनात सिपाही निलंबित हुए थे और रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। इसके खिलाफ दिल्ली के बुराड़ी थाने में भी अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की रिपोर्ट पंजीकृत है। उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी को अयोध्या कोतवाली पुलिस के हवाले किया गया है।

फरवरी तक पूरी करें परियोजनाएं : डीएम

समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फरवरी में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर सकते हैं। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने गुरुवार को 50 लाख से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान इस आशय के संकेत दिए। डीएम ने कार्यदायी एजेंसियों को प्रत्येक दशा में फरवरी माह तक सभी परियोजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य दिया। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के भवन निर्माण कर रही संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। हिदायत दी कि प्रत्येक दशा में पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को संबंधित विभागों को हस्तगत करा दें। कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार भवन में डीएम ने सर्वप्रथम पूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि पूर्ण परियोजनाओं को तत्काल सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर कर दिया जाए। सहायक परियोजना प्रबन्धक यूपीप्रोसीएल यूनिट-14 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में हास्टल एवं एकेडमिक ब्लाक के निर्माण मे तीव्र प्रगति लाते हुए इस माह के अन्त में सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय को पूर्ण करते हुए हैंडओवर करनें के निर्देश दिए। डीएम ने समस्त अधिशासी अभियंताओं, परियोजना प्रबंधकों को निर्देशित किया कि परियोजनाओं को फरवरी तक पूर्ण कराएं।

गैर इरादतन हत्या के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

बाराबंकी, अमृत विचार : गैर इरादतन हत्या के अभियुक्त को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

मामला देवा कोतवाली क्षेत्र का है। हरदोई जिले के कछौना थाना क्षेत्र के बहदीन निवासी सरोजनी ने 20 मार्च 2021 को देवा कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके गांव के निवासी सुधान ने पति लालजी च देवर की पिटाई कर दी। इसमें गंभीर रूप से घायल पति की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस पर पुलिस ने आरोपी सुधान पर गैर इरादतन हत्या व जानलेवा हमले का केस दर्ज किया। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वैज्ञानिक साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल कर दिया। मामले की सुनवाई कर रही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त सुधान को दोषी मानते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

मेहमानों से विनम्र व्यवहार करें पुलिसकर्मी

गोष्ठी

▸▸ पुलिस अधीक्षक ने मातहतों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सुरक्षा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एसपी ने गुरूवार को मातहतों के साथ बैठक की। एसपी ने कहाकि प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के बाद से पुलिस चुनावी मोड में दिखे। इसकी रूपरेखा तय कर ली जाए।

पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। इसकी सुरक्षा को लेकर पुलिसकर्मियों को ड्यूटी प्वाइंट के साथ जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इसके लिए होने वाले यातायात डायवर्जन व जनमानस की सुरक्षा की जिम्मेदारी में कमी न रहे, इसे लेकर वह स्वयं जवाबदेह होंगे। आने वाले मेहमानों के साथ पुलिस का व्यवहार विन्रम दिखे। इसके बाद लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दें। चुनावी विवाद वाले पोलिंग स्टेशनों को चिहिंत करने के साथ अराजकतत्वों का चिंहांकन कर लें। पुलिस के रुकने वाले स्थानों को चिंहित करने के साथ वहां की व्यवस्थाओं को भली-भांति जांच ले। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह, एएसपी उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, सीओ व थानों के चुनाव के नोडल अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

हाईवे की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते पुलिस अधीक्षक।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कुल्हड़ की चाय पर फ्री देंगे नमकीन, फलाहार भी होगा उपलब्ध, परिचय-पत्र के साथ एप्रन व पगड़ी में नजर आएंगे वेटर

रामभक्तों को शाकाहारी व्यंजन पर ऑफर देंगे रामपथ के रेस्त्रां

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी

अमृत विचार : अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला के बिग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर चहुंओर राममय वातावरण के साथ भगवा लहरा रहे हैं। साथ ही रामधुन भी गूंज रही है। इसे लेकर जहां तैयारियां अंतिम चरण में हैं, वहीं अयोध्या आने वाले मेहमानों के स्वागत में रामपथ के रेस्त्रां खास ऑफर लेकर आए हैं। रामभक्तों को शाकाहार लजीज व्यंजनों पर विशेष ऑफर मिलेगा तो कुल्हड़ वाली चाय के साथ नमकीन व बिस्कुट भी दिया जाएगा। फलाहार का भी इंतजाम किया गया है। इसके साथ ही साफ-सफाई का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। होटल व रेस्त्रां के कर्मचारी परिचय -पत्र के साथ एप्रिन व पगड़ी में नजर आएंगे।

पूर्वांचल के प्रवेश द्वार और राजधानी लखनऊ से सटे बाराबंकी में 48 किमी लंबे रामपथ के बाद अयोध्या की सीमा शुरू होती है। इस दूरी में रामपथ के दोनों ओर छोटे-बड़े मिलाकर करीब पांच दर्जन रेस्त्रां, होटल व ढाबे हैं। प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर हाईवे के किनारे के होटल व ढाबे भी सज-संवरकर अयोध्या आने वाले मेहमानों के स्वागत को आतुर हैं। इनके आस-पास साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था ही नहीं, बड़ी-बड़ी होर्डिंस व वॉल पेंटिग मेहमानों के स्वागत में पांव-पांवड़े बिछाए हैं। प्रत्येक रामभक्त उनके यहां रुककर शुद्व शाकाहारी स्वादिष्ठ व्यंजन का लुफ्त ले और जब-जब रामनगरी आए, वहां रुके, इसकी होड़ लगी है। इसे लेकर रेस्त्रां संचालकों ने लुभावने ऑफर भी रखे हैं। किसी ने खाने के साथ मुफ्त में खीर तो किसी ने अन्य मिष्ठान परोसने की तैयारी की है। रामसनेहीघाट में एक रेस्त्रां ने तो खाने के बाद यहां का मशहूर सोठ वाला गुड़ परोसने का इंतजाम किया है। नगर कोतवाली क्षेत्र में दारापुर के निकट एक रेस्त्रां पर कुल्हड़ वाली चाय के साथ नमकीन व बिस्कुट मुफ्त देने का इंतजाम है। इसके साथ ही भोजन थाल पर भी ऑफर है। रेस्त्रां पर व्रत व उपवास रखने वालों के फलाहार का इंतजाम भी होगा। यह ऑफर 21 जनवरी से लागू होगा। इसके लिए होटल व ढाबा संचालकों ने बकायदा होर्डिंग लगाने की तैयारी की है।

> हाईवे के होटलों पर गुणवत्ता पूर्व भोजन मिले, इसे लेकर एफएसडीए की टीम लगातार निरीक्षण कर रही है। होटलों व ढाबों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जगह- जगह डस्टपिन रखे होंगे तो भोजन व चाय परोसने वाले एप्रन पहनने के साथ बालों को ढकने के लिए पगड़ी भी लगाएंगे। सभी होटलकर्मियों के परिचय-पत्र गले में होंगे। इस पर एफएसडीए की टीम बराबर नजर रख रही है। -**प्रियंका सिंह**, खाद्य सुरक्षा अधिकारी

रामभद्राचार्य के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर बसपा नेता गिरफ्तार

हरदोई, अमृत विचार। रामभद्राचार्य के खिलाफ सोशल मीडिया पर टिप्पणी करना बसपा नेता को भारी पड़ गया। बताते चलें कि बसपा नेता सर्वेश जनसेवा ने रामभद्राचार्य को लेकर गुरुवार को सोशल मीडिया पर अशोभनीय टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी को लेकर लोगों ने काफी आक्रोश जताया। कई हिंदू संगठनों ने आपत्ति जताते हुए कार्यवाही की मांग की। कुछ ही समय में मामला जंगल की आग की तरह फैल गया। प्रकरण पुलिस के संज्ञान में पहुंचने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। बताते चले कि सर्वेश पूर्व में विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। कई शैक्षिक संस्थाओं से जुड़े सर्वेश विभिन्न राजनैतिक दलों की परिक्रमा भी कर चुके हैं। लेकिन रामभद्राचार्य के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना उन्हें भारी पड़ गया है।

एक नजर

संस्कृत में शपथ लेने वाले विधायकों का होगा सम्मान

जयपुर : राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी संस्कृत में शपथ लेने वाले 21 विधायकों को शुक्रवार को सम्मानित करेंगे। संस्कृत भारती के जयपुर प्रांत मंत्री कृष्णकुमार कुमावत ने एक बयान में बताया कि राजस्थान की सोलहवीं विधानसभा में 21 नवनिर्वाचित विधायकों ने संस्कृत भाषा में शपथ लेकर संस्कृत के संरक्षण में सहयोग किया है और राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। कृष्णकुमार कुमावत ने बताया कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, संस्कृतभारती, भारती मासिक पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में शुक्रवार को सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह में विधानसभा अध्यक्ष प्रोफेसर वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि होंगे।

डीपफेक पर गेमिंग साइट के खिलाफ एफआईआर दर्ज

मुंबई। सचिन तेंदुलकर द्वारा उनके एक डीपफेक वीडियो पर चिंता जताए जाने के बाद मुंबई पुलिस ने एक गेमिंग साइट और एक फेसबुक पेज के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस वीडियो में उन्हें गेमिंग से जुड़े एक एप का प्रचार करते हुए दिखाया गया था।

जंगली हाथी शहर में पहुंचा, 6 घंटे कैद में रहे लोग

बारिपदा। ओडिशा में सिमिलिपाल राष्ट्रीय उद्यान से एक जंगली हाथी गुरुवार तड़के मयूरभंज जिले के बारिपदा शहर में घुस आया, जिसकी दहशत के कारण लोग घंटों अपने घरों में दुबके रहे। बाद में लोगों ने उसे वापस जंगल में खदेड़ दिया। शहर में गुरुवार सुबह उस समय दहशत व्याप्त हो गई, जब एक हाथी समिलिपाल राष्ट्रीय उद्यान का रास्ता भटककर मानव आबादी क्षेत्र में घुस आया। अधिकारियों ने बताया कि एक वायरल वीडियो में हाथी को शहर में एक जगह से दूसरी जगह दौड़ते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

गहलोत सरकार के फैसलों की समीक्षा करेगी भाजपा सरकार

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान की नवगठित भजनलाल शर्मा सरकार की पहली मंत्रिमंडल बैठक गुरुवार को हुई, जिसमें गत कांग्रेस सरकार द्वारा कार्यकाल के अंतिम दौर में किए गए फैसलों की समीक्षा करवाने और राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) की मुख्य परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने सहित कई फैसले किए गए। इसके साथ ही सरकार ने भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र 'संकल्प पत्र' को नीतिगत दस्तावेज घोषित कर दिया। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने मीडिया को यह जानकारी दी।

राठौड़ ने कहा, 'आज की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि पूर्ववर्ती राज्य सरकार द्वारा पिछले छह महीने में लिए गए निर्णयों की एक समिति समीक्षा करेगी। समिति अपनी समीक्षा रिपोर्ट तीन महीने में मुख्यमंत्री को पेश करेगी।' राठौड़ ने कहा कि भाजपा के 2023 विधानसभा चुनाव के 'संकल्प पत्र' को राजस्थान की भजनलाल सरकार ने नीतिगत दस्तावेज का दर्जा दिया है। उनके अनुसार इसी तरह लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि 2008 को बहाल करने का फैसला किया गया है। पूर्ववर्ती राज्य सरकार द्वारा इसे बंद कर दिया गया था।

▸▸ राजस्थान में भाजपा के संकल्प पत्र को नीतिगत दस्तावेज का दर्जा

राठौड़ ने कहा, 'इससे आपातकाल में लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ने वाले मीसा बंदियों को फिर से पेंशन मिलेगी। इन्हें 20,000 रुपए प्रति माह की पेंशन एवं 4000 रुपए मासिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।' उन्होंने कहा कि 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने की जो घोषणा पार्टी ने अपने 'संकल्प पत्र' में की थी, उसे एक जनवरी से लागू कर दिया गया है। राज्य में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से जुड़े लगभग 70 लाख परिवार सहित 72.83 लाख परिवार इसके पात्र हैं। प्रत्येक परिवार को एक माह में एक सिलेंडर सब्सिडी पर दिया जाएगा।

राज्य मंत्रिमंडल ने इसके साथ ही राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) की इसी महीने प्रस्तावित मुख्य परीक्षा की तारीख को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। इस अवसर पर मौजूद मंत्री किरोड़ी मीणा ने कहा, 'सरकार ने आंदोलनकारी अभ्यर्थियों की मांग को उचित मानते हुए परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने का फैसला किया है।

वहीं संघ लोकसेवा आयोग की तर्ज पर राजस्थान लोकसेवा आयोग भी अपना परीक्षा कैलेंडर जारी करेगा।' उल्लेखनीय है कि अभ्यर्थी परीक्षा को आगे बढ़ाने को लेकर यहां धरना दे रहे थे। बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान के अनुसार राज्य मंत्रिपरिषद की पहली बैठक मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पिछली सरकार द्वारा विगत छह माह में लिए गए प्रशासनिक निर्णयों एवं आचार संहिता लागू रहने के दौरान किए गए फैसलों की समीक्षा करने के लिए मंत्रियों की समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।

पूर्ववर्ती सरकार की इन योजनाओं पर कैंची

राजस्थान की पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार ने अपने अंतिम छह महीने में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे। महिलाओं को निशुल्क मोबाइल फोन, नए जिले बनाने, नि:शुल्क राशन समेत सभी निर्णयों का अब भजनलाल सरकार रिव्यू करेगी। राजस्थान विश्वविद्यालय में बीते करीब दो सप्ताह से धरने पर बैठे आरएएस मुख्य परीक्षा के अभ्यर्थियों की मांग को भी कैबिनेट ने स्वीकार कर लिया है। अभ्यर्थी बड़ी संख्या में आरएएस की मुख्य परीक्षा की स्थगित कर पढ़ाई के लिए अधिक समय दिए जाने की मांग कर रहे थे।

आदित्य ठाकरे के करीबी को ईडी की हिरासत में भेजा

मुंबई : शिव सेना (यूबीटी) के पदाधिकारी सूरज चव्हाण को कोविड-19 महामारी के दौरान प्रवासियों को खिचड़ी के वितरण में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में 22 जनवरी तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया गया। ईडी ने अदालत से कहा कि एक वरिष्ठ नेता (आदित्य ठाकरे) का करीबी होने के कारण आरोपी महामारी के दौरान लोगों के बीच खिचड़ी की आपूर्ति के लिए एक फर्म की खातिर आदेश हासिल करने में कामयाब रहा। उद्धव ठाकरे नीत शिव सेना (यूबीटी) की युवा इकाई की कोर कमेटी के सदस्य चव्हाण को एजेंसी ने बुधवार को गिरफ्तार किया था।

ऑनलाइन गेम पासवर्ड के विवाद में दोस्तों ने किशोर की हत्या की

कोलकाता, एजेंसी

▸▸ पासवर्ड साझा नहीं किया तो चार दोस्तों ने ले ली जान

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में ऑनलाइन मोबाइल गेम का पासवर्ड साझा करने को लेकर हुए विवाद में एक किशोर की उसके चार दोस्तों ने हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि 10वीं कक्षा के छात्र पपाई की उसके चार करीबी दोस्तों ने एक मोबाइल ऑनलाइन गेम के लिए पासवर्ड साझा करने पर असहमति के बाद हत्या कर दी। आरोपी युवकों को पकड़ लिया गया है।

पुलिस ने बताया, 'ये पांच युवक फरक्का बैराज के एक क्वार्टर में ऑनलाइन गेम खेलते थे। पपाई 8 जनवरी की शाम को बाहर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। 9 जनवरी को परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।' पुलिस ने बताया कि हत्या करने के बाद चार दोस्तों ने अपनी-अपनी बाइक से पेट्रोल निकाल कर मृतक के शव को जलाने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक, मृतक की मां ने शव के शरीर पर बने टैटू से उसकी पहचान की। पुलिस अधिकारी ने यह भी बताया कि मृतक इस ऑनलाइन गेम का इतना आदी था कि उसने इस साल अपनी प्री-बोर्ड परीक्षा भी छोड़ दी थी।

अयोध्या में भगवान राम के निमार्णाधीन मंदिर में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व गुरुवार को नई दिल्ली के पुराना किला के पास दीवारों पर उकेरी गई भगवान राम की पेंटिंग के साथ सेल्फी लेती मुस्लिम युवती।

राम मंदिर के नाम पर 16.69 लाख लोगों को लगाया चूना

अयोध्या, कार्यालय

▸▸ प्राण प्रतिष्ठा का प्रसाद, मंदिर मॉडल और सिक्कों के नाम पर लिया धन, भारतवंशी गिरफ्तार

अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रसाद, मंदिर मॉडल व सिक्का आदि की ऑनलाइन डिलीवरी के नाम पर ठगी के मामले में साइबर थाना पुलिस ने अप्रवासी भारतीय आशीष सिंह को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। वह एक शिकायतकर्ता को मैनेज करने यूएसए से राम जन्मभूमि कार्यशाला आया था। मूल रूप से गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित वैभव खंड के विंडसर पार्क निवासी आशीष खादी आर्गेनिक नामक वेबसाइट के माध्यम से 19 दिसंबर से अब तक देश-विदेश के 16.69 लाख लोगों से समारोह के प्रसाद की फ्री डिलीवरी, मंदिर मॉडल व सिक्का आदि की आपूर्ति के नाम पर साढ़े 10 करोड़ से ज्यादा का आर्डर ले चुका है। प्रकरण में खादी ग्रामोद्योग विभाग की ओर से पूर्व में लखनऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

खादी ऑर्गेनिक नामक वेबसाइट के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रसाद की फ्री और समारोह के उपलक्ष्य में टी-शर्ट, राम मंदिर मॉडल, चांदी के सिक्के, गमछा, झंडे आदि की डिलीवरी के नाम पर देश-विदेश के लोगों को ठगा जा रहा था।

मुंबई में होगा बिफ्फ का चौथा आयोजन

डॉ. तबस्सुम जहां, मुंबई

बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (बिफ्फ) का चौथा आयोजन मुंबई में होगा। इस फेस्टिवल में सिनेमा जगत से जुड़ी जानी-मानी हस्तियां शिरक़त करेंगी। यह कार्यक्रम 20 जनवरी को अंधेरी वेस्ट के वेदा कुनबा थियेटर में होगा। बॉलीवुड एक्टर डायरेक्टर प्रतिभा शर्मा तथा सुप्रसिद्ध एक्टर डायरेक्टर यशपाल शर्मा बॉलीवुड इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल के संस्थापक व आइकॉन फेस हैं।

बता दें कि बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की स्थापना प्रथम लॉकडाउन से पहले 2020 में हुई थी। तब से इसके लगातार तीन कामयाब सेशन हो चुके हैं। 2020 व 2021 में ऑनलाइन होने वाले इस फेस्टिवल का ऑफलाइन आयोजन तीसरी बार पिछले वर्ष 17-18 दिसंबर को मुंबई के ओशिवारा हारमनी मॉल अंधेरी में हुआ था।

▸▸ अंधेरी वेस्ट के वेदा कुनबा थियेटर में जुटेंगी फिल्मी हस्तियां

नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है बिफ्फ

बिफ्फ अपने तीन बरस की कामयाब यात्रा कर चुका है। वर्तमान समय के कमर्शियल दौर में बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का एक ही उद्देश्य है कि दर्शकों तक ज्यादा से ज्यादा स्तरीय व बेहतरीन फिल्में पहुंचें। फिल्म जगत से जुड़े नए लोग फिल्म जगत से जुड़ी बारीकियों को समझें, सीखें और इसका लाभ उठाते हुए कम संसाधनों के साथ भी अच्छी फिल्म का निर्माण कर सकें। बिफ्फ उन लोगों के लिए काम करता है जिनके पास प्रतिभा तो हैं परंतु मंच और अच्छे मार्गदर्शन का अभाव है। यह मंच नई प्रतिभाओं को आगे लाता है। फेस्टिवल मे होने वाली मास्टर क्लास से इन नई प्रतिभाओं को मार्गदर्शन मिलता है। फिल्म जगत से जुड़े लोग अपनी फीचर फिल्म, शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री, मोबाइल फिल्म, स्टूडेंट्स फिल्म, एनीमेशन फिल्म और म्यूज़िक वीडियो इसके अलावा सिनेमा पर आधारित पुस्तकें भी भेज सकते हैं। चयनित बेहतरीन फिल्म को वर्ष के अंत में होने वाले फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जाता है। बेहतरीन कैटेगरी को अवार्ड भी दिया जाता है।

रेलयात्री को टीटीई ने पीटा, निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ घटना का वीडियो वायरल होने के बाद रेलवे ने की कार्रवाई

एक रेल यात्री को थप्पड़ मारने और घसीटने के आरोप में रेलवे ने एक ट्रेन टिकट परीक्षक (टीटीई) को निलंबित कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर वायरल हुआ था। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, घटना गुरुवार को हुई, जब बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस के गोंडा और बाराबंकी के बीच थी।

लखनऊ मंडल के पीआरओ ने कहा कि उसके कृत्य पर कड़ा संज्ञान लिया गया है और उसे तुरंत निलंबित कर दिया है। हमने जांच बैठा दी है और उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करेंगे।

उत्तर-पूर्व रेलवे के लखनऊ मंडल के डीआरएम ने भी 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'संबंधित टीटीई को निलंबित कर दिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।' यह घटना डीआरएम के अधिकार क्षेत्र में हुई थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर लिखा, 'इस तरह के दुर्व्यवहार के लिए कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति, टीटीई को निलंबित कर दिया गया है।'

उप राष्ट्रपति धनखड़ ने स्कोप के पुरस्कार समारोह में कहा

आर्थिक राष्ट्रवाद अपनाने की जरूरत

एजेंसी, नयी दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि लोगों को आर्थिक राष्ट्रवाद में विश्वास करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'वोकल फॉर लोकल' की अवधारणा को अपनाने की जरूरत है। धनखड़ ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निकाय 'स्कोप' के पुरस्कार समारोह में यह बात कही।

उन्होंने मिट्टी के दीये, मोमबत्तियां, पर्दे और फर्नीचर के आयात पर आश्चर्य जताते हुए कहा कि इनका निर्माण स्थानीय स्तर पर भी किया जा सकता है।



▸▸ मिट्टी के दीये व मोमबत्तियों के आयात पर जताया आश्चर्य

उपराष्ट्रपति ने कहा कि समय आ गया है जब भारतीय के रूप में हमें आर्थिक राष्ट्रवाद में विश्वास करना चाहिए। देश का नुकसान उन आयातित वस्तुओं के कारण हो रहा है जिन्हें हम यहां बना सकते हैं। हम 'वोकल फॉर लोकल' की अवधारणा का सम्मान नहीं कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भी संकेत दिया है कि 'वोकल फॉर लोकल' होना आर्थिक राष्ट्रवाद के सार को समाहित करता है। 'वोकल फॉर लोकल' का आशय स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों का इस्तेमाल बढ़ाना और उसे प्रोत्साहन देना है। धनखड़ ने राजनीतिक लाभ के लिए लोगों की अनभिज्ञता का इस्तेमाल किए जाने पर अफसोस जताते हुए कहा कि अगर जानकार दिमाग, समझदार दिमाग वाले लोग भी दूसरों की अनभिज्ञता का फायदा उठाते हैं तो यह नैतिकता एवं नीति के खिलाफ है और देश के प्रति अन्याय है।

उत्तराखंड

सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंड के लिए सीएम ने की प्रधानमंत्री से भेंट

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बागेश्वर में बने ताम्र शिल्प पर आधारित उत्पाद तथा उत्तराखंड के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की सामग्री भेंट की। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के परिश्रम की सराहना की तथा उनका आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का उत्तराखंड को वेडिंग डेस्टिनेशन बताए जाने के प्रति आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की अपील के बाद उत्तराखंड में शादियों के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोगों द्वारा बुकिंग की जा रही है, इससे राज्य के लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उत्तराखंड में वेडिंग डेस्टिनेशन विकसित करने के लिए 150 करोड़ के निवेश भी प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मानसखंड मन्दिरों के प्रचार-प्रसार के लिए 'भारत गौरव मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन' देश के विभिन्न स्थानों से काठगोदाम, टनकपुर स्टेशनों के लिए संचालित करने और राज्य को केन्द्रीय पूल के कोयला आधारित संयंत्रों से 400 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत स्थायी रूप से आवंटित करने का अनुरोध किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्पाद भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

अनुरोध

- ▸▸ 1 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति मिले मानसखंड मन्दिर माला मिशन के लिए
- ▸▸ 400 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत आवंटित हो केंद्रीय पूल के कोयला आधारित संयंत्रों से
- ▸▸ मानसखंड मन्दिरों के प्रचार-प्रसार हेतु चले 'भारत गौरव मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन'

आभार

- ▸▸ प्रधानमंत्री की वेडिंग उत्तराखंड डेस्टिनेशन की अपील के बाद उत्तराखंड में बंपर बुकिंग
- ▸▸ राज्य में वेडिंग डेस्टिनेशन विकसित करने के लिए 150 करोड़ के निवेश हो चुके प्राप्त
- ▸▸ प्रधानमंत्री ने राज्य की महिलाओं के परिश्रम की सराहना की, आभार भी जताया

बाघ ने बाइक सवारों पर किया हमला, दो घायल

खटीमा, अमृत विचार : खटीमा-पूरनपुर मार्ग पर माधोटांडा की ओर से बाइक पर आ रहे ससुर दामाद पर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पूरनपुर रोड पर हुई घटना महोफ रेंज जनपद पीलीभीत क्षेत्र की बताई जा रही है। हमले के बाद इस्लामनगर निवासी जहीरूद्दीन (55) और मो अजीम (31) बाइक सहित गिर पड़े। इसी दौरान कई वाहनों के आ जाने से बाघ वहां से चला गया।

मोदी-योगी के नाम पर साइबर ठगी का मैसेज

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : राम मंदिर, भाजपा और मोदी-योगी का नाम लेकर साइबर अपराधी आम जनता को ठगने की कोशिशों में लगे हैं। उत्तराखंड पुलिस ने फेक मैसेज अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि फ्री रिचार्ज संबंधी ये मैसेज फर्जी हैं और लोग झांसे में न आएं।

इनमें प्रधानमंत्री मोदी का फोटो लगे एक मैसेज में 3 महीने का फ्री रिचार्ज देने का झांसा दिया जा रहा है। दूसरे मैसेज में लिखा गया है कि, 22 जनवरी को अयोध्या में राम मन्दिर स्थापित होने की खुशी में मोदी और योगी दे रहे हैं पूरे भारत को फ्री के 749 रुपये वाला 3 महीने का रिचार्ज। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि फ्री रिचार्ज सम्बन्धी यह मैसेज पूरी तरह से फर्जी हैं। कृपया संबंधित लिंक पर क्लिक न करें।

सावधान

▸▸ राम मंदिर के नाम पर दे रहे फ्री रिचार्ज का झांसा

शिक्षा- स्वास्थ्य के क्षेत्र में कीर्तिमान गढ़ा : रावत

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न पदों में नियुक्तियों के साथ ही नए आयामों को जोड़कर प्रदेश की शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर किया जा रहा है। दूरदराज के क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं। इस सत्र में सरकार ने मेडिकल क्षेत्र में 11 हजार पदों पर नियुक्ति करने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में भी हर ब्लॉक में स्थित डिग्री कॉलेजों में प्राध्यापक तैनात करने और इस वर्ष 25 कॉलेज को हॉस्टल दिए जाने की बात कही। चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर वह सरकार की जीत पर बहुत ही अस्वस्थ नजर आए। कहा कि पांचों लोकसभा सीट के साथ ही नगर पंचायत, नगर निगम और नगर पालिका चुनाव में सरकार बड़ी जीत दर्ज करेगी। गुरुवार को प्रदेश के शिक्षा व स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत नैनीताल पहुंचे। यहां उन्होंने नैनीताल क्लब में आयोजित कार्यक्रम में नए नियुक्त हुए स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान पत्रकार वार्ता कर उन्होंने कहा कि अभी सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में 1400 पदों पर नियुक्ति की है।

सैलानी रिक्शा स्टैंड में यात्रियों की लंबी लाइन देख रह जाते हैं दंग, हाईकोर्ट के आदेश के बाद माल रोड से पैडल रिक्शा हो जाएंगे गायब

मार्च के बाद 175 साल पुराना प्रचलन बन जाएगा इतिहास

चन्द्रेक बिष्ट, नैनीताल

अमृत विचार : सरोवर नगरी आने वाला सैलानी जब माल रोड के तल्लीताल व मल्लीताल कुमाउनी शैली में बने हुए रिक्शा स्टैंड पर पहुंचता है तो वहां टिकट लेने के लिए लोगों की लंबी लाइन देखकर अचरज में पड़ जाता है।

शायद ऐसा देश के किसी शहर में होता हो। यह नैनीताल की 175 साल पुरानी परंपरा है। इस परंपरा में वर्ष 1858 में शामिल हुए हाथ के रिक्शे अब प्रचलन में नही हैं। लेकिन वर्ष 1942 से आज तक शामिल रहने वाले पैडल रिक्शे इस साल मार्च- अप्रैल में इतिहास बन कर रह जाएंगे। नैनीताल हाईकोर्ट ने ई रिक्शा की संख्या 10 से बढ़ाकर 50 करने का आदेश दिया है।

नैनीताल में अंग्रेज शासकों ने 1858 से हाथ रिक्शा का संचालन शुरू कराया। हाथ रिक्शों की मदद से ब्रिटिश लोग माल रोड से होते हुए पूरे नैनीताल की टेढ़ी मेढ़ी सड़कों का सफर तय करते थे, भारतीय लोग हाथ रिक्शा को अपनी कमर से और हाथों से खींचा करते थे, यदि भार ज्यादा हो तो दो लोग इस हाथ रिक्शा को खींचा करते थे। गवर्नर हाउस और ब्रिटिश अधिकारियों के लिए आरामदायक रिक्शे होते थे, जिन्हें झंपानी भी कहा जाता था। इनमें आरामदायक गद्दी से लेकर रात में उजाले की व्यवस्था के साथ साथ पायदान और बारिश से बचने के लिए छतरियां लगी होती थी। ब्रिटिश समय में हाथ रिक्शा अंग्रेज अधिकारियों का स्टेटस सिंबल होता था, भारतीय लोगों को इसमें बैठने की अनुमति नहीं थी, अंग्रेज़ हाथ रिक्शे में सवारी करने में अपनी शान समझते थे। नैनीताल शहर चर्चा में आने के लगभग एक शताब्दी के बाद सन् 1941 में पेडल रिक्शा की शुरुआत हुई। जिसे तल्लीताल व मल्लीताल के बीच समतल सड़क पर चलाया गया। मल्लीताल से तल्लीताल की लगभग 2 किमी की दूरी का 10 रुपया प्रति सवारी किराया इतना वाजिब की हर आम और खास के जेब में भारी नही पड़ता। संभवतः नैनीताल ही एक ऐसा शहर है, जिसमें बाकायदा रिक्शे के लिए टिकट सिस्टम है और किराया निर्धारित है।

यह भी नियम है कि सवार लाईन में लगकर टिकट लेगा। जुलाई 2021 में जब मालरोड पर ई-रिक्शा की शुरुआत हुई तो लोगों में इसके प्रति भारी उत्साह देखा गया। आज एक दर्जन ई-रिक्शा के साथ ही सैकड़ों पेडल रिक्शा माल रोड में दौड़ रहे हैं। लेकिन अब जब उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने मार्च-अप्रैल तक पैडल रिक्शों को बाहर करने व 50 ई-रिक्शा संचालित करने के आदेश के बाद पैडल रिक्शा माल रोड से गायब होकर इतिहास बन जायेंगे।

एक युग का अंत

▸▸ ई रिक्शा की संख्या 10 से बढ़ाकर 50 करने का आदेश

माल रोड पर दौड़ रहा पैडल रिक्शा।

1941 में साइकिल रिक्शा की हुई थी शुरुआत : प्रो. रावत

नैनीताल। इतिहासकार प्रो. अजय रावत के मुताबिक इसके बाद नैनीताल में 1858 से लेकर करीब 1970 के दशक तक भी नैनीताल में हाथ रिक्शा का चलन था। 1941 में साइकिल रिक्शा की शुरुआत हुई। स्थानीय प्रशासन द्वारा शान की सवारी समझी जाने वाले रिक्शे का किराया दो आना प्रति सवारी तय किया गया। 1966 में इसे चार आना किया गया, जो आज 20 रुपये प्रति रिक्शा पहुंच गया है। अब न्यायालय के आदेशों के बाद साइकिल रिक्शे इतिहास बनने जा रहे है। यह रिक्शे लोगों को इतने पसंद रहे हैं कि 1961 में माल रोड में चार पहिये वाहनों को चलने की अनुमति मिलने के बावजूद लोग इन्हीं रिक्शा में जाना मुनासिब समझते हैं।

26 को पूरे देश में किसान निकालेंगे ट्रैक्टर परेड

प्रयागराज के परेड मैदान में भारतीय किसान यूनियन की ओर से आयोजित चार दिवसीय किसान महाकुंभ के अंतिम दिन किसानों को संबोधित करते किसान नेता राकेश टिकैत।

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ भाकियू ने 16 फरवरी को किया भारत बंद का एलान

▸▸ इस दिन खेती-किसानी भी नहीं करेंगे किसान : टिकैत

अमृत विचार : संगम नगरी प्रयागराज के परेड मैदान में आयोजित भारतीय किसान यूनियन के चार दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन किसान महाकुंभ के आखिरी दिन गुरुवार को एक किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें जिले में स्थित क्रिया योग आश्रम के आचार्य योगी सत्यम ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। उन्होंने सनातन धर्म के मार्ग पर किसानों को चलने के लिए जागृत किया। इसके अलावा प्रयागराज अधिवेशन में किसानों की समस्याओं पर महत्वपूर्ण चर्चा की।

किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने हुंकार भरते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा घोषित किए गए गन्ने का मूल्य काफी नहीं है। मात्र 20 रुपये बढ़ने से किसान को निराशा है। प्रदेश का किसान 400 रुपये से अधिक गन्ना मूल्य घोषित होने की उम्मीद किए था, क्योंकि फसल की लागत दिन पर दिन बढ़ती जा रही है जबकि उसे उसकी फसल का वाजिब दाम नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी किसानों को मिलकर अपने जिलों के अंतर्गत आने वाले गांव को मजबूत करना है।

संगठन में युवा इकाई का कार्य समस्याओं के लिए ज्ञापन देना नहीं है। वह वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि हम 26 जनवरी को देश भर में ब्लॉक व तहसील स्तर पर ट्रैक्टर परेड निकालेंगे। हमने दिल्ली में हुए किसान आंदोलन में भी ट्रैक्टर परेड निकाली थी। देश का किसान 16 फरवरी को भारत बंद के साथ-साथ खेती किसानी के सभी कार्य भी एक दिन नहीं करेगा।

नहीं होंगी विश्वनाथ मंदिर के दो किमी दायरे में मांस मदिरा की दुकानें

वाराणसी : श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के दो किमी दायरे में मांस और मदिरा नहीं बिकेगा। यह प्रस्ताव नगर निगम सदन ने गुरुवार को पास किया।

सदन की बैठक की अध्यक्षता कर रहे मेयर अशोक कुमार तिवारी ने प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। इसके अलावा दालमंडी की सड़कों को चौड़ी करने और यहां पर नगर निगम की 145 दुकानों का किराया डीएम सर्किल रेट पर होगा। इन तीनों प्रस्तावों का असर मुस्लिम बहुल इलाके दालमंडी, बेनियाबाग, नई सड़क के कारोबारियों पर पड़ना तय है। सदन की बैठक में यह प्रस्ताव आदिविश्वेश्वर वार्ड के पार्षद इंद्रेश कुमार सिंह ने नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 91 (2) के तहत लाया।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भरण- पोषण के मामले में सुनवाई करते हुए की महत्वपूर्ण टिप्पणी

पति का दायित्व पत्नी से कहीं अधिक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भरण- पोषण के एक मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अगर पत्नी कामकाजी है और पर्याप्त जीविकोपार्जन कर रही है तो भी बच्चों की शिक्षा का खर्च सामान्यतः पिता द्वारा वहन किया जाना चाहिए। विवाह एक ऐसी संस्था है, जिसमें खर्चों को दोनों पार्टियों के बीच आनुपातिक रूप से साझा किया जाना आवश्यक है।

कोर्ट ने आगे कहा कि कामकाजी पत्नी होने से पति भरण-पोषण देने से छुटकारा

▸▸ सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हाई कोर्ट ने दिया हवाला

नहीं पा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने पति आशीष वर्मा द्वारा दाखिल आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने माना कि अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, कानपुर नगर द्वारा दिनांक 5.01.2023 को पारित आदेश के अनुसार सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पत्नी और उनके दो नाबालिग बच्चों को दी जाने वाली भरण-पोषण राशि न तो बहुत अधिक है, न इसमें वर्तमान बाजार स्थितियों को देखते हुए किसी भी प्रकार की कटौती की आवश्यकता है। याची के तर्कों पर विचार करते हुए कोर्ट ने माना कि पति की मासिक आय इतनी कम नहीं है कि वह भरण-पोषण की तय राशि ना दे सके। याचिका में संलग्न दस्तावेजों से पता चलता है कि वह विभिन्न प्रतिष्ठित सरकारी अस्पतालों में विशेष उपचार कर चुका है, जो आमतौर पर कम मासिक आय वाले व्यक्ति नहीं करा सकते हैं। इसके साथ ही उसकी मेडिकल रिपोर्ट से पता चलता है कि वह जिन बीमारियों से पीड़ित है, वह बहुत हद तक उसकी बुरी आदतों के कारण स्वप्रेरित है।

अपनी इन्हीं आदतों के कारण वह अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों से बचना चाहता है। इसके अलावा याची के अधिवक्ता ने बहस के दौरान बताया कि विपक्षी/पत्नी पढ़ी-लिखी है और कपड़ों की सिलाई करके 20,000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह कमा लेती है। हालांकि इसे सिद्ध करने के लिए याची कोई प्रमाणिक दस्तावेज नहीं दे सका। अंत में कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि भरण-पोषण प्रदान करने का पति का दायित्व पत्नी से कहीं अधिक है। इसके साथ ही कोर्ट ने आवेदन दाखिल करने की तारीख से दिसंबर 2023 तक भरण-पोषण का बकाया चार समान मासिक किस्तों में देना निश्चित किया, जिसमें से पहली किस्त 10 फरवरी 2024 से देय होगी। इसके अलावा आक्षेपित आदेश के निर्देशानुसार जनवरी 2024 से नियमित आधार पर ट्रायल कोर्ट के अगले आदेश तक पत्नी और बच्चों को प्रतिमाह 7000 रुपये का कुल भरण-पोषण देय होगा।

नोएडा प्राधिकरण के सामने पिछले एक महीने से 105 गांवों के किसान धरनारत हैं। गुरुवार को मांगें पूरी न होने से नाराज किसान उग्र हो गए और उन्होंने प्राधिकरण के गेट पर तालाबंदी कर दी। इस दौरान किसानों और पुलिस की नोंकझोंक भी हुई। किसान अधिग्रहित भूमि के 10 प्रतिशत भूखंड या उसके बराबर मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

क्षमता से अधिक कार्यबल वाले जिलों में स्थानांतरण की अनुमति नहीं : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने परिषदीय स्कूलों में होने वाले अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के मामले में दो जून 2023 के शासनादेश द्वारा जारी अंतर जिला और पारस्परिक स्थानांतरण नीति के खंड 4 पर विचार करते हुए पाया कि जनपद में स्वीकृत पद के सापेक्ष 30 अप्रैल 2023 तक कार्यरत अध्यापकों की संख्या के 10 प्रतिशत की अधिकतम सीमा तक अंतर्जनपदीय स्थानांतरण किए जाएंगे।

उक्त शासनादेश की व्याख्या करते हुए कोर्ट ने कहा कि कुछ जिलों में कार्यबल स्वीकृत संख्या से अधिक है, वहां अगर अंतर जिला स्थानांतरण की प्रक्रिया द्वारा अधिक शिक्षकों को शामिल होने की अनुमति दी जाती है तो पहले से

▸▸ कोर्ट ने स्थानांतरण नीति के खंड 4 की विस्तृत व्याख्या की

▸▸ न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ में हुई सुनवाई

कार्यरत शिक्षकों के अनुपात में और अधिक वृद्धि होने की संभावना है। कोर्ट ने आगे कहा कि जिन जिलों में स्वीकृत संख्या से अधिक कार्य बल है, वहां आने वाले स्थानांतरण को अनुमति न देने के राज्य के निर्णय को मनमाना नहीं कहा जा सकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने रचना और दो अन्य के साथ दर्जनों याचिकाओं को खारिज करते हुए दी। कोर्ट ने कहा कि स्थानांतरण नीति एक कल्याणकारी राज्य नीति है और किसी भी स्पष्ट मनमानी या कानून के विपरीत खंड के अभाव में इस नीति के किसी भी खंड में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता है। दरअसल याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ने तर्क दिया था कि याची इस बात से व्यथित हैं कि उन्हें वांछित जिले में स्थानांतरण की अनुमति नहीं है, क्योंकि कुछ विशेष जिलों में कार्यरत कार्यबल, स्वीकृत कार्यबल से अधिक है। इस कारण ऐसे जिलों में अंतर जिला स्थानांतरण में आने वाले आवेदनों पर विचार न किया जाना मनमाना है। उक्त जिलों में बाहर जाने वाले स्थानांतरण आवेदनों को अनुमति है, लेकिन आने वाले स्थानांतरण से इन्हें पूरी तरह से बाहर रखा गया है, जो स्थानांतरण नीति का उल्लंघन है।

अधिकारियों ने अब्दुल्ला आजम की उम्र निर्धारण के मामले में प्रस्तुत किए साक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ मामले की अगली सुनवाई अब 20 को होगी

अमृत विचार : पूर्व मंत्री आजम खां के बेटे एवं पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की उम्र निर्धारण मामले में गुरुवार को जिला न्यायालय में लखनऊ नगर निगम और केजीएमयू की शाखा क्वीन मैरी अस्पताल के अधिकारी तलब हुए। इन दोनों संस्थाओं के अधिकारियों जिला न्यायाधीश के सामने साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं।

लखनऊ नगर निगम से जारी जन्म प्रमाण पत्र में अब्दुल्ला आजम की जन्म तिथि 30 जुलाई 1990 अंकित है। इस संबंध में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार ने न्यायालय में अभिलेख प्रस्तुत किए हैं, जबकि क्वीन मैरी अस्पताल की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अंजू ने भी अब्दुल्ला आजम के जन्म से संबंधित दस्तावेज न्यायालय को उपलब्ध कराए हैं। इस कार्रवाई के उपरांत न्यायालय ने प्रकरण में सुनवाई के लिए अगली तारीख 20 जनवरी तय कर दी है। अधिवक्ता दिनेश चंद्र पाठक ने बताया कि नगर निगम व क्वीन मैरी अस्पताल की ओर से प्रस्तुत किए गए साक्ष्य में क्या कहा गया है, इस बारे में अगली पेशी पर जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि उम्र निर्धारण के संबंध में जिला न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई चल रही है। दरअसल, छजलैट के 16 साल पुराने मामले में न्यायालय ने पूर्व सांसद आजम खां और उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को दो-दो साल की सजा सुनाई थी। इस आदेश को अब्दुल्ला आजम ने चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने बताया था कि जिस वक्त घटना हुई थी, उस समय वह नाबालिग थे। उनके मामले में किशोर न्यायालय में सुनवाई होनी चाहिए थी।

शोभायात्रा के दौरान गिरा खंभा, दो महिलाओं की मौत

संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : जिले के बरखेड़ा क्षेत्र में गुरुवार शाम एक शोभा यात्रा के दौरान एक खंभा गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी सतीश शुक्ल ने बताया कि बरखेड़ा कस्बे में शाम को राम जानकी शोभा यात्रा निकाली जा रही थी जिस दौरान यात्रा में लाई गई एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बिजली के खंभे से टकरा गई और यह खंभा तीन महिलाओं पर गिर गया। उन्होंने बताया कि घटना में वसंतो देवी (60) और सोमवती (40) की मौत हो गई। इस घटना में तेजरानी

मृतक वसंतो देवी व सोमवती।

▸▸ एक अन्य घायल महिला का अस्पताल में चल रहा इलाज

नामक एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया कि हादसा उस वक्त हुआ जब यात्रा कई गलियों में घूमते हुए देवस्थान की ओर वापस आ रही थी। इस यात्रा में करीब 150 ग्रामीण शामिल थे।

भाजपाई निदा को कुबूल करना होगा थोड़ा मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ ससुराल पहुंचीं तो आला हजरत खानदान में भाजपा समर्थक पहली बहू होंगी निदा

अमृत विचार : निदा खान और उनके पति शीरान रजा के बीच करीब आठ साल पहले शुरू हुई कानूनी लड़ाई पेचीदगी और उतार-चढ़ाव के कई दौर से गुजर चुकी है। दरगाह आला हजरत जैसे बेहद सशक्त खानदान के सदस्य शीरान के आगे निदा की शुरू में कोई हैसियत नहीं थी, लेकिन यह लड़ाई जैसे-जैसे आगे बढ़ी, शीरान के लिए एक के बाद एक नई मुश्किलें खड़ी होती रहीं।

अब अदालत के निदा को घर में रखने के फैसले को शीरान के लिए सबसे बड़ी मुश्किल माना जा रहा है। दो साल पहले निदा भाजपा से जुड़ चुकी हैं। लिहाजा ससुराल पहुंचने के बाद आला हजरत खानदान में वह पहली भाजपा समर्थक बहू होंगी।

निदा खान ने 2016 में पति शीरान रजा खां के साथ अपने सास-ससुर और देवर के खिलाफ घरेलू हिंसा का केस दर्ज कराया था। इसके साथ उन्होंने ससुराल वालों पर दहेज मांगने के भी आरोप लगाए। शीरान ने उन्हें तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। शीरान और उनके परिवार वालों के साथ कानूनी लड़ाई के लिए निदा के अदालत पहुंचने के बाद एक के बाद एक उनके साथ कई घटनाएं हुईं। इस बीच निदा ने आला हजरत हेल्पिंग सोसाइटी बनाकर तीन तलाक पीड़िताओं के लिए लड़ाई लड़नी शुरू की तो वह शीरान और उनके परिवार वालों के और भी ज्यादा निशाने पर आ गईं। थोड़ी राहत उन्हें तब मिली, जब प्रदेश में सरकार बदली और सपा की जगह भाजपा आ गई।

बेहद ताकतवर ससुराल वालों से अपने बचाव के लिए निदा ने भाजपा से नजदीकी बढ़ाना शुरू किया। जनवरी 2022 में निदा खान ने लखनऊ जाकर तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। अब अदालत के फैसले ने शीरान रजा के सामने सबसे बड़ी यही मुश्किल खड़ी की है कि भाजपाई हो चुकी निदा को उन्हें पूरे सम्मान के साथ घर में रखना पड़ेगा। हालांकि शीरान के पिता उस्मान रजा खां ने अदालत के फैसले की फिलहाल कोई जानकारी होने से इन्कार किया है।

जिंदा खड़ी हूं तो भाजपा की बदौलत : निदा

निदा खान के पक्ष में फैसला वैसे तो अदालत में चल रही कानूनी लड़ाई के दौरान आया है लेकिन उन्होंने इसका श्रेय भाजपा को भी दिया है। उन्होंने कहा कि आज जिंदा खड़ी हूं तो यह भाजपा की ही देन है। इसलिए दिल से वह भाजपा की शुक्रगुजार हैं।

वर्ग पहेली-317

बाएं से दाएं

1.1. पुट्ठा 2. ढोल पर मढ़ा जाने वाला चमड़ा।

3.1. चित्तवृत्तियों का निरोध और इन्हें सांसारिकता से विमुख कर अंतर्मुखी करने की एक जटिल भारतीय साधना पद्धति 2. नाथ पंथियों में योग का एक प्रकार जिसमें कुंडलिनी जागरण कराकर 'सहस्रारचक्र' तक ले जाया जाता है। उक्त योग में कठिन आसन मुद्राओं का विधान है।

5. मृतक संबंधी एक कृत्य जो किसी की मृत्यु के छह महीने बाद किया जाता है, छमासी।

8.1. बहुत दूर या समुद्र पार का देश, पराया देश, विदेश 2. पिछली सदी में भारतीय जन सामान्य द्वारा इंग्लैंड के लिए प्रयुक्त नाम।

ऊपर से नीचे

2. अलग करने वाला, पृथक करने वाला।

4. सूर्यकांत मणि।

6. ऊंचे पहाड़ों की एक लता, निसोथ।

7.1. रेती (औज़ार) से रगड़कर काटना 2. चिकना करना 3. रेतने वाले औज़ार की धार से रगड़ना।



वर्ग पहेली - 316 का हल

		1 नि	2 गो	ड़ी		
	3 द		पी		4 ति	
	नु		चं		र	
	5 ज	6 ल	द		मि	
7 चु		8 प	न	9 भ	रा	
10 क	रें	सी		र		
ना			11 चौ	त	नी	

सुडोकू -34

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

5		3		9			6	
	7		8				5	1
4			6			3		
	3			1			4	
1		4			2		3	
			3			1		6
3				5			1	
8			4				7	3
		5			8	6		

सुडोकू - 33 का हल

8	1	2	6	7	5	3	9	4
3	6	5	1	4	9	8	2	7
9	7	4	3	8	2	5	1	6
1	9	6	5	2	7	4	3	8
2	4	3	8	6	1	9	7	5
7	5	8	4	9	3	1	6	2
6	3	1	2	5	8	7	4	9
5	2	7	9	1	4	6	8	3
4	8	9	7	3	6	2	5	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जनवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 19 .51 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11 .56-12 .38 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09 .05-09 .47, 12 .38-13 .21 तक।
दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 20 जनवरी 02 .50 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

मेष — आज कला और संगीत में आप काफी रुचि लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको नए अनुभव मिलेंगे। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयत्न करेंगे। व्यवसाय में आपको अच्छा धन लाभ हो सकता है। मृदु व्यवहार के कारण लोगों के चहेते बने रहेंगे।

वृष — आज अति आत्मविश्वास के कारण आपको परेशानी झेलनी पड़ेगी। बेवजह के मामलों में उलझ सकते हैं। बुरी संगत वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें। कारोबार में थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

मिथुन — आज सामाजिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापार में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। धार्मिक कार्यों में मन लगाएंगे। आलस्य की वजह से काम में रुकावटें आ सकती हैं।

कर्क — आज चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। नई जॉब के लिए आवेदन कर रहे हैं तो दिन शुभ है। वैवाहिक जीवन का भरपूर आनंद लेंगे। घर में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

सिंह — आज मनोरंजन संबंधित कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। रुके हुए सरकारी कार्य पूरे हो जाएंगे। बड़े अधिकारी आपसे बहुत प्रसन्न रहने वाले हैं। आपकी जीवनशैली में सुधार आएगा। कार्यक्षेत्र में आपकी बातों को विशेष महत्व मिलेगा।

कन्या — आज सुख-सुविधाओं में कमी आएगी। कही-सुनी बातों पर सहसा विश्वास न करें। संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर सावधानी रखें। काम के प्रति एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं, इसीलिए नये काम की शुरुआत न करें। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव बढ़ेगा।

तुला — आज कारोबारी अनुबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। बच्चों की उपलब्धि से हर्षित रहेंगे। निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

वृश्चिक — आज सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का प्रयास करें। सहकर्मियों का बेहतरीन सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे। यदि आप किसी काम को टालते हैं, तो भविष्य में भी उसके टलने की संभावना बढ़ जाएगी।

धनु — आज अधूरे कार्यों को समय पर निपटा लें। बच्चों को अनुशासन की शिक्षा अवश्य दें। नए प्रेम संबंधों में परेशानी आने की आशंका है। आप वही काम करना पसंद करेंगे, जो आपका शौक बन गया हो। पुरानी गलतियों के कारण आपको समस्या हो सकती है।

मकर — आज लेन-देन में की गई जल्दबाजी आपको आर्थिक हानि पहुंचा सकती है। वाणी में हल्के शब्दों का प्रयोग करना उचित नहीं है। वाहन का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आपको व्यर्थ दौड़-धूप करनी पड़ेगी, लेकिन उसका परिणाम कुछ खास नहीं मिलेगा।

कुंभ — आज नई तकनीक की जानकारी को लेकर आप काफी सजग रहेंगे। मांगलिक उत्सवों में भाग लेंगे। नौकरीपेशा लोगों का ट्रांसफर हो सकता है। व्यापार में बहुत अच्छे मौके मिलेंगे। रूपरेखा बनाकर काम करना लाभकारी सिद्ध होगा।

मीन — आज आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। लोग आपके सही काम का भी विरोध करेंगे। अपनी खानपान की आदतों पर ध्यान दें। जोखिम भरे निवेश करने से आपको बचना चाहिए। बच्चों को लेकर कुछ परेशान हो सकते है।

आज की फिल्में

होते होते प्यार हो गया
दोपहर : 12 .00

शान
रात : 07 .00

मेरी प्यारी बिंदु
सुबह : 10 .34

पीके
रात : 07 .00

हेलबॉय
सुबह : 10 .28

एक्वामैन
रात : 08 .45

वेलकम बैक
सुबह : 10 .30

द लास्ट कलर
रात : 07 .30

हम दिल दे चुके सनम
सुबह : 08 .33

भेड़िया
रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर- सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 815 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800।

आरबीआई के बुलेटिन लेख में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जताई गई उम्मीद

7% जीडीपी वृद्धि दर हासिल करने की जरूरत

मुंबई, एजेंसी

वृहद आर्थिक मोर्चे पर स्थिति बेहतर होने के साथ देश को मजबूत आर्थिक वृद्धि की गति बनाए रखने और अगले वित्त वर्ष 2024-25 में कम-से-कम 7 प्रतिशत जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर हासिल करने की जरूरत है। साथ ही आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति को काबू में कर चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने की आवश्यकता है। भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में यह उम्मीद जताई गई है।

अर्थव्यवस्था की स्थिति पर प्रकाशित लेख में कहा गया है कि विश्व अर्थव्यवस्था को लेकर निकट भविष्य में वृद्धि के मामले में संभावनाएं अलग-अलग हैं और एशिया के नेतृत्व में उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाएं बाकी दुनिया से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। इसके अनुसार-भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2023-24 में उम्मीद से अधिक मजबूत रहने का अनुमान है। यह वृद्धि उपभोग से निवेश की ओर बदलाव पर आधारित है। सरकार के पूंजीगत व्यय पर जोर से निजी निवेश बढ़ना शुरू हुआ है। प्रतिकूल तुलनात्मक आधार के कारण खाद्य वस्तुओं की महंगाई बढ़ने से मुख्य (हेडलाइन) मुद्रास्फीति दिसंबर में जरूर बढ़ी है। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्र की अगुवाई वाली टीम द्वारा लिखे गए इस लेख में कहा गया है कि सरकार ने बढ़-चढ़कर पूंजीगत व्यय किया है, उसका असर दिखने लगा है। इससे निजी निवेश बढ़ना शुरू हुआ है। देश में संभावित उत्पादन में तेजी आ रही है। वास्तविक उत्पादन इससे अधिक है। हालांकि, अंतर बना हुआ है लेकिन वह कम है। लेख में कहा गया है-वृहद आर्थिक मोर्चे पर स्थिरता है। इसको देखते हुए अगले वित्त वर्ष 2024-25 में हमारा लक्ष्य वृद्धि की गति बनाये रखते हुए कम-से-कम सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने का होना चाहिए। इसको देखते हुए मुद्रास्फीति को इस साल की दूसरी तिमाही के लक्ष्य के अनुरूप रखने की जरूरत है।

2023-24 में कोष 5.6 लाख करोड़ रुपये हो गया

लेख में कहा गया है कि अभी जो वैश्विक परिदृश्य कमजोर बना हुआ है, अगर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जारी तनाव खत्म होता है और उसके प्रभाव को जिंस और वित्तीय बाजार, व्यापार तथा परिवहन एवं आपूर्ति नेटवर्क के जरिए काबू किया जाता तो स्थिति बेहतर हो सकती है। आरबीआई ने यह साफ किया है कि बुलेटिन में प्रकाशित विचार लेखकों के हैं और यह केंद्रीय बैंक के विचारों को प्रतिनिधित्व नहीं करता है। लेख में यह भी कहा गया है कि प्राथमिक बाजार में जमा प्रमाणपत्र के जरिए जुटाया गया कोष 2023-24 में दिसंबर तक बढ़कर 5.6 लाख करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले 4.9 लाख करोड़ रुपये था। इसमें कहा गया है-दिसंबर, 2023 में बैंकों ने कर्ज वृद्धि और उस अनुपात में जमा वृद्धि नहीं होने के बीच के अंतर को पाटने के लिए एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के जमा प्रमाणपत्र (सीडी) जारी किए। यह चालू वित्त वर्ष में किसी महीने में सर्वाधिक है।

हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक 30 करोड़ होने की उम्मीद : सिंधिया

हैदराबाद। केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक बढ़कर सालाना 30 करोड़ होने की उम्मीद है। यह आंकड़ा 2023 में 15.3 करोड़ था। सिंधिया ने यहां नागरिक विमानन सम्मेलन और प्रदर्शनी- 'विंग्स इंडिया 2024' के उद्घाटन सत्र में कहा कि देश में हवाई अड्डों और बंदरगाहों की संख्या मौजूदा 149 से बढ़कर 200 से अधिक हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक सालाना 30 करोड़ यात्रियों के साथ भारत में विमानन पहुंच 10 से 15 प्रतिशत होगी। इस तरह यहां वृद्धि की गुंजाइश आगे भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में घरेलू हवाई यात्री यातायात में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

अदालत का जेट एयरवेज को 150 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने नकदी संकट से जूझ रही विमानन कंपनी जेट एयरवेज के नए मालिक जालान-कालरॉक गठजोड़ को 31 जनवरी तक एसबीआई के एस्क्रो खाते में 150 करोड़ रुपये जमा करने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया।

इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि अगर गठजोड़ ऐसा नहीं करता है तो इसका मतलब होगा कि वह एयरलाइन में नई जान डालने के लिए रखी गई समाधान योजना की शर्तों का पालन नहीं कर रहा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि प्रदर्शन बैंक गारंटी (पीबीजी) में से 150 करोड़ रुपये का समायोजन गठजोड़ पर बकाया 350 करोड़ रुपये के भुगतान में करने का राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) का फैसला सही नहीं था। यह रकम एसबीआई के एस्क्रो अकाउंट में जमा की जानी थी। एस्क्रो एक ऐसी अवधारणा है जिसमें तीसरे पक्ष के पास रखी परिसंपत्ति या धन को लेनदेन पूरा करने की प्रक्रिया में दो अन्य पक्षों की तरफ से रखा जाता है। प्रदर्शन गारंटी के तहत, प्रदर्शन या संचालन में कोई देरी होने पर बैंक को मौद्रिक मुआवजे का भुगतान करना पड़ता है। सेवा अपर्याप्त रूप से वितरित होने पर भी भुगतान करना होगा। उसने गठजोड़ की मांग के अनुरूप 150 करोड़ रुपये जमा करने का समय 31 जनवरी से बढ़ाकर 15 फरवरी करने से इनकार कर दिया।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	73,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,875
गिन्नी (प्रति नग)	47,550-47,750
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,500
चांदी तैयार	73,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,400
सोना जेवरात गिन्नी	62,400
चांदी पक्की	729 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,500
चांदी आभूषण	73,000।

डब्ल्यूटीओ में खाद्यान्न के सार्वजनिक भंडारण के मुद्दे का हो समाधान

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में खाद्यान्न के सार्वजनिक भंडारण पर स्थायी समाधान निकलने तक कृषि से संबंधित किसी भी अन्य मुद्दे पर बातचीत नहीं करेगा। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। खाद्यान्न के सार्वजनिक भंडारण का मुद्दा डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) में प्रमुखता से उठेगा। डब्ल्यूटीओ के शीर्ष निकाय की 26-29 फरवरी को अबू धाबी में बैठक होने वाली है।

अधिकारी ने अबू धाबी बैठक के संदर्भ में कहा-खाद्यान्न का सार्वजनिक भंडारण का मुद्दा सबसे लंबे समय से लंबित है। बाली में हुए पिछले सम्मेलन में सदस्यों ने इसके समाधान का वादा किया था और बाद में हुए सम्मेलनों में भी इसका समर्थन किया गया। अधिकारी ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई समाधान आए बगैर भारत कृषि से संबंधित किसी भी अन्य मुद्दे पर चर्चा में भाग नहीं लेंगे। उन्होंने कहा-यह हमारा पहला सवाल है। विकसित देशों ने राशन की दुकानों से वितरण के लिए सरकार द्वारा प्रशासित मूल्य पर किसानों से चावल और गेहूं की खरीद जैसे कार्यक्रमों पर सवाल उठाए हैं।

सैमसंग नोएडा में गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के स्मार्टफोन बनाएगी

नई दिल्ली। कोरियाई इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता सैमसंग घरेलू बिक्री के साथ ही निर्यात के लिए अपने भारतीय कारखाने में नवीनतम कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के स्मार्टफोन बनाएगी। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। कंपनी ने अपने नवीनतम फ्लैगशिप स्मार्टफोन - गैलेक्सी एस24 सीरीज का अनावरण किया। इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित अनुप्रयोगों पर खासतौर से ध्यान दिया गया है। इसमें हिंदी सहित चुनिंदा भाषाओं में तत्काल वॉयस कॉल और संदेश अनुवाद जैसे फीचर शामिल हैं।

कोल इंडिया की अनुषंगियों को इक्विटी निवेश की मिली मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **मंत्रिमंडलीय समिति ने मोदी की अध्यक्षता में लिया निर्णय**

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 2,260 मेगावाट क्षमता वाली दो ताप-विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने के लिए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स (एसईसीएल) एवं महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) को 5,607 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश की बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीईए की बैठक में सरकारी स्वामित्व वाली इन दोनों इकाइयों को इक्विटी निवेश की मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। ये दोनों सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया की अनुषंगी हैं।

बयान के मुताबिक, एसईसीएल मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) के साथ संयुक्त उद्यम के जरिये 660 मेगावाट क्षमता वाला एक ताप-विद्युत संयंत्र स्थापित करेगी। मध्य प्रदेश के अमरकंटक में प्रस्तावित इस संयंत्र का अनुमानित पूंजीगत खर्च 5,600 करोड़ रुपये होगा।

इच्छुक निर्यातकों को सूचना उपलब्ध कराने के लिए शुरू होगा पोर्टल

नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय 'आकांक्षी' निर्यातकों के लिए सीमा शुल्क के बारे में विवरण सहित सभी प्रासंगिक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अगले दो-तीन महीनों में एक ऑनलाइन मंच शुरू करेगा। विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि पोर्टल निर्यात गतिविधियों से जुड़ने के बारे में एक ही जगह पर सभी जानकारियां उपलब्ध कराने का काम करेगा। ट्रेड कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म नए और इच्छुक निर्यातकों के लिए सुविधा, विभिन्न बाजारों, क्षेत्रों, निर्यात रुझान के बारे में जानकारी देने के साथ विभिन्न नियमों के बारे में भी सूचना देगा।

राष्ट्रीय

पारदर्शी व्यवस्था से गरीबी कम हुई: मोदी

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत-संकल्प यात्रा के लाभार्थियों को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार द्वारा अपनाई गई पारदर्शी व्यवस्था, ईमानदार प्रयासों और जनभागीदारी पर जोर देने की वजह से पिछले नौ साल में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी यह नहीं सोच सकता था कि भारत में गरीबी कम हो सकती है लेकिन गरीबों ने दिखाया है कि यदि उन्हें संसाधन दिए जाएं तो यह हो सकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार पर लोगों का भरोसा हर जगह दिखाई दे रहा है। गरीबी के आंकड़ों में आई गिरावट को रेखांकित करने वाली नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने गरीबों की मदद करने के लिए अन्य देशों के सामने एक मॉडल पेश किया है और दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत उत्साहजनक रिपोर्ट है।

मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को उनकी कल्पना से परे सफलता मिली है और यह दो महीने में ही एक जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा-विकसित भारत संकल्प यात्रा पहले 26 जनवरी तक चलने वाली थी लेकिन इसको लोगों का इतना समर्थन मिला है कि अब लोगों की मांग हैं कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हमारे गांव में भी आनी चाहिए। इसलिए मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को फरवरी में भी चलाएंगे। उन्होंने कहा कि 'विकास रथ' पहले ही 70-80 प्रतिशत पंचायतों तक पहुंच चुका है, जिससे लोगों में यह विश्वास पैदा हुआ है कि कोई भी व्यक्ति इसके लाभ से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि अभी तक 15 करोड़ लोग इससे जुड़ चुके हैं।

गरीबी कम होने का आंकड़ा गलत : सुप्रिया श्रीनेत

कांग्रेस ने पिछले नौ साल में 24.82 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने संबंधी आंकड़े को गलत करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि नीति आयोग का परिचर्चा पत्र वैश्विक मानकों से हटकर तैयार किया गया है तथा किसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यह दावा भी किया कि सरकार ने 25 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज और दूसरी योजनाओं से वंचित करने की साजिश रची है। नीति आयोग के परिचर्चा पत्र के अनुसार, देश में बहुआयामी गरीबी 2013-14 में 29.17 प्रतिशत थी जो 2022-23 में घटकर 11.28 प्रतिशत रही। इसके साथ इस अवधि के दौरान 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर आए हैं।

स्कूलों में हुई भर्ती में अनियमितताओं के मामले में ईडी की छापेमारी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के स्कूलों में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में कोलकाता और उसके आसपास सात स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घोटाले में कथित तौर पर बिचौलिए के रूप में काम करने वाले लोगों के आवासों और कार्यालयों पर छापे मारे जा रहे हैं। ईडी के अधिकारी ने बताया-ये बिचौलिये धन इकट्ठा करते थे और इसे विभिन्न ठिकानों पर स्थानांतरित करते थे। हम उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए आवासों और कार्यालयों पर छापेमारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों के साथ, ईडी अधिकारियों ने कोलकाता के न्यू टाउन और नयाबाद में छापेमारी अभियान शुरू किया।

5 दोषियों ने आत्मसमर्पण के लिए और मांगा वक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

बिलकीस बानो मामला

▸▸ **दोषियों ने उच्चतम न्यायालय में दायर की याचिका**

गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के 7 सदस्यों की हत्या के मामले के 5 दोषियों ने उच्चतम न्यायालय में बृहस्पतिवार को याचिका दाखिल कर आत्मसमर्पण के लिए और वक्त दिए जाने का अनुरोध किया।

उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को आठ जनवरी को रद कर दिया था और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया था। आत्मसमर्पण की समय सीमा बढ़ाने की मांग के कारणों में खराब स्वास्थ्य, आसन्न सर्जरी, बेटे की शादी और पकी फसल की कटाई शामिल है।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ के समक्ष और वक्त दिए जाने संबंधी मामले का उल्लेख किया गया। इस पर पीठ ने रजिस्ट्री को याचिका प्रधान न्यायाधीश के समक्ष पेश करने को कहा। पीठ ने कहा-प्रतिवादियों की ओर से यह कहा गया है कि आत्मसमर्पण करने और जेल जाने के लिए समय बढ़ाने संबंधी अर्जियां दाखिल की गई हैं। पीठ का पुनर्गठन किया जाना है और क्योंकि रविवार को समय समाप्त हो रहा है, इसलिए रजिस्ट्री को पीठ के पुनर्गठन के लिए प्रधान न्यायाधीश से आदेश लेने की जरूरत है। कुछ दोषियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील वी. चिताम्बरेश ने मामले का उल्लेख किया और इसे शुक्रवार को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की, क्योंकि आत्मसमर्पण करने की समय सीमा 21 जनवरी को समाप्त हो रही है।

जिन पांच दोषियों ने राहत मांगी है, उनमें गोविंद नाई, प्रदीप मोरधिया, बिपिन चंद्र जोशी, रमेश चांदना और मितेश भट्ट शामिल हैं। नाई ने अपनी याचिका में कहा, "प्रतिवादी स्वयं एक बूढ़ा व्यक्ति है जो अस्थमा से पीड़ित है और उसका स्वास्थ्य वास्तव में खराब है। प्रतिवादी का हाल ही में ऑपरेशन किया गया था और उसे एंजियोग्राफी से गुजरना पड़ा था।

एक नजर

ईडी ने 36 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने जम्मू-कश्मीर बीमा घोटाले के सिलसिले में दो कंपनियों- रिलायंस जनरल इंश्योरेंस और ट्रिनिटी रीइंश्योरेंस ब्रोकर्स की 36 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सावधि जमाएं और जमीन कुर्क की है। केंद्रीय एजेंसी ने संपत्ति कुर्क करने के लिए धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है।

टीएमसी को रैली निकालने की मिली अनुमति

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन ही यहां 'संप्रीति रैली' आयोजित करने की बृहस्पतिवार को अनुमति दे दी। अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि रैली के दौरान शांति बनी रहे। अदालत ने 22 जनवरी को राज्य में अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती के लिए याचिकाकर्ता एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के अनुरोध पर कोई आदेश पारित नहीं किया।

अग्निपथ योजना के रिकॉर्ड साझा करने से इनकार करने के फैसले पर करें पुनर्विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **केंद्रीय सूचना आयोग ने रक्षा मंत्रालय को दिया निर्देश**

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने रक्षा मंत्रालय को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत 'अग्निपथ' सैन्य भर्ती योजना से संबंधित रिकॉर्ड का खुलासा करने से इनकार करने के फैसले पर दोबारा विचार करने का निर्देश दिया है।

मंत्रालय ने इस आधार पर रिकॉर्ड साझा करने से इनकार कर दिया कि संबंधित फाइल गोपनीय हैं। अग्निपथ योजना पर विचार-विमर्श के रिकॉर्ड मांगने वाले कार्यकर्ता विहार दुर्वे द्वारा दायर एक आरटीआई आवेदन के जवाब में, रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि फाइल को गोपनीय के रूप में वर्गीकृत किया गया था और आरटीआई अधिनियम की धारा 8 (1) (ए) के अनुसार इसका खुलासा नहीं किया जा सकता है। यह धारा एक सरकारी प्राधिकरण को ऐसी जानकारी साझा करने से इनकार करने की अनुमति देती है, जिसके प्रकटीकरण से भारत की संप्रभुता और अखंडता, राष्ट्र की सुरक्षा, रणनीतिक, वैज्ञानिक या आर्थिक हितों, अन्य देशों के साथ संबंध पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। दुर्वे ने दलील दी कि गोपनीय शब्द का उल्लेख छूट खंड में कहीं नहीं है, जिसके तहत किसी आवेदक को जानकारी देने से इनकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केवल यह कहना कि सूचना का एक हिस्सा गोपनीय है, अधिनियम की धारा 8(1)(ए) को लागू करके सूचना से इनकार करने के लिए पर्याप्त नहीं है। सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी ने कहा-रिकॉर्ड के अवलोकन से यह पता चला कि प्रतिवादी (सीपीआईओ, रक्षा मंत्रालय) ने जानकारी देने से इनकार कर दिया था, लेकिन वे यह बताने में विफल रहे कि उनके द्वारा दावा की गई छूट तत्काल मामले में कैसे लागू होगी।

उन्होंने कहा कि प्रतिवादी को आरटीआई आवेदन पर दोबारा गौर करने और आरटीआई अधिनियम की लागू छूट के अनुसार संशोधित जानकारी या उत्तर प्रदान करने का निर्देश दिया जाता है।

ईडी के चारों नोटिस गैरकानूनी : अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा चौथी बार समन भेजे जाने के बाद भी बृहस्पतिवार को केंद्रीय एजेंसी के समक्ष पेश नहीं हुए। मुख्यमंत्री ने ईडी द्वारा उन्हें तलब किए जाने को गैरकानूनी करार देते हुए दावा किया कि यह उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए रची गई एक राजनीतिक साजिश का हिस्सा है।

समन के जवाब में, केजरीवाल ने कहा कि वह दिल्ली के लिए बजट की तैयारियों में व्यस्त हैं। 15 फरवरी से शुरू होने वाले सत्र में दिल्ली का बजट विधानसभा में पेश किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने ईडी पर अपने पत्र में अपमानजनक भाषा का उपयोग करने का भी आरोप लगाया और कहा कि यह मुख्यमंत्री के संवैधानिक पद के प्रति आपके (ईडी) अनादर और मामले में आपके पूर्व निर्धारित इरादे को प्रदर्शित करता है।

राजौरी में एलओसी के पास बारूदी सुरंग में विस्फोट गश्त कर रहा अग्निवीर शहीद और 2 जवान घायल

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास गुरुवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट से तीन जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक जवान (अग्निवीर) की बाद में मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि जिस वक्त यह घटना हुई उस वक्त सैनिक नौशेरा सेक्टर के अग्रिम इलाके में गश्त कर रहे थे। राजोरी जिले के कलाल में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम चौकी पोखरा के पास गश्त के दौरान गुरुवार सुबह बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। इसमें पंजाब के लुधियाना जिले के निवासी अग्निवीर अजय सिंह शहीद हुए हैं जबकि सिपाही बलवंत और नायब सुबेदार धरमिंदर सिंह का उपचार किया जा रहा है।

कोचिंग में अचानक बेहोश होने के बाद 20 वर्षीय छात्र की मौत

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय एक छात्र की एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाई के दौरान हृदय संबंधी विकार के चलते अचानक बेहोश होने के बाद मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। छात्र के बेहोश होने की घटना कोचिंग संस्थान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर आ गया है। इस वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि कोचिंग संस्थान में छात्र महज 30 सेकंड के भीतर बेहोश होकर टेबल पर गिर जाता है और उसके सहपाठी हक्का-बक्का रह जाते हैं।

असम सरकार और मुख्यमंत्री भारत में सबसे भ्रष्ट

शिवसागर/जोरहाट (असम), एजेंसी

▸▸ **भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किया दावा**

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के असम में प्रवेश करने के बाद, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि देश में शायद सबसे भ्रष्ट सरकार और सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री इस राज्य में है। यात्रा के नगालैंड से असम में प्रवेश करने के बाद, राहुल ने शिवसागर जिले में लोगों को संबोधित करते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आलोचना की तथा कहा कि वे नफरत फैला रहे हैं और जनता का पैसा लूट रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा-शायद, भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार असम में है। आप जानते हैं कि यहां क्या हो रहा है। हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम के मुद्दों को उठाएंगे। दोपहर में, राहुल ने जोरहाट जिले के नाकाचारी के देबेरेरापार में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया और आरोप लगाया कि आदिवासियों, चाय बागान के श्रमिकों और असम के अन्य मूल निवासियों के खिलाफ भाजपा नीत सरकार कई अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा-असम में भ्रष्टाचार धड़ल्ले से हो रहा है।

जोरहाट शहर में, अपने तीसरे संबोधन में संध्या काल के दौरान राहुल ने आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा का पूरा परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त है। कहा-उनकी संतान, वह खुद और उनकी पत्नी--सभी किसी ना किसी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

गांधी परिवार भारत में सबसे भ्रष्ट : हिमंत विश्व शर्मा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि गांधी परिवार देश में सबसे भ्रष्ट है। उनका यह बयान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस आरोप के बाद आया है कि असम में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार देश में सबसे भ्रष्ट है। मुख्यमंत्री ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-गांधी परिवार देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है। यह 'न्याय यात्रा' नहीं, 'मियां यात्रा' है। जहां भी मुसलमान हैं, वे उन जगहों पर जाते हैं। 'मियां' मूल रूप से असम में बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक अपमानजनक शब्द है। हाल के वर्षों में समुदाय के कार्यकर्ताओं ने अवज्ञा के संकेत के रूप में इस शब्द को अपनाना शुरू कर दिया है। गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ी न्याय यात्रा' ने आज दिन में नगालैंड से असम में प्रवेश किया।

रिटायर्ड हर्ट या रिटायर्ड आउट... रोहित ने दिखाई सूझबूझ

अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी टी-20 में रोहित के पवेलियन लौटने पर उठ रहे सवाल

बेंगलुरू, एजेंसी

रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट हुए या रिटायर्ड आउट। अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में पहले सुपर ओवर की आखिरी गेंद से पहले जब भारतीय कप्तान पवेलियन लौटे तो सभी के जेहन में यही सवाल था। असल में रोहित ने जबर्दस्त सूझबूझ और टीम भावना का प्रदर्शन किया। भारत को मैच जीतने के लिए आखिरी गेंद पर दो रन चाहिए थे और वह चाहते थे कि विकेटों के बीच दौड़ में बेहतर रिंकू सिंह मैदान पर आएं। दूसरे सुपर ओवर में रोहित फिर रिंकू के साथ पारी का आगाज करने उतरे।

नियम के अनुसार दूसरे सुपर ओवर में बल्लेबाजी नहीं कर सकते थे रोहित

नियमों के अनुसार एक बल्लेबाज रिटायर्ड आउट हो जाए तो दूसरे सुपर ओवर में वह दोबारा बल्लेबाजी के लिए नहीं आ सकता। ऐसे में रोहित दूसरे सुपर ओवर में बल्लेबाजी के लिए कैसे उतरे। एक मैच अधिकारी ने बताया कि विरोधी कप्तान या कोच को कोई ऐतराज न हो तो बल्लेबाज दूसरे सुपर ओवर में फिर आ सकता है।

नियमों की जगह खेल पर हो चर्चा : ट्रॉट

अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि क्या हुआ, रोहित रिटायर्ड हर्ट हुए या आउट। क्या कभी दो सुपर ओवर हुए हैं। हम नये नियम बनाते रहते हैं उन्हें परखते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें नियम नहीं बताया था। भविष्य में इस तरह की चीजों की सूचना लिखित में दी जानी चाहिए। वैसे हमने अच्छा खेला और मुझे नहीं लगता कि चर्चा नियमों पर होनी चाहिए।

रोहित ने अंतरात्मा की आवाज सुनकर लिया साहसिक फैसला

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड ने रोहित शर्मा प्रशंसा की करते हुए कहा कि उन्होंने दूसरे सुपर ओवर में अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए रवि बिश्नोई के साथ जाने का साहसिक निर्णय लिया, जो सही साबित हुआ। रोहित ने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। शायद उन्होंने यह सोचा होगा कि स्पिनर के दो विकेट लेने की संभावना अधिक है। एक ओवर में 12 रन बनाना मुश्किल नहीं होता। विशेषकर जिस तरह की जानदार शॉट लगाने की क्षमता अफगानिस्तान के पास है, उसे देखते हुए तो वह आसानी से इस लक्ष्य तक पहुंच जाते। अफगानिस्तान को रोकने का एकमात्र रास्ता यही था कि उनके दोनों विकेट निकाले जाएं।

विश्व कप टीम तय नहीं पर 8-10 खिलाड़ी पक्के

बेंगलुरू, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के लिए भारत की टीम अब तक तय नहीं है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि उन्हें दस खिलाड़ी पता है जो टीम का हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा कि जब हम वनडे विश्व कप खेल रहे थे तब हमने टी-20 में कई लड़कों को आजमाया। उन्होंने अच्छा भी खेला लेकिन टीम की घोषणा हुई तो कुछ बाहर रह गए। उनके लिए यह निराशाजनक था लेकिन हमारा काम टीम के सामने हर चीज स्पष्ट रखना है।

उन्होंने कहा कि 25-30 खिलाड़ियों के पूल में सभी को पता है कि उनसे क्या अपेक्षा है। हमने विश्व कप के लिए टीम तय नहीं की है लेकिन दिमाग में तो पता है कि 8-10 खिलाड़ी कौन होंगे जो चुने ही जाएंगे।

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन से टीम को जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए कई विकल्प मिल गए हैं। कुछ पहलुओं पर काम करना होगा और इस पर विचार कर रहे हैं। जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले यह इस प्रारूप में भारत का आखिरी मैच था।

वेस्टइंडीज की पिच के हिसाब से चुनी जाएगी टीम

अधिकांश मैच वेस्टइंडीज में होंगे, जहां पिचें धीमी हैं। रोहित ने कहा कि वेस्टइंडीज में धीमी पिचें हैं तो उसके अनुसार टीम चुननी होगी। हमने टीम में स्पष्टता रखी है। कप्तानी से सीखा है कि आप सभी को खुश नहीं रख सकते। आपको टीम की जरूरत पर फोकस करना होगा।

गेंदबाजों को दबाव में लाने के लिए लेना पड़ता है जोखिम

पहले दोनों मैचों में खाता भी नहीं खोल सके रोहित ने तीसरे मैच में रिकॉर्ड पांचवां टी-20 शतक जमाया। उन्होंने कहा कि वह नेट पर काफी मेहनत कर रहे थे। गेंदबाजों को दबाव में लाने के लिए कुछ जोखिम भरे शॉट खेलने पड़ते हैं। गेंद जब स्पिन लेती है और आप सीधा नहीं खेल सकते तो कुछ नया करना पड़ता है। मैंने रिवर्स स्वीप का काफी अभ्यास किया है और टेस्ट में भी यह शॉट लगाया है।

ब्लिंकोवा ने एलीना को हराकर किया बड़ा उलटफेर

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पिछले साल की उप विजेता को दी शिकस्त, स्वियातेक तीसरे दौर में पहुंचीं

मेलबर्न, एजेंसी

शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने तीसरे सेट में 1-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2022 की उपविजेता डेनियेले कोलिंस को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में 57वीं रैंकिंग की अन्ना ब्लिंकोवा ने पिछले साल उप विजेता रहीं और 2022 विंबलडन चैंपियन एलीना रिबाकिना को महिला ग्रैंडस्लैम के सबसे लंबे टाईब्रेकर में 6-4, 4-6, 7-6 (20) से हराकर उलटफेर किया। यह 42 अंक के लिहाज से महिला मेजर का सबसे बड़ा टाईब्रेकर रहा।

चार बार की मेजर विजेता स्वियातेक का सामना अब 50वीं रैंकिंग पर काबिज लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिकी क्वालीफायर मैकार्टने केसलर पर 6-3, 1-6, 6-4 से जीत हासिल की। स्वियातेक ने शुरूआत अच्छी की और पहला सेट जीत लिया लेकिन अमेरिका की कोलिंस ने दूसरा सेट जीतकर वापसी की। वह तीसरे सेट में भी आगे थी लेकिन स्वियातेक ने अपना सारा अनुभव लगाकर उस पर विराम लगाया।

मैच जीतने के बाद अन्ना ब्लिंकोवा। ● एजेंसी

पांचवीं रैंकिंग पर काबिज जेसिका का सफर खत्म

पांचवीं रैंकिंग पर काबिज जेसिका पेगुला का सफर क्लारा बुरेल से 4-6 2-6 से हारकर खत्म हो गया। उनकी अमेरिकी साथी स्लोआने स्टीफंस ने 14वीं वरीय दारिया कासातकिना को 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। येलेना ओस्टपेंको, झेंग किनवेन, एलिना स्वितोलिना और एम्मा नवारो भी अपने मुकाबले जीतने में सफल रही। वहीं 2021 अमेरिकी ओपन चैम्पियन एम्मा राडूकानू को वांग याफान से 4-6 6-4 4-6 से हार मिली।

अल्कराज पहला सेट गंवाकर वापसी करते हुए जीते

पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज ने टूर्नामेंट में पहली बार एक सेट गंवाया लेकिन वापसी करते हुए लोरेंजो सोनेगो को 6-4, 6-7 (3), 6-3, 7-6 (3) से मात दी और अब उनका सामना चीन के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले शांग जुनचेंग से होगा जिन्होंने भारत के सुमित नागर को हराकर बाहर किया। आर्थर काजॉक्स ने होल्गर रूने को 7-6 (4), 6-4, 4-6, 6-3 से हराकर उलटफेर किया। वहीं ग्रिगोर दिमित्रोव, टॉमी पॉल, कैमरन नौरी, उगो हम्बर्ट और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे अगले दौर में पहुंच गए। ओलंपिक चैंपियन एलेक्जेंडर ज्वेरेव और कैस्पर रूड के मैच का फैसला 10 अंक के टाईब्रेकर से हुआ। ज्वेरेव ने लुकास क्लेन को 7-5, 3-6, 4-6, 7-6 (5), 7-6 (7) से और रूड ने मैक्स पुर्सेल को 6-3, 6-7 (5), 6-3, 3-6, 7-6 (7) से मात दी।

बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में पहुंची

मेलबर्न। भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने गुरुवार को पुरुष युगल मुकाबले के शुरुआती सेट में 0-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैंस की जोड़ी को हराते हुए दूसरे राउंड में पहुंच गए है। मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ने जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैन्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 4-6, 8-6 (2) से जीत हासिल की। तीसरे दौर में बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की जोड़ी से प्रतिस्पर्धा करेंगी। वहीं एक अन्य मुकाबले में विजय सुंदर प्रशांत और अनिरूद्ध चंद्रशेखर की भारतीय जोड़ी को हंगरी के मार्टन फुक्सोविक्स और फैबियन मारोजसान की जोड़ी से 3-6 4-6 से हार झेलनी पड़ी। एन श्रीराम बालाजी और रोमानिया के विक्टर व्लाड कोर्निया शुक्रवार को इटली के माटियो अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो से मुकाबला करेंगे।

जसपाल राणा को हाई परफोर्मेंस निदेशक ने शूटिंग रेंज से निकाला

नई दिल्ली, एजेंसी। महान पिस्टल निशानेबाज और मनु भाकर के निजी कोच जसपाल राणा ने गुरुवार को दावा किया कि उन्हें भारत के हाई परफोर्मेंस निदेशक पिएरे ब्यूचैंप ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज से जाने को कहा था, जिससे विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय महासंघ इस विवाद में कनाडा के ब्यूचैंप का पक्ष लेता दिख रहा है।

देश के सबसे प्रतिष्ठित निशानेबाजों में शुमार राणा ने बताया कि वह मनु की ट्रेनिंग देखने के लिए रेंज गए थे जो आगामी पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटी हैं। राणा ने कहा कि ब्यूचैंप ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा लागू मानक संचालन प्रक्रिया का हवाला देते हुए उन्हें जाने को कहा। जबकि निशानेबाज जहां अभ्यास कर रहे थे, मैं उससे काफी दूर खड़ा था लेकिन ब्यूचैंप मेरे पास आए और कहा कि मैं वहां नहीं खड़ा हो सकता और मुझे रेंज छोड़कर जाना होगा, वर्ना एनआरएआई के साथ मुश्किल में फंस जाऊंगा। राणा ने कहा कि उन्होंने बताया कि वह अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं और राष्ट्रीय कोच भी रहे हैं पर उन्होंने वहां से जाने को कहा।

खेल डायरी

फॉर्मूला ई और तेलंगाना सरकार के बीच गहराया विवाद

नई दिल्ली। हैदराबाद में इलेक्ट्रिक रेस रद होने के बाद तेलंगाना सरकार और फॉर्मूला ई के बीच दोषारोपण शुरू हो गया है। हैदराबाद ई प्री का दूसरा चरण 10 फरवरी को आयोजित किया जाना था लेकिन फॉर्मूला ई ने नई तेलंगाना सरकार पर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए रेस रद कर दी। फॉर्मूला ई तेलंगाना सरकार और ग्रींको के बीच चार साल का समझौता हुआ था। ग्रींको ने शुरुआती चरण के बाद हटने का फैसला किया था। फॉर्मूला ई ने कहा कि संबंधित मीडिया रिपोर्ट की जानकारी दी गई है जो उसने हैदराबाद ई प्री की मेजबानी के संबंध में किया था। फॉर्मूला ई ने अपनी अनुबंध के साझीदार को इन मीडिया रिपोर्ट के बाद नोटिस दिया और रेस रद कर दी। उसने कहा कि सभी आरोप गलत हैं। फॉर्मूला ई तेलगांना सरकार के साथ अपने करार के अंतर्गत अधिकारों को लागू करने के लिए सभी उपलब्ध कानूनी कार्रवाई करेगा।

पाटीदार के 140 रन पर इंग्लैंड का पलड़ा भारी

अहमदाबाद। रजत पाटीदार के नाबाद शतक के बावजूद इंग्लैंड लायंस ने पहले अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को भारत ए पर शिकंजा कस लिया। पाटीदार ने 132 गेंद में 18 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 140 रन बनाए लेकिन भारत ए टीम दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर आठ विकेट पर 215 रन ही बना सकी। इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी 8 विकेट पर 553 रन पर घोषित की थी। भारत ए अब भी 338 रन से पीछे है। तेज गेंदबाज मैथ्यू फिशर ने इंग्लैंड के लिए चार विकेट लिए, जबकि मैथ्यू पॉट और कैलम पार्किंसन को 2-2 विकेट मिले। भारत ए ने 4 विकेट 24 रन पर और 7 विकेट 95 रन पर ही गंवा दिए थे। पाटीदार एक छोर संभाले रहे, जिन्हें तुषार देशपांडे का साथ मिला। देशपांडे ने 23 रन बनाए। इंग्लैंड ने बुधवार के स्कोर 3 विकेट पर 382 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान जोश बोहानन ने 182 गेंद में 125 रन बनाए।

गोल्फ : स्नेहा सिंह ने डब्ल्यूपीजीटी खिताब जीता

मुंबई। स्नेहा सिंह ने गुरुवार को हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के दूसरे चरण के अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए सत्र का अपना पहला खिताब जीता। पिछले साल हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट की विजेता रहीं स्नेहा ने अंतिम दौर की शुरुआत ईगल से की और समापन भी ईगल से। इससे उन्होंने सात अंडर 63 का कार्ड खेला। स्नेहा ने इस तरह शीर्ष पर चल रही हिताशी बख्शी को एक शॉट से पछाड़कर खिताब जीता। स्नेहा हिताशी से चार शॉट पीछे चल रही थीं। स्नेहा (68, 73, 63) का कुल स्कोर छह अंडर 204 का रहा। हिताशी सत्र के दूसरे चरण में फिर उप विजेता रहीं, उनका कुल स्कोर पांच अंडर 205 का रहा। रिद्धिमा दिलावड़ी दो अंडर 68 के कार्ड से तीसरे स्थान पर रहीं।

तदर्थ पैनल की प्रतियोगिता में ही हिस्सा लें पहलवान

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने देश के पहलवानों को गुरुवार को सलाह दी कि वे निलंबित राष्ट्रीय महासंघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नहीं बल्कि जयपुर में तदर्थ समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लें। साक्षी ने एक्स पर एक वीडियो में कहा कि वह पहलवानों से आग्रह करती हैं कि वे तदर्थ समिति की ओर से आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ही हिस्सा लें। वे डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) की ओर से आयोजित किए जा रहे टूर्नामेंट में हिस्सा न लें। तदर्थ पैनल की ओर से आयोजित टूर्नामेंट ही मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता है। पिछले महीने डब्ल्यूएफआई का संचालन कर रही तदर्थ समिति ने जयपुर में दो से पांच फरवरी तक सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप कराने की घोषणा की थी। वहीं निलंबित कुश्ती महासंघ ने पुणे में प्रतियोगिता कराने का एलान किया है।

प्रणय क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय गुरुवार को इंडियन ओपन के पुरुष एकल मुकाबले में प्रियांशु राजावत को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए है। वहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने चीनी ताइपे के लू चिंग याओ और यांग पो हान को मात देते हुए अंतिम आठ में जगह बनाई।

प्रणय ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए हमवतन प्रियांशु को दूसरे दौर के एक घंटा और 16 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 20-22, 21-14, 21-14 से हराया। शुरुआती दौर में लक्ष्य सेन को परेशान करने वाले प्रियांशु राजावत शुरुआत में अच्छी लय में नहीं दिखे और प्रणय ने 5-2 की बढ़त बना ली। हालांकि 21 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणय के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 20-18 से स्कोर कर दिया। प्रणय दो गेम प्वाइंट बचाने में सफल रहे लेकिन अंत में वह पिछड़ गए।

इंडियन ओपन

सात्विक-चिराग ने चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया

भारत एशियाई कप में उज्बेकिस्तान से हारा

दोहा, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को एएफसी एशियाई कप के ग्रुप मैच में उज्बेकिस्तान से 0-3 से हार गई। ग्रुप बी में भारत की यह लगातार दूसरी हार है। भारत पहले मैच में खिताब के प्रबल दावेदार आस्ट्रेलिया से 0-2 से हारा था।

अहमद बिन अली स्टेडियम में भारत का प्रदर्शन आस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रदर्शन से काफी अलग दिखा। उज्बेकिस्तान ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में सीरिया से ड्रा खेला था और 102वीं रैंकिंग की भारतीय टीम के खिलाफ पहली जीत दर्ज की। 68वीं रैंकिंग पर काबिज उज्बेकिस्तान के लिए अब्बोसबेक फैजुल्लाव, इगोर सर्गेव और नसरुल्लाएव ने गोल दागे। भारत अब अंतिम ग्रुप मैच में 23 जनवरी को सीरिया से भिड़ेगा।

भारत शूटआउट में जर्मनी से 3-4 से हारा

रांची, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे सेमीफाइनल में जुझारू जज्बा दिखाया लेकिन पेनल्टी शूटआउट के सबसे अहम चरण में जर्मनी से 3-4 से पराजित हो गई। दोनों टीमें निर्धारित समय में 2-2 की बराबरी पर रहीं, जिससे मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। इस जीत से जर्मनी ने पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया है।

पेरिस के लिए क्वालीफाई करने के लिए जापान से जीतना होगा

भारत के लिए सांत्वना की बात यह है कि उसके पास ओलंपिक कोटा पक्का करने का एक और मौका है। टीम शुक्रवार को तीसरे-चौथे स्थान के मैच में जापान को हराकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकती है। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी शुक्रवार को फाइनल में अमेरिका से भिड़ेगी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी भी मैच देखने पहुंचे हुए थे। उनके उत्साहवर्धन से घरेलू टीम ने जर्मन रक्षापंक्ति को परेशान करने के लिए गजब का जज्बा दिखाया।

पेनल्टी शूटआउट में जीतने के बाद जश्न मनाते जर्मनी के खिलाड़ी। ● एजेंसी

बॉलीवुड हलचल

मेहंदी वाला घर का प्रीमियर 23 को सोनी पर

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर नए शो मेहंदी वाला घर का प्रीमियर 23 जनवरी को होगा। यह उज्जैन में रहने वाले अग्रवाल परिवार की कहानी है। इसमें शहजाद शेख, विभा छिब्बर, कंवरजीत पेंटल, करण मेहरा, श्रुति आनंद, रवि गोसाईं, रुशद राणा, अर्पित कपूर, आस्था चौधरी, गुन कंसारा, उष्मा राठौड़, खालिदा जान और रीमा वोहरा जैसे कलाकार है। विभा छिब्बर ने बताया कि जानकी सशक्त किरदार है, वो परिवार को एक साथ रखती है। उन्हें जानकी जैसा किरदार निभाने में मजा आता है। भारत के कई घरों में उनके जैसी महिलाएं मिल जाएंगी जो अपने परिवार की रीढ़ हैं। दर्शक मेहंदी वाला घर को उसी प्यार और गर्मजोशी से अपनाएंगे। मेहंदी वाला घर 23 जनवरी से हर सोमवार से शुक्रवार को रात 9:30 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

श्रेया घोषाल का रोमांटिक गाना तू मेरी है आज होगा रिलीज

संगीतकार सचिन-जिगर का रोमांटिक सिंगल तू मेरी है 19 जनवरी को रिलीज होगा। सचिन-जिगर ने कहा कि 13 साल की लंबी अवधि के बाद श्रेया घोषाल के साथ सहयोग करना अद्भुत लगता है। उसके साथ हमेशा बेहद सकारात्मक और शानदार रचनात्मक ऊर्जा काम करती रहती है। अपने नए गाने के साथ, हमने एक बार फिर जादू पैदा करने की कोशिश की है। यह गाना सोनी म्यूजिक लेबल के तहत रिलीज के लिए तैयार है। जिगर सरैया और श्रेया घोषाल ने इसे आवाज दी है। इस गाने के बोल प्रिया सरैया ने लिखे हैं।

टुर्नाई रैमडैम महोत्सव में दिखाई जाएगी स्टोलन

जंगल बुक स्टूडियो के संस्थापक गौरव ढींगरा द्वारा निर्मित और करण तेजपाल द्वारा निर्देशित स्टोलन बेल्जियम में द टुर्नाई रामडैम फेस्टिवल के प्रतिष्ठित 14वें संस्करण में दिखाई जाएगी। इसकी स्क्रीनिंग 17, 20 और 22, 24 जनवरी को निर्धारित है। इस फिल्म में अभिषेक बनर्जी की मुख्य भूमिका है। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि द टुर्नाई रामडैम फेस्टिवल में उनकी फिल्म का प्रीमियर होना हमारे लिए सम्मान की बात है। वास्तव में उत्साहित हैं और वहां मौजूद विभिन्न पृष्ठभूमि के फिल्म प्रेमियों और दर्शकों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। निर्माता गौरव ढींगरा और निर्देशक करण तेजपाल ने कहा कि वर्ष 2023 में विभिन्न फिल्म समारोहों में स्टोलन की यात्रा हमारे लिए एक अविस्मरणीय अनुभव थी। बेल्जियम में द टुर्नाई रामडैम फेस्टिवल में अपनी फिल्म की साल की पहली भव्य स्क्रीनिंग के लिए बेहद खुश हैं। ऐसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर सिनेमा के प्रति अपने जुनून को साझा करना हमारे दिलों को उत्साह और कृतज्ञता से भर देता है। फिल्म स्टोलन में अभिषेक बनर्जी के अलावा शुभम और मिया मेल्जर महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल में होगा अनुभूति का वर्ल्ड प्रीमियर

लेखक-निर्देशक अनिर्बान दत्ता की फिल्म अनुभूति का वर्ल्ड प्रीमियर रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल में होगा। इस फेस्टिवल का आयोजन नीदरलैंड के रॉटरडैम शहर में 25 जनवरी से 4 फरवरी के बीच किया जा रहा है। यह फिल्म कृष्ण भक्त मीरा बाई के जीवन को एक अनोखे अंदाज में प्रस्तुत करती है, जिन्होंने आजीवन संगीत और काव्य के माध्यम से श्रीकृष्ण के प्रति अपने प्रेम और भक्ति को व्यक्त किया। इसमें अरित्र सेनगुप्ता, शमिला भट्टाचार्य और रितिक भट्टाचार्य मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत वैशाली सिन्हा ने दिया है। वैशाली सिन्हा ने पंडित अजय चक्रवर्ती के साथ मिलकर फिल्म के गानों को अपनी आवाज से सजाया भी है। अनिर्बान दत्ता ने कहा कि अनुभूति का वर्ल्ड प्रीमियर रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल में होना गर्व की बात है। वहां सिनेमा और कला से जुड़े हुए कई दिग्गज लोगों के साथ जुड़ने का मौका भी मिल रहा है।

रवि किशन का गाना अयोध्या के श्रीराम रिलीज

अभिनेता और सांसद रवि किशन का म्यूजिक वीडियो अयोध्या के श्री राम रिलीज हो गया है। गोरखपुर के सांसद सह अभिनेता रवि किशन इसमें श्रीराम की भक्ति में झूमकर नाचते नजर आ रहे हैं। रवि किशन ने कहा कि वह आभारी हैं कि उन्हें इस वीडियो के जरिये अपनी राम भक्ति जताने का सुअवसर प्राप्त हुआ। यह सभी राम भक्तों के लिए एक छोटी सी सौगात है, जो यकीनन हरेक राम के भक्त को पसंद आएगी। इस गाने के गायक, संगीतकार और निर्देशक माधव एस राजपूत हैं। गीतकार मीनाक्षी, डीओपी शकील रेहान खान, कोरियोग्राफर रिक्की गुप्ता है।

पवन और पायल लेकर आ रहे हैं... राम आ गए

भोजपुरी स्टार पवन सिंह, बॉलीवुड की जानीमानी पार्श्वगायिका पायल देव के साथ भजन राम आ गए लेकर आ रहे हैं। यह जल्द ही अपनी धुन म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज होने वाला है। पवन सिंह ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस गाने का पोस्टर शेयर किया है। इसकी गायिका एवं संगीतकार पायल देव है, जबकि गीत कौशल किशोर ने लिखे है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

अमेरिका ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर किए हमले

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने यमन के विद्रोही समूह हूती के खिलाफ चौथे चरण के हमले की शुरुआत की है। अमेरिका के रक्षा विभाग के अधिकारियों ने बुधवार रात कहा कि अमेरिका ने यमन में ईरान समर्थित हाउती विद्रोहियों पर चौथे दौर का हमला किया है। हाउती की ओर से दागी गयीं लगभग 14 मिसाइलों के बारे में अमेरिका का कहना है कि उनका उद्देश्य लाल सागर में नौवहन पर हमले करना था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी नौसेना के जहाजों से दागी गई टॉमहॉक मिसाइलों से हाउती के ठिकानों पर हमला किया गया।

गौरतलब है कि अमेरिका ने यमन के विद्रोह समूह हूती को वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित किया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि ये हमले इस क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों आतंकवादियों की ओर से किए जा रहे हमले के जवाब में किये गये।

जवाबी कार्रवाई में अमेरिका और ब्रिटेन ने 11 जनवरी को हाउती के कई ठिकानों पर हमले किए थे। ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, नीदरलैंड और कनाडा द्वारा समर्थित ये हमले हाउती द्वारा क्षेत्र में हमलों को रोकने के अल्टीमेटम को नजरअंदाज करने के बाद शुरू हुए।

घूस लेने के आरोपी सिंगापुर के परिवहन मंत्री का इस्तीफा

सिंगापुर। सिंगापुर के परिवहन मंत्री सुब्रमण्यम ईश्वरन ने रिश्वतखोरी का आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 16 जनवरी 2024 को, भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो (सीपीआईबी) द्वारा श्री ईश्वरन को आरोपों की औपचारिक सूचना दिए जाने के बाद, उन्होंने कैबिनेट मंत्री एवं पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के सदस्य के रूप में अपना त्यागपत्र मुझे भेज दिया। ईश्वरन ने उन्हें सांसद के रूप में प्राप्त सभी वेतन राशि वापस करने के बारे में भी बताया।

पहली बार देखी गई बिना तारों वाली आकाशगंगा

ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी के वैज्ञानिकों की इस खोज ने ब्रह्मांड के रहस्यो से पर्दा उठाया

अमृत विचार, नैनीताल

बिना तारों की आकाशगंगा कल्पना से परे की बात है। मगर यह सच है कि यह संभव है। सुदूर अंतरिक्ष में बिना तारों वाली आकाशगंगा की खोज वैज्ञानिकों ने की है। ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी के वैज्ञानिकों की इस खोज ने ब्रह्मांड एक और बड़े रहस्य का पर्दाफाश किया है।

ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी के खोजकर्ता वैज्ञानिक ओ नील के अनुसार पहले यह धारणा थी कि तारों के बिना आकाशगंगा नही हो सकती। ओनिल अपने साथी वैज्ञानिकों की एक टीम साथ आकाश सर्वेक्षण करते समय जे0613 52 नामक आकाशगंगा को देखा। यह आकाशगंगा अजीब थी। जिसमे टिमटिमाते तारों जैसी कोई चीज नहीं थी। अलबत्ता गैस के विशाल बादलों का भंडार इस आकाशगंगा में फैला हुआ था।

बिना तारों वाली काली आकाशगंगा।

गैस की मात्रा भी उम्मीद से बहुत अधिक थी। ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी की दूरबीन से इस पर निरंतर नजर रखी गई। साथ ही अरेसिबो टेलीस्कोप व नानके रेडियो टेलीस्कोप से भी इसका अध्ययन किया गया। लंबे समय तक चले अध्ययन के बाद पता चला कि यह आकाशगंगा नई और अज्ञात है। दिलचस्प बात यह सामने आई कि इसका द्रव्यमान और गैस सामग्री की विशेषताएं सामान्य सर्पिल आकाशगंगा के समान ही हैं।

यह तथ्य आश्चर्य में डालने वाला था। जिसके चलते प्रत्येक दृष्टिकोण से इस आकाशगंगा से देखा गया और निष्कर्ष निकला कि यह आकाशगंगा बिना तारों की पहली आकाशगंगा है। इसकी वजह अत्यधिक मात्रा में फैली गैस है, जो तारों के निर्माण में व्यवधान डालती है।

95 प्रतिशत डार्क मैटर है इस आकाशगंगा में

जे0613 52 आकाशगंगा देखने में उसी तरह की है, जैसी हमारी अन्य अकाशगंगाएं हैं। इसका आकर सर्पिल और अण्डाकार हैं। वैज्ञानिक इसे अनियमित आकार वाली एक बौनी आकाशगंगा मान रहे हैं। जिसका पूर्णत: विकास नहीं हो पाया है। बिना तारों के होने के कारण यह काफी धुंधली नजर आती है। इसमें 95 प्रतिशत तक डार्क मैटर हो सकता है, जो तटस्थ गैसीय हाइड्रोजन को बाधित कर सकता है।

आकाशगंगा की टक्कर से बनी यह आकाशगंगा

कुछ खगोलविदों ने सुझाव दिया है कि यह काली आकाशगंगा है, जो बहुत पहले आकाशगंगा टक्कर से उत्पन्न गैस और मलबे की ज्वारीय पूंछ का हिस्सा हो सकती है। यह अनिश्चितता वाली अकशगंगा है। भविष्य में यह आकाशगंगा रिसर्च का आकर्षण बनेगी।

एक नजर

शिवसेना विधायक राजन साल्वी पर मामला दर्ज

रत्नागिरी। महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रत्नागिरि जिले में शिवसेना (यूबीटी) विधायक राजन साल्वी के कई परिसरों पर गुरुवार को छापे मारे और आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में उनके तथा उनके परिवार के दो सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसीबी की ठाणे इकाई की एक टीम ने जिले में साल्वी से जुड़े पांच परिसरों में छापेमारी की।

महुआ मोइत्रा को उच्च न्यायालय से राहत नहीं

नई दिल्ली। सरकारी बंगला खाली करने के नोटिस के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करने वाली निष्कासित लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को अदालत से गुरुवार को राहत नहीं मिली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मोइत्रा को सरकारी आवास खाली करने के लिए जारी नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। मोइत्रा ने गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में दाखिल अर्जी में चिकित्सा कारणों का हवाला देते हुए अधिकारियों को उन्हें सरकारी बंगले से बेदखल करने से रोकने का अनुरोध किया था।

मलेशिया जा रहे विमान का टायर फटा

चेन्नई। कुआलालंपुर जा रहे एक अंतर्राष्ट्रीय विमान का गुरुवार को टायर फट गया। इसमें सवार सभी 130 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विमान का पिछला टायर मलेशिया की राजधानी के लिए उड़ान भरने से कुछ वक्त पहले फट गया। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद सभी यात्रियों को उतारा गया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि विमान शुक्रवार सुबह उड़ान भरेगा।

अमेरिका ने एप्पल की घड़ियों पर लगाया प्रतिबंध

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका में एप्पल की रक्त ऑक्सीजन सेंसर वाली घड़ियां बेचने पर गुरुवार से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। अमेरिकी अपील न्यायालय ने यह आदेश दिया है। यह प्रतिबंध एक चिकित्सा उपकरण कंपनी मैसिमो के साथ बौद्धिक संपदा विवाद से उपजा है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग ने अक्टूबर में पाया कि ऐपल के रक्त ऑक्सीजन सेंसर ने मैसिमो की बौद्धिक संपदा का उल्लंघन किया है। प्रतिबंध के बाद ऐपल संबंधित उपकरण का आयात नहीं कर सकेगा जिसमें ऐपल वॉच सीरीज़ 9 और अल्ट्रा 2 शामिल हैं।

अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाज पर ड्रोन हमला, भारत की जवाबी कार्रवाई

जहाज पर लगी आग पर पाया काबू, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

अदन की खाड़ी में मार्शल द्वीप के ध्वज वाले एक वाणिज्यिक जहाज पर बुधवार रात ड्रोन हमला होने के बाद भारतीय नौसेना का मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस विशाखापत्तनम तुरंत मदद के लिए आगे आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जहाज पर नौ भारतीयों सहित चालक दल के 22 सदस्य सवार थे।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना के मिसाइल विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम ने जेनको पिकार्डी जहाज से एक आपात संदेश मिलने के लगभग एक घंटे के भीतर जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि वाणिज्यिक जहाज पर अदन बंदरगाह से 60 समुद्री मील दक्षिण में हमला किया गया। लाल सागर और अरब सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों को लेकर वैश्विक चिंताएं बढ़ रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है और जहाज पर लगी आग पर काबू पा लिया गया है।

समुद्री लुटेरों से निपटने के लिए भारत ने अदन की खाड़ी में तैनात किया आईएनएस विशाखापत्तनम। ● एजेंसी

उन्होंने बताया कि समुद्री लूट रोधी अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात आईएनएस विशाखापत्तनम ने बुधवार रात 11 बजकर 11 मिनट पर ड्रोन हमले के बाद मार्शल द्वीप के ध्वज वाले एमवी जेनको पिकार्डी के संकट में होने संबंधी आपात संदेश का शीघ्र जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना के ईओडी (विस्फोटक आयुध निस्तारण) विशेषज्ञ जहाज का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार सुबह उस पर गए। उन्होंने बताया कि ईओडी विशेषज्ञों ने गहन जांच के बाद जहाज को आगे की यात्रा के लिए मंजूरी दे दी है।

नौसेना ने कहा कि समुद्री लूट रोधी अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात मिशन आईएनएस विशाखापत्तनम ने 17 जनवरी को रात 11 बजकर 11 मिनट पर ड्रोन हमले के बाद 'एमवी जेनको पिकार्डी' के मुश्किल में फंसे होने संबंधी सूचना पर तेजी से कार्रवाई की। इसने कहा कि युद्धपोत ने सहायता प्रदान करने के लिए रात साढ़े 12 बजे जहाज को रोका।

अस्थिरता पैदा नहीं होने देंगे : नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने गुरुवार को कहा कि देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए पश्चिमी तट पर पोत तैनात किए गए हैं और किसी तरह की अस्थिरता पैदा नहीं करने दी जाएगी। अरब सागर और लाल सागर क्षेत्र में स्थिति पर नौसेना प्रमुख ने कहा कि समुद्री लूट रोधी दो अभियानों के लिए क्षेत्र में भारतीय पोत पहले से तैनात हैं। वह मीडिया से बीतचीत कर रहे थे। नौसेना प्रमुख ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने को तैनात हैं कि समुद्री क्षेत्र में हमारे राष्ट्रीय हित सुरक्षित रहें।

दक्षिणी गाजा में इजराइल का हवाई हमला, 16 की मौत, दर्जनों घायल

राफा, एजेंसी

- मृतक के परिजनों ने कहा-हम भुखमरी की कगार पर, अब हमले ने हमें किया बर्बाद

गाजा के दक्षिणी हिस्से स्थित राफा कस्बे में इजराइल द्वारा किए गए हवाई हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है जिनमें से आधे बच्चे हैं। एक चिकित्सक ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सेना इस इलाके पर अपने हमले जारी रखे हुए है और यहां के आम लोगों को दूसरे स्थानों पर शरण लेने को कहा है। इस बीच, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि फ्रांस और कतर की मध्यस्थता से हुए समझौते के तहत बुधवार को क्षेत्र में भेजी गई दवाएं हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वितरित की गई या नहीं।

हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के बाद जवाबी कार्रवाई शुरू होने के 100 से अधिक दिन बीतने के बावजूद इजराइल सबसे घातक और विनाशकारी सैन्य अभियानों में से एक को जारी रखे हुए है। इसका लक्ष्य 2007 से गाजा पर शासन करने वाले आतंकवादी समूह को खत्म करना और बंधकों को छुड़ाना है। अब इस युद्ध की चपेट में पूरे क्षेत्र के आने का खतरा बढ़ गया है। इजराइल के हमले के बाद से अब तक 24 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं और कुल 23 लाख की आबादी वाले गाजा पट्टी में 85 प्रतिशत लोग विस्थापित हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक एक चौथाई आबादी भुखमरी का शिकार है।

गाजा पट्टी के खान यूनिस में इजरायली बमबारी के बाद उठता धुआं। ● एजेंसी

राफा के अल नज्जर अस्पताल के डॉक्टर तलत बरहौउम ने राफा के हमले में लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि दर्जनों अन्य लोग घायल हुए है। एसोसिएटेड प्रेस को अस्पताल की मिली तस्वीर में दिख रहा है कि लोग अपने प्रियजनों के शव के पास विलाप कर रहे हैं। मारे गए लोगों के एक रिश्तेदार महमूद कासिम ने कहा, वे भुखमरी का सामना कर रहे हैं और अब उन पर हमले भी शुरू हो गए हैं।

यूरोपीय संघ की संसद में गाजा में स्थायी युद्ध विराम के लिए प्रस्ताव

ब्रसेल्स। यूरोपीय संघ (ईयू) के सांसदों ने गुरुवार को एक प्रस्ताव पारित कर हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध में स्थायी युद्ध विराम की मांग की। साथ ही यह शर्त लगाई कि गाजा में फलस्तीनी आतंकवादी समूह का समूल नाश कर दिया जाए तथा उसके द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों को बिना शर्त रिहा किए जाने को कहा था। प्रस्ताव के पक्ष में 312 जबकि विरोध में 131 वोट पड़े और 72 सदस्य अनुपस्थित रहे।

जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत : बंगा

दावोस, एजेंसी

- विश्व बैंक के प्रमुख ने विश्व आर्थिक मंच की बैठक में जताई चिंता
- कहा-जलवायु की परवाह किए बिना गरीबी उन्मूलन संभव नहीं

विश्व बैंक प्रमुख अजय बंगा ने गुरुवार को कहा कि जलवायु और गरीबी सहित आपस में जुड़े संकट का सामना कर रही दुनिया के लिए इससे निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के एक सत्र में विश्व बैंक के अध्यक्ष ने कहा कि हमारे सामने जलवायु संकट की समस्या है। यह हमारे अस्तित्व को लेकर संकट है। उन्होंने कहा, हम जलवायु की परवाह किए बिना गरीबी उन्मूलन के बारे में नहीं सोच सकते। हम स्वास्थ्य देखभाल की परवाह किए बिना गरीबी उन्मूलन के बारे में नहीं सोच सकते। हम खाद्य असुरक्षा की परवाह किये बिना गरीबी उन्मूलन के बारे में नहीं सोच सकते।

बंगा ने कहा कि यह वास्तविकता है और हमारे सामने कई तरह के संकट हैं, जो आपस में जुड़े हैं। इससे बचने का एकमात्र तरीका इसके समाधान के लिए तत्काल कदम उठाना है। उनके अनुसार, विश्व बैंक के वित्तपोषण का 45 प्रतिशत जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने प्रयासों पर खर्च किया जाएगा। इसके अलावा, बैंक ने 2030 तक अफ्रीका में 10 करोड़ लोगों को नवीकरणीय ऊर्जा से जोड़ने, छोटे देशों को जलवायु आपदाओं की लागत को उठाने में मदद करने और कार्बन बाजारों से लाभ सुनिश्चित करने का आदि वादा किया है।

भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की सराहना

दावोस। वैश्विक विशेषज्ञों के एक समूह ने आर्थिक असमानता कम करने में खासकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) सहित भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की सराहना की है। दावोस नवोन्मेष सप्ताह में एक परिचर्चा में विशेषज्ञों ने इस बात पर चर्चा की कि कैसे यूपीआई और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा भारत में नई ऊंचाई पर पहुंचा। इसका आयोजन वर्ल्ड इनोवेशन इकनॉमिक्स ने किया।

सोमनाथ मंदिर पहुंचीं रवीना...

फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन गुरुवार को बेटी रशा के साथ गिर स्थित सोमनाथ मंदिर पहुंची और मां-बेटी ने पूजा-अर्चना के बाद जल चढ़ाया। ● एजेंसी

म्यांमार के सैनिक हवाई मार्ग से लाए जाएंगे आइजोल

आइजोल। मिजोरम में बुधवार को प्रवेश करने वाले 276 म्यांमार सैनिकों को जल्द ही आइजोल के पास लेंगपुई हवाई अड्डे से हवाई मार्ग से लाया जाएगा। गुरुवार को राज्य के गृह विभाग के अधिकारियों ने कहा कि मिजोरम-म्यांमार-बांग्लादेश सीमा बंदुकबंगा गांव में प्रवेश करने वाले म्यांमार सेना के जवानों में से 200 को गुरुवार को लुंगलेई लाया जा रहा था। अधिकारियों ने कहा कि 76 तातमाडॉ (म्यांमार सेना) के सदस्यों को प्रस्तावित मिजोरम-म्यांमार सीमा व्यापार केंद्र ज़ोरिनपुई गांव ले जाया गया जहां उन्हें लुंगलेई भी लाया जाएगा। उन्हें असम राइफल्स के वाहनों के साथ लुंगलेई से आइजोल लाए जाने की सबसे अधिक संभावना है ताकि उन्हें आइजोल के पास अकेले लेंगपुई हवाई अड्डे से म्यांमार वायु सेना के परिवहन विमानों द्वारा एयरलिफ्ट किया जा सके।

चीन ने रचनात्मक भूमिका निभाने की पेशकश की

बीजिंग। चीन ने गुरुवार को बीते दो दिनों में पाकिस्तान और ईरान द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ मिसाइल हमले किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच उपजे तनाव को घटाने में रचनात्मक भूमिका निभाने की पेशकश की। चीन ने दोनों देशों से संयम बरतने और टकराव टालने को कहा है। पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकी ठिकानों पर गुरुवार तड़के हमले किए, जिनमें नौ लोग मारे गए। घटनाक्रम ने चीन को असमंजस में डाल दिया है क्योंकि पाकिस्तान उसका करीबी मित्र है जबकि ईरान ने हाल के वर्षों में पश्चिम एशिया क्षेत्र में चीन को अपना प्रभाव बढ़ाने में मदद की है। चीन, ईरान से काफी मात्रा में तेल का भी आयात करता है।

जनसंख्या में कमी से अर्थव्यवस्था पर असर

हांगकांग। चीन की जनसंख्या में 2023 में लगातार दूसरे वर्ष रिकॉर्ड गिरावट आने से इसकी अर्थव्यवस्था की विकास क्षमता पर गहरा असर पड़ने का अनुमान है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को कहा कि 2023 में चीन की जनसंख्या 20 .80 लाख या 0 .15 प्रतिशत घटकर 1 .409 अरब रह गई है। यह 2022 में 8 .50 लाख की जनसंख्या गिरावट से काफी ज्यादा है। नए जन्म दर की संख्या 5 .7 प्रतिशत घटकर 90 .20 लाख रह गई।

जयशंकर ने मालदीव के अपने समकक्ष के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर की बात

कंपाला, एजेंसी

- गुट निरपेक्ष आंदोलन के शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने को युगांडा पहुंचे विदेश मंत्री

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को यहां मालदीव के अपने समकक्ष मूसा जमीर से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की। युगांडा की राजधानी कंपाला में जयशंकर और जमीर के बीच बैठक भारत और मालदीव के द्विपक्षीय संबंधों में हाल की खटास के बीच हुई। जयशंकर शुक्रवार से शुरू हो रहे गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के दो-दिवसीय शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए कंपाला में हैं।

बैठक की एक तस्वीर साझा करते हुए जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, आज कंपाला में मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर से मुलाकात हुई। भारत-मालदीव संबंधों पर खुलकर बातचीत हुई। जमीर ने भी एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एनएएम शिखर सम्मेलन के दौरान जयशंकर से मिलना खुशी की बात थी। उन्होंने लिखा, हमने भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी के साथ-साथ मालदीव में चल रही विकास परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी लाने और दक्षेस तथा एनएएम के भीतर सहयोग पर चल रही उच्च-स्तरीय चर्चा पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

भारत-मालदीव संबंधों में हाल में कुछ तनाव आ गया, क्योंकि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने नवंबर में कहा कि वह भारतीय सैन्यकर्मियों को अपने देश से बाहर निकालने के चुनावी वादे को निभाएंगे। इस महीने की शुरुआत में सोशल मीडिया पर तब विवाद खड़ा हो गया, जब मालदीव के एक मंत्री और कुछ अन्य नेताओं ने लक्षद्वीप के एक समुद्र तट पर प्रधानमंत्री मोदी का एक वीडियो पोस्ट करने के बाद उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

मालदीव के साथ साझेदारी बढ़ाने को प्रतिबद्ध : जायसवाल

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को कहा कि वह मालदीव के साथ विभिन्न कल्याणकारी परियोजनाओं के कार्यान्वयन सहित अपने विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की यह टिप्पणी मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के 15 मार्च तक अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने के आह्वान के बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव के बीच आई है। उन्होंने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में एक सवाल पर कहा कि हम अपनी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम मालदीव के विकास भागीदार के रूप में वह सभी चीजें करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हम कर सकते हैं।

मालदीव द्वारा भारतीय सैनिकों की वापसी पर जोर देने के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले पर भारत-मालदीव कोर ग्रुप की दूसरी बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा। कोर ग्रुप की अगली बैठक अगले महीने की शुरुआत में नई दिल्ली में होने वाली है। माले में 14 जनवरी को कोर ग्रुप की पहली बैठक में भारतीय सैन्यकर्मियों के मुद्दे पर व्यापक चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, दोनों पक्षों ने मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने वाले भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म के निरंतर संचालन को सक्षम करने के लिए समाधान खोजने पर चर्चा की।

अमेरिका से 400 टॉमहॉक मिसाइलें खरीदेगा जापान

तोक्यो। जापान ने बढ़ते क्षेत्रीय खतरों के जवाब में अपने सैन्य तंत्र को मजबूत करने के प्रयास के तहत 400 टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों को खरीदने के लिए गुरुवारन को अमेरिका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की सरकार ने 2027 तक अपने वार्षिक रक्षा खर्च को दोगुना कर 10 हजार अरब येन (68 अरब अमेरिकी डॉलर) करने का संकल्प जताया है। ऐसा होने पर अमेरिका और चीन के बाद सैन्य तंत्र पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाला तीसरा देश जापान बन जाएगा। रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने दिसंबर में मूल योजना से एक साल पहले, वित्तीय वर्ष 2025 से कुछ टॉमहॉक और जापान निर्मित टाइप 12 सतह से जहाज तक मार करने वाली मिसाइलों की तैनाती में तेजी लाने के निर्णय की घोषणा की थी।

बढ़ी साख | केंद्रीय मंत्री ने विश्व व्यापार मंच की बैठक को किया संबोधित

दक्षिण-उत्तर के बीच पुल है भारत : ईरानी

दावोस, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को कहा कि भारत खुद को वैश्विक दक्षिण और वैश्विक उत्तर के बीच एक पुल के रूप में देखता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा भागीदार है जिस पर विस्तारित ब्रिक्स समूह के सभी सदस्य भरोसा कर सकते हैं। ईरानी ने विश्व व्यापार मंच (डब्ल्यूईएफ) की यहां सालाना बैठक में विस्तार में ब्रिक्स विषय पर आयोजित एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को ब्रिक्स सहित विभिन्न वैश्विक मंचों पर समावेशी विकास और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की ताकत के लिए एक एजेंडा तय करने पर गर्व है।

महिला एवं बाल विकास के साथ अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री ईरानी ने कहा कि भारत ब्रिक्स को एक-दूसरे से सीखने और एक-दूसरे की मदद करने के मंच के रूप में भी देखता है। उन्होंने कहा कि हम खुद को वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण के बीच एक पुल के रूप में देखते हैं। ब्रिक्स समूह में पहले ब्राजील, रूस, भारत, चीन एवं दक्षिण अफ्रीका सदस्य थे। लेकिन पिछले साल इसमें सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को भी शामिल करने पर सहमति बनी थी। इस परिचर्चा में दक्षिण अफ्रीका और यूएई के मंत्री भी शामिल हुए। उनका कहना था कि ब्रिक्स आर्थिक सहयोग का एक मंच है। कोई भी एक सदस्य इस समूह पर हावी नहीं है।

महाराष्ट्र ने 3.53 लाख करोड़ के एमओयू पर किए हस्ताक्षर

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य ने स्विट्जरलैंड के दावोस में डब्ल्यूईएफ 2024 के दौरान 3,53,675 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। शिंदे ने राज्य में वैश्विक उद्योगों के बढ़ते विश्वास के लिए निवेशकों को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बुधवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि इन एमओयू से राज्य में दो लाख से अधिक नौकरियां पैदा की जा सकती हैं। बयान में शिंदे के हवाले से कहा गया कि औद्योगीकरण, कुशल जनशक्ति और तेजी से फैसले करने पर जोर देने के साथ राज्य सरकार जनता की भलाई पर जोर दे रही है।